# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 16 जुलाई 2026


कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अवधेश नायक से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की खास बातचीत

## उनसे सवाल था-नरोत्तम के आंसुओं में भाजपा बहेगी या कांग्रेस?

# उनका जवाब था- नरोत्तम के आंसुओं की धारा किसको बहाकर ले जाएगी.. ये आगामी दिनों में समझ में आ जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अवधेश नायक का कहना है कि लोगों को लगता था कि नरोत्तम मिश्रा को भोपाल से टिकट नहीं मिला तो उनके अमित शाह से इतने अच्छे संबंध हैं कि वे दिल्ली से टिकट ले आएंगे। सोशल मीडिया में लोग कह रहे थे 12 घंटे में, 24 घंटे में नरोत्तम को ही टिकट मिलेगा, परिवर्तन होगा। नामांकन नरोत्तम मिश्रा ही दाखिल भरेंगे। यदि भाजपा के कार्यकर्ता होते तो क्या नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद के नारे लगते? नरेंद्र सिंह तोमर मुर्दाबाद के नारे लगाते? क्या नरेंद्र मोदी को बुरा-भला कहते? क्या डॉ. मोहन यादव के बारे में गालियों का प्रयोग करते? आज मुझे टिकट नहीं मिला तो कमलनाथ जी, सुरजेवाला जी या दिग्विजय सिंह जी पिता समान हैं तो उनको क्या मैं उन्हें गाली दे सकता हूं या गाली देना चाहिए, नाराजगी हो सकती है। जो लोग होंगे उन्हें ऐसा समझाया होगा कि ऐसा ही करना है। नरोत्तमजी के प्रति मेरी सहानुभूति है। ऐसी पीड़ा जो उन्हें हुई है उन्होंने 2008 में मुझे दी थी। 2014 में ऐसी पीड़ा वो मुझे दे चुके हैं। उन्होंने मेरे प्रति सहानुभूति नहीं प्रकट की थी लेकिन मैं उनका छोटा भाई जैसा हूं, बड़े भाई के लिए सहानुभूति है और माई ऐसा किसी को भी न दिखाए। उनके आंसुओं की धारा किसको बहाकर ले जाएगी ये आगामी 3-4 दिनों में समझ में आ जाएगा। अभी कुछ कहना उचित नहीं है। नायक ने बात दतिया उप चुनाव में कांग्रेस की ओर से टिकट नहीं मिलने पर 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से खास बातचीत में कही।

inh न्यूज विशेष




### यह भी बोले अवधेश नायक

- परिश्रम करने वाले चुनाव से बाहर और जो सक्रिय नहीं थे, आज वे चुनाव लड़ रहे
- दिग्विजय जी ने आरएसएस का कार्यकर्ता कहकर दो बार टिकट कटवाया, यह अखरा
- नरोत्तम ने भाजपा के बड़े नेताओं को दरकिनार किया, ये उनकी सबसे बड़ी गलती




### उनसे सीधी बात

**प्रश्न:** कितना नाराज हैं हालात से, अपने आप से, अपनी पार्टी से, किस से नाराज हैं?

**उत्तर:** निश्चित रूप से अपने आप से तो नाराज नहीं हो सकता हूं क्योंकि व्यक्ति के हाथ में परिश्रम होता है। इसकी मैंने पराकाष्ठा की और उसमें से सारे सर्वे मेरे पक्ष में थे इसलिए अपने आप से नाराज होने का कोई प्रश्न नहीं है। हां, कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व से निश्चित रूप से नाराजगी है। 2023 में जब मेरा टिकट घोषित हुआ और फिर काटा गया तो पूरे मनोयोग से प्राणप्रण से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में काम किया, कांग्रेस जीती, मेरा उसमें बड़ा योगदान रहा। 2023 में ही कमलनाथ और रणदीप सुरजेवाला ने यह आश्वासन दिया था कि अगला चुनाव आप लड़ोगे। चुनाव में इस बार भी निराशा हाथ लगी है तो निश्चित रूप से प्रदेश नेतृत्व से नाराजगी तो है ही। पिछली बार दिग्विजय सिंह ने राष्ट्रीय सेवक संघ का कहकर टिकट कटवाया था। उन्हें लगता है कि जीतने के बाद में भाजपा में चला जाऊंगा तो यह अविश्वास जो उनके मन में है और वादा करने के बाद कांग्रेस प्रदेश नेतृत्व की वादा खिलाफी की जो बात है उससे नाराजगी है और उसका परिणाम है कि मैं घर पर हूं और हमारे सब शुभचिंतक मुझे घेरे हुए हैं। देखिए, क्या निर्णय होता है।

परिस्थितियां होती हैं यह सब नियति का खेल है। बड़ी विडंबना है, इसका मैं कई बार शिकार हो चुका हूं। 2003 में पार्षद था, 25 साल की उम्र थी जब भाजपा का टिकट मिला। लेकिन, उमा भारती जी ने चुनाव में बेरूखी दिखलाई जिसके चलते बहुत कम वोटों से हार गया। दूसरे नंबर पर आया। 2008 में ▶▶ शेष पेज 13 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### रजनीश अग्रवाल ने ली राज्यसभा की सदस्यता

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को संसद भवन में नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। भाजपा) के रजनीश कुमार अग्रवाल ने हिंदी भाषा में शपथ ग्रहण की। वह मप्र से चुनकर आए हैं। वहीं, कर्नाटक से निर्वाचित कांग्रेस के मंसूर अली खान ने अंग्रेजी में शपथ ली।



#### जज को फोन मामले में पाठक पर फैसला सुरक्षित

**जबलपुर।** मप्र हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया की डिवीजन बेंच ने विधायक संजय पाठक के खिलाफ अवमानना मामले में सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान पाठक खुद कोर्ट में मौजूद रहे। उनकी ओर से अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने दलील दी।



#### अकादमिक कैलेंडर पेश करने के दिए निर्देश

**जबलपुर।** प्रदेश के शासकीय उच्च शिक्षा संस्थानों में साल 2017 से छात्रसंघ चुनाव न होने पर हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया की डिवीजन बेंच ने सरकार को दो सप्ताह के भीतर शैक्षणिक सत्र 2026-27 का अकादमिक कैलेंडर पेश करने के निर्देश दिए। इसमें गठन और चुनाव संबंधी प्रावधान स्पष्ट रूप से दर्ज होने चाहिए।



ऐसा 'आनंद' : लखन पटेल को अचानक थमा दिया 'आनंद विभाग'

# सीएम ने लखन से लिया 'पशुपालन' पहले नागर से छिन चुका वन विभाग

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

*लखन को मंत्रिमंडल से हटाया नहीं गया। वे बिना विभाग के मंत्री न रहें, इसलिए मुख्यमंत्री ने उन्हें आनंद विभाग सौंप दिया*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्य मंत्रिमंडल के गठन के बाद से अब तक अपनी टीम का विस्तार एवं फेरबदल नहीं कर पाए, अलबत्ता दूसरी बार मंत्री से उसका विभाग जरूर ले लिया गया। पहले नागर सिंह चौहान से वन विभाग लेकर कांग्रेस से आए राम निवास रावत को दिया गया था। नागर ने इस पर विरोध भी दर्ज कराया था। बाद में रावत विधानसभा का उप चुनाव हारे तो यह विभाग मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पास आ गया। अब मुख्यमंत्री ने अपने दूसरे मंत्री लखन पटेल से अचानक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ले लिया। यह कार्रवाई रातों-रात हुई।


लखन पटेल

मंगलवार की शाम पहले गजट नोटिफिकेशन जारी हुआ, इसके बाद बुधवार की सुबह मुख्यमंत्री ने पटेल को सीएम हाउस बुलाकर इसकी जानकारी दी। चूंकि लखन को मंत्रिमंडल से हटाया नहीं गया। वे बिना विभाग के मंत्री न रहे, इसलिए मुख्यमंत्री ने उन्हें आनंद विभाग सौंप दिया। गौर हो कि लखन पटेल दमोह जिले के पथरिया से दूसरी बार विधायक हैं। पहली बार 2013 में विधायक बने थे। फिर 2023 के विधानसभा चुनाव में विधायक चुने गए थे। मोहन सरकार में वह पहली बार मंत्री बने हैं। विधायक ▶▶ शेष पेज 4 पर

- ▶▶ वन के बाद पशुपालन भी मुख्यमंत्री ने रखा अपने पास
- ▶▶ मुख्यमंत्री यादव के पास अब 11 विभागों का दायित्व


आनंद विभाग

**बुधवार की सुबह मुख्यमंत्री ने पटेल को सीएम हाउस बुलाकर इसकी जानकारी दी**

**माना जा रहा है कि अब संभावित मंत्रिमंडल विस्तार का 'नया चेहरा' देखने को मिलेगा**

#### मुख्यमंत्री के पास अब 11 से ज्यादा विभाग

मुख्यमंत्री के पास पहले से ही कई अहम विभाग हैं। अब पशुपालन विभाग भी उन्हीं के पास चला गया है। उनके पास अभी सामान्य प्रशासन, गृह, जेल, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, जनसंपर्क, नर्मदा घाटी विकास, विमानन, खनिज साधन, लोक सेवा प्रबंधन, प्रवासी भारतीय, ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### पहली बार किसी मंत्री के पास सिर्फ आनंद विभाग

मध्य प्रदेश देश का ऐसा प्रथम और एकमात्र राज्य है जिसने वर्ष 2016 में आनंद विभाग का गठन किया था। अपनी 10 वर्षीय यात्रा में आनंद विभाग कभी भी स्वतंत्र रूप से किसी मंत्री को आवंटित नहीं किया गया। इसे हमेशा किसी बड़े विभाग के साथ ही किसी मंत्री को दिया जाता रहा है। इस बार यह मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पास था। आनंद विभाग के गठन के 10 वर्ष बाद पहली बार एक मंत्री केवल आनंद विभाग के ही प्रभारी रहेंगे।

ये रहा कारण?

#### स्वावलंबी गो शालाओं पर फेल हो गए थे लखन पटेल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव लंबे समय से गो-पालन के संरक्षण-संवर्धन, दूध के उत्पादन में मप्र को अव्वल बनाने की मुहिम चलाए हुए हैं। गो-पालकों और दूध उत्पादक किसानों को कई तरह की मदद दी जा रही है। प्रदेश भर में स्वावलंबी गो-शालाएं शुरू होनी थीं। इसके लिए जिन संस्थाओं का चुनाव किया गया, उन्हें लेकर लखन पटेल पर कई तरह की आरोप लग रहे थे। सरकार संतुष्ट नहीं थी, फिर भी उन्हें जमीन आवंटित करने की प्रक्रिया चल रही थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इसे लेकर लखन पटेल को समझा चुके थे। पर वे संभाल नहीं पाए। इसकी शिकायत संघ से लेकर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंची। मंगलवार को दिल्ली से एक फोन आया। इसके तत्काल बाद लखन से उनका विभाग ले लिया गया।

सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

## तीसरा बच्चा होने पर नहीं लड़ सकते चुनाव, कहा- अब बदल गया देश

**घटती फर्टिलिटी रेट के बीच नीति की समीक्षा को तैयार शीर्ष अदालत**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव लड़ने के लिए दो बच्चों के नियम की प्रासंगिकता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अदालत का मानना है कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए दशकों पहले बनाई गई यह नीति, देश में तेजी से घटती फर्टिलिटी रेट (टीएफआर) को देखते हुए शायद अपना उद्देश्य खो चुकी है।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने महाराष्ट्र की एक पूर्व महिला सरपंच को तीसरा बच्चा होने पर अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। कोर्ट ने इस नीति की वैधता की समीक्षा करने की इच्छा जताते हुए वकील रुक्मिणी बोबडे से एमिकस क्यूरी के रूप में मदद मांगी है।

#### सुप्रीम कोर्ट के 2003 के फैसले पर पुनर्विचार की जरूरत

जस्टिस नरसिम्हा ने साल 2003 के जावेद बनाम हरियाणा राज्य मामले के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि इस नीति पर दोबारा विचार करने की जरूरत है, क्योंकि अब देश बदल चुका है। 2003 के फैसले में कोर्ट ने दो बच्चों के नियम की संवैधानिक वैधता को सही ठहराया ▶▶ शेष पेज 4 पर

अमेरिकी संसद में बिल पेश

## भारत समेत रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर लग सकता है 100% टैरिफ

**रूस की आर्थिक कमर तोड़ने के लिए अमेरिका की बड़ी तैयारी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर शिकंजा कसने के लिए एक बेहद सख्त कदम उठाया है। अमेरिकी सीनेट में रूस पर प्रतिबंधों से जुड़ा एक संशोधित द्विदलीय (बायपार्टिसन) बिल पेश किया गया है। इस बिल में प्रस्ताव है कि जो भी देश रूस से ऊर्जा संसाधन खरीद रहे हैं, उन पर अमेरिका 100% तक का भारी-भरकम टैरिफ लगा सकता है। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों पार्टियों के समर्थन से लाए जा रहे इस बिल का मुख्य उद्देश्य रूस की तेल से होने वाली कमाई को रोकना है, ताकि यूक्रेन युद्ध के बीच उसकी वित्तीय और सैन्य क्षमता को कमजोर किया जा सके।

इस नए कानून के दायरे में भारत, चीन, स्लोवाकिया, हंगरी और अजरबैजान जैसे देश आ सकते हैं। बिल के शुरुआती मसौदे में तो 500% टैरिफ का प्रस्ताव था, जिसे बाद में संशोधित कर 100% किया गया। इसके अलावा, रूस के ▶▶ शेष पेज 4 पर



#### भारत का रूसी तेल आयात रिकॉर्ड स्तर पर

यह बिल भारत के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है क्योंकि भारत अपनी जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर रूसी तेल पर निर्भर है। जून 2026 में भारत ने रूस से रिकॉर्ड 26.1 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल खरीदा, जो देश के कुल तेल आयात का 52.4% है। मई की तुलना में जून में भारत के रूसी तेल आयात में करीब 39% की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे रूस लगातार भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

### मध्य प्रदेश को मिली दो बड़ी सौगातें

## 1 सीएम यादव ने इंदौर-अबू धाबी सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश के हवाई यातायात इतिहास में बुधवार को एक नया अध्याय जुड़ गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के देवी अहिल्याबाई होल्कर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रदेश की पहली सीधी अंतरराष्ट्रीय विमान सेवा इंदौर से अबू धाबी का उद्घाटन किया। टाटा समूह की विमानन कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित इस सेवा ▶▶ शेष पेज 4 पर

- समय की होगी बड़ी बचत, 3 घंटे में पूरा होगा सफर




#### क्या रहेगा शेड्यूल और किराया?

यह अंतरराष्ट्रीय उड़ान सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को संचालित होगी। सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को यह विमान ▶▶ शेष पेज 4 पर

## 2 रीवा से कोलकाता के लिए 28 जुलाई से 'हवाई सेवा'

**रीवा से भोपाल फिर यहां से कोलकाता जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

रीवा और पूरे विंध्य क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर है। आगामी 28 जुलाई से रीवा से कोलकाता के लिए नई विमान सेवा शुरू होने जा रही है। अलायंस एयर (विमान सेवा) का 72 सीटर विमान भोपाल होते हुए कोलकाता के लिए उड़ान भरेगा। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने खुद इस महत्वपूर्ण हवाई सेवा की शुरुआत की जानकारी साझा की है। शुक्ल ने बताया कि इस नई हवाई सेवा के शुरू होने से विंध्य क्षेत्र के यात्रियों को कोलकाता आने-जाने में आ रही बड़ी असुविधा से मुक्ति मिलेगी। अब तक इस रूट के यात्रियों को या तो सड़क और रेल मार्ग से बेहद लंबी व थकानभरी यात्रा करनी पड़ती थी, या फिर फ्लाइट पकड़ने के लिए दूसरे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। अब सीधे उड़ान मिलने से समय की भारी बचत होगी। यह 72 सीटर विमान रीवा से उड़ान भरकर भोपाल पहुंचेगा और वहां से कोलकाता के लिए रवाना होगा।

कैडर रिव्यू और पदोन्नति को लेकर आर-पार की जंग

## तीन दिवसीय पटवारी हड़ताल : मप्र में ठप रहेंगे राजस्व कार्य, सामूहिक अवकाश शुरू

**पटवारी संघ ने जताई एकजुटता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश पटवारी संघ ने पदोन्नति, कैडर रिव्यू और अपनी अन्य लंबित मांगों को लेकर बुधवार से तीन दिवसीय प्रदेशव्यापी आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है।

संघ के आह्वान पर 15 से 17 जुलाई तक प्रदेशभर के पटवारी सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। इसके तुरंत बाद 18 और 19 जुलाई को सरकारी अवकाश (शनिवार-रविवार) होने के कारण लगातार पांच दिनों तक प्रदेश में राजस्व से जुड़े सभी कामकाज ठप रहने की आशंका है। पटवारियों के इस सामूहिक अवकाश पर जाने से आम जनता को ▶▶ शेष पेज 4 पर



#### संघ का आरोप

संघ का आरोप है कि उनकी जायज मांगों को लेकर शासन स्तर पर लंबे समय से केवल पत्राचार ही हो रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उनका कहना है कि कैडर रिव्यू और नियमित पदोन्नति मिलने से न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि राजस्व विभाग की कार्यक्षमता में भी सुधार आएगा। आंदोलन के समर्थन में पटवारी संघ ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं दिल्ली और महाराष्ट्र की लड़कियां

प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर बेटियां रहीं

## रोहतक की बेटी ने सीएस एंट्रेंस में किया टॉप, गुनगुन को ऑल इंडिया पहली रैंक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय कंपनी सचिव संस्थान ने कंपनी सेक्रेटरी एग्जीक्यूटिव एंट्रेंस टेस्ट के जून 2026 सत्र का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया। हरियाणा के रोहतक परीक्षा केंद्र से परीक्षा देने वाली सुश्री गुनगुन ने देशभर में ऑल इंडिया प्रथम रैंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि को लेकर संस्थान ने उन्हें बधाई दी है। यही नहीं प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर लड़कियों के ही बाजी मारी है। द्वितीय स्थान पर दिल्ली की सृष्टि रहीं जबकि महाराष्ट्र के कोल्हापुर की छवि कमल मित्तल ने ऑल इंडिया रैंक में तृतीय स्थान प्राप्त किया।


गुनगुन

ऑल इंडिया एग्जाम में 67.59 प्रतिशत अभ्यर्थी सफल रहे हैं। परिणाम संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं और परीक्षार्थी अपने विषयवार अंकों सहित ई-रिजल्ट-कम-मार्क्स स्टेटमेंट भी डाउनलोड कर सकते हैं। आईसीएसआई ने बताया कि जून 2026 सत्र की सीएसईईटी परीक्षा 1 से 4 जून 2026 के बीच आयोजित की गई थी। परीक्षा परिणाम 15 जुलाई को नई दिल्ली में जारी किए गए। परिणाम के साथ प्रत्येक अभ्यर्थी के विषयवार अंक भी ऑनलाइन उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे उम्मीदवार अपने प्रदर्शन का विस्तृत मूल्यांकन कर सकेंगे। आईसीएसआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि परिणाम केवल ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया है। उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट पर अपने एप्लीकेशन नंबर और जन्मतिथि के माध्यम से लॉगिन कर ई-रिजल्ट-कम-मार्क्स स्टेटमेंट डाउनलोड कर सकते हैं। परिणाम की कोई हार्ड कॉपी डाक से नहीं भेजी जाएगी।

#### अगली परीक्षा अक्टूबर में

आगामी परीक्षा कार्यक्रम की भी घोषणा की गई है। इसके अनुसार अगला सीएसईईटी अक्टूबर 2026 सत्र 1 अक्टूबर से 6 अक्टूबर 2026 के बीच आयोजित किया जाएगा। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 जुलाई 2026 से शुरू होगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। गौरतलब है कि कंपनी सेक्रेटरी एग्जीक्यूटिव एंट्रेंस टेस्ट कंपनी सेक्रेटरी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा है। इसे भारतीय कंपनी सचिव संस्थान संचालित करता है, जो कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के अधीन संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित एक वैधानिक संस्था है।

## फूलों से सुसज्जित भगवान जगन्नाथ का रथ होगा प्रमुख आकर्षण का केंद्र

# श्री गौर राधा मदन गोपाल मंदिर से निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा आज

यात्रा में ढोल, ताशा, ब्रास बैंड, धर्म ध्वजा एवं संकीर्तन करते हुए महिला पुरुष तथा बड़े वाले महादेव मंदिर की डमरू मजीरा पार्टी शामिल होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री गौर राधा मदन गोपाल मंदिर शांति नगर बैरसिया रोड पर आज भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी हो गई है। आयोजन समिति के प्रमोद नेमा एवं दीपिका माहेश्वरी ने बताया कि बुधवार शाम 7 बजे राधा मदन गोपाल एवं भगवान जगन्नाथ बलदेव जी एवं सुभद्रा जी के आलोकिक श्रृंगार के साथ महा आरती के बाद भजन संध्या संपन्न हुई। गुरुवार को दोपहर 1 बजे भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा मंदिर परिसर से निकाली जाएगी जो बस स्टैंड, मंगलवारा, इतवारा, चौक, लखेरापुरा, सोमवारा से वापस मंदिर परिसर में संपन्न होगी इसके बाद महाप्रसादी का वितरण होगा। यात्रा में ढोल, ताशा, ब्रास बैंड, धर्म ध्वजा एवं संकीर्तन करते हुए महिला पुरुष तथा बड़ वाले महादेव मंदिर की डमरू मजीरा पार्टी शामिल होगी। वहीं फूलों से सुसज्जित भगवान जगन्नाथ का रथ आकर्षण का केंद्र होगा।


श्री गौर राधा मदन गोपाल मंदिर में बुधवार को भजन-कीर्तन करते श्रद्धालु।

### 1984 में पहली बार निकली रथ यात्रा

वर्ष 1984 में ही पहली बार शांति नगर से भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा प्रारंभ हुई, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस मंदिर में संपन्न हुई। प्रतिवर्ष एक दिन पूर्व मोती, फूल, खस इत्यादि का बंगला बनाकर ठाकुर जी को विराजित किया जाता है तथा रथयात्रा के बाद भंडारा होता है।

### सभी त्योहार धूमधाम से मनाए जाते हैं

प्रतिदिन सुबह-शाम महाप्रभु की आरती के साथ ही प्रति ग्यारस के दिन संकीर्तन दीपावली पर अन्नकूट महोत्सव श्री कृष्ण जन्माष्टमी राधा अष्टमी सहित अन्य सभी त्योहार यहां धूमधाम से मनाए जाते हैं। उल्लेखनीय है की महेश्वरी जी का कोई पुत्र नहीं था वर्ष 2018 में दादाजी एवं पिताजी दोनों के एक साथ एक महीने के अंतराल में ब्रह्मलीन होने के बाद उनकी बेटियां राधिका दीपिका विष्णु प्रिया एवं भक्ति माहेश्वरी इस परंपरा को पूरी तन्मयता से निभा रही है।

**संकीर्तन से भक्ति का मार्ग दिखाया**

कलीकाल में मानव जीवन के उद्धार के लिए श्रीमन चैतन्य महाप्रभु ने राधा कृष्ण के मिलित रूप में अवतार लेकर नाम संकीर्तन से भक्ति का मार्ग दिखाया था। इसी भक्ति के प्रचार-प्रसार हेतु गौड़ीय संप्रदाय के श्री श्री 1008 वासुदेव शरण विरही जी महाराज का वृंदावन से भोपाल पदार्पण हुआ और वह अपने शिष्य शांति नगर इब्राहिम गंज स्थित स्वर्गीय श्री द्वारका प्रसाद माहेश्वरी के निवास स्थान पर पधारे माहेश्वरी परिवार की भक्ति को देखते हुए उन्होंने वहां प्रभु नाम संकीर्तन प्रारंभ किया।

## मोतियों से बने बंगले में विराजे राधा मदन गोपाल और भगवान जगन्नाथ

*आलोकिक श्रृंगार के साथ महाआरती के बाद भजन संध्या हुई*



श्री गौर राधा मदन गोपाल मंदिर शांति नगर बैरसिया रोड पर बुधवार को राधा मदन गोपाल और भगवान जगन्नाथ को मोतियों से बने बंगले में दिव्य श्रृंगार कर विराजित किया गया।

आयोजन समिति के प्रमोद नेमा और दीपिका माहेश्वरी ने बताया कि शाम सात बजे राधा मदन गोपाल, भगवान जगन्नाथ, बलदेव जी एवं बहन सुभद्रा जी के आलोकिक श्रृंगार के साथ महाआरती के बाद भजन संध्या संपन्न हुई।

गुरुवार को दोपहर एक बजे भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा मंदिर परिसर से निकाली जाएगी। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा बस स्टैंड, मंगलवारा, इतवारा, चौक, लखेरापुरा, सोमवारा से होते हुए वापस मंदिर परिसर में संपन्न होगी। इसके बाद महाप्रसादी का वितरण होगा।

**खबर संक्षेप**



### महापौर ने किया चूनाभट्टी में निर्माणाधीन पार्क का निरीक्षण

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने बुधवार को कोलार रोड स्थित चूनाभट्टी की आम्रपाली कॉलोनी के पार्क में चल रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने पार्क में विकसित की जा रही जनसुविधाओं, सौंदर्यीकरण कार्यों और लगाए जा रहे पौधों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पार्क ऐसा विकसित किया जाए जिससे स्थानीय नागरिकों, बच्चों और बुजुर्गों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें तथा हरियाली बढ़ने के साथ क्षेत्र का वातावरण भी बेहतर हो। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता सहित नगर निगम के अधिकारी और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।

**विश्व जनसंख्या दिवस**

### काटजू अस्पताल में मरीजों और परिजनों को किया जागरूक



**भोपाल।** डॉ. कैलाशनाथ काटजू महिला एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थान की नोडल एवं सेंटर हेड डॉ रचना दुबे ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ एवं संतुलित परिवार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ाना था। विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने ओपीडी एवं वार्डों में उपस्थित मरीजों और परिजनों को परिवार नियोजन के विभिन्न सुरक्षित एवं प्रभावी साधनों, जन्म के बीच उचित अंतराल, किशोर एवं प्रजनन स्वास्थ्य, मातृ पोषण तथा नवजात शिशु की देखभाल के संबंध में जानकारी प्रदान की।

## भोपाल में दलित छात्रा से दुष्कर्म के विरोध में किया विरोध प्रदर्शन

# अभाविप ने एनएसयूआई के विरुद्ध किया विरोध प्रदर्शन, विभिन्न स्थानों पर किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) भोपाल महानगर द्वारा बुधवार को बोर्ड ऑफिस चौराहे एवं प्रदेश में कई स्थानों पर एनएसयूआई के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया। यह प्रदर्शन भोपाल में एनएसयूआई पदाधिकारी के विरुद्ध दर्ज गंभीर आपराधिक प्रकरण के विरोध में तथा पीड़िता को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग को लेकर आयोजित किया गया। मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित पिपलानी क्षेत्र में राहुल गांधी द्वारा संचालित कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के देशव्यापी 'छात्र गूंज की आवाज़' अभियान के दौरान एनएसयूआई के जिला महासचिव सुभाष यादव के विरुद्ध अपनी ही संगठन की एक दलित छात्रा के साथ दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न एवं धमकी के संबंध में मंगलवार को छात्रा ने एफआईआर दर्ज कराई है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच तथा मामले में यदि किसी व्यक्ति द्वारा पीड़िता पर दबाव बनाने या प्रकरण को प्रभावित करने का प्रयास किया गया हो तो उसकी भी निष्पक्ष जांच कर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

**आरोपी एनएसयूआई पदाधिकारी सुभाष यादव की तत्काल गिरफ्तारी एवं निष्पक्ष जांच हो: अभाविप**



बोर्ड ऑफिस चोराहे पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य प्रदर्शन करते हुए।

### एनएसयूआई पदाधिकारी कार्यकर्ता से कर रहे दुष्कर्म

अभाविप की केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य शालिनी वर्मा ने कहा, एनएसयूआई का 'छात्र गूंज' अभियान चल रहा है और उसी दौरान एनएसयूआई के पदाधिकारी पर अपनी ही कार्यकर्ता से दुष्कर्म कर रहे हैं। आज जीतू पटवारी 'युवा स्वाभिमान यात्रा' निकाल रहे उन्हें पहले अपने संगठन में बहनों का स्वाभिमान बचाना जरूरी है। ये घटना केवल एक अपराध नहीं है, ये एनएसयूआई के चरित्र का आईना है। जो संगठन 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' के बड़े-बड़े नारे लगाता है, उसी संगठन के पदाधिकारी अपनी ही बहन बेटी की अस्मत लूट रहे है।



एनएसयूआई का पुतला रख कर प्रदर्शन करते एबीवीपी के लोग।

एनएसयूआई इतना समझ लें छात्राओं सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होगा। ना ही छात्रा के सम्मान से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा जाएगा। आज एबीवीपी पीड़ित छात्रा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और न्याय मिलने तक चुप नहीं बैठेंगी।

### मामले को प्रभावित करने का प्रयास किया है

अभाविप की प्रांत छात्रा प्रमुख बबली शर्मा ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा केवल भाषणों का विषय नहीं, बल्कि व्यवस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी है। किसी भी छात्रा के साथ अन्याय होने पर अभाविप सदैव उसके साथ खड़ी रहेगी। यदि किसी ने पीड़िता पर दबाव बनाने या मामले को प्रभावित करने का प्रयास किया है, तो उसकी भूमिका की भी निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। दोषियों को किसी भी परिस्थिति में संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। अभाविप ने स्पष्ट किया कि महिला सम्मान और छात्र हितों से जुड़े किसी भी मामले में वह निष्पक्ष जांच एवं न्याय की मांग को लेकर निरंतर संघर्ष करती रहेगी। प्रदर्शन में अभाविप के अनेक कार्यकर्ता एवं छात्र उपस्थित रहे।


पौधा देकर कॉलेज की डीन डॉ. कविता एन. सिंह का स्वागत करते हुए।

## हमीदिया अस्पताल में अनूठी पहल

# प्लास्टिक सर्जरी के ऑपरेशन कर दो महिलाओं को दी नई जिंदगी

*प्लास्टिक सर्जरी को लेकर फैली भ्रांतियों को नुक्कड़ नाटक से किया दूर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी मेडिकल कॉलेज एवं हमीदिया अस्पताल के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग द्वारा प्लास्टिक सर्जरी दिवस पर एमबीबीएस छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए समाज में प्लास्टिक सर्जरी को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर किया, वहीं दूसरी ओर कॉलेज की डीन डॉ. कविता एन. सिंह ने अपनी प्रशासनिक व्यस्तताओं के बीच दो अत्यंत जटिल ऑपरेशन कर दो मरीज को नया जीवन प्रदान किया। कार्यक्रम में बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण भटनागर के नेतृत्व में चिकित्सा जगत के जनक आचार्य सुश्रुत को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

### केवल सौंदर्य नहीं, जीवनदायिनी है प्लास्टिक सर्जरी

प्लास्टिक सर्जरी से जन्मजात विकृतियों, जलने के बाद होने वाले दागों, दुर्घटना की चोटों और त्वचा प्रत्यारोपण (रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी) के महत्व को समझाया। अधिकांश लोग प्लास्टिक सर्जरी को केवल कॉस्मेटिक या सौंदर्य बढ़ाने तक सीमित मानते हैं, जबकि यह जलने से प्रभावित मरीजों, कैंसर के बाद पुनर्निर्माण और शरीर की कार्यक्षमता को बहाल करने की चिकित्सा शाखा है।

### दो जटिल केसों में बचाई मरीजों की जिंदगी

गांधी मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. कविता एन. सिंह ने दो जटिल पुनर्निर्माण सर्जरी को सफलतापूर्वक संपन्न किया।

**पहला मामला:** दमोह की एक महिला प्रसव के बाद 'रेक्टोवैजाइनल फिस्टुला' नामक गंभीर समस्या से पीड़ित थी। कई जगह भटकने के बाद वह हमीदिया अस्पताल पहुंची, जहां डॉ. कविता सिंह ने सफल पुनर्निर्माण शल्यक्रिया कर उसे सामान्य जीवन लौटाया।

**दूसरा मामला:** एक 14 वर्षीय किशोरी मासिक धर्म न होने से पीड़ित थी और निजी डॉक्टरों ने गर्भाशय निकालने की बात कही थी। डॉ. कविता सिंह ने जटिल प्लास्टिक सर्जरी के माध्यम से शारीरिक मार्गों का सफल निर्माण कर बच्ची का भविष्य सुरक्षित कर दिया।

## प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन, महापौर मालती राय ने किया शुभारंभ

# भोपाल और होशंगाबाद संभाग के जनप्रतिनिधियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के आरसीपीवी नरोन्हा प्रशासन अकादमी में बुधवार को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रावधानों से संबंधित जनप्रतिनिधियों की प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ महापौर मालती राय ने किया। इसमें भोपाल और होशंगाबाद संभाग के जनप्रतिनिधियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ठोस कचरा प्रबंधन की कमान, स्थानीय निकायों की भूमिका, दायित्व और कचरा प्रबंधन की नई व्यवस्था पर चर्चा हुई और जनप्रतिनिधियों की भूमिका की जानकारी दी गई।



नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय द्वारा ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल गर्वेमेंट के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई और नियमों के क्रियान्वयन के लिए किए जाने वाले कार्यों से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया गया।

## पाल समाज के लोगों ने निकाली भव्य कलश यात्रा

# श्रीकृष्ण गोवर्धन मंदिर का जीर्णोद्धार कर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर स्थित पाल समाज श्री कृष्ण गोवर्धन मंदिर का जीर्णोद्धार पूर्व होने पर बुधवार से तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर ढोल नगाड़ों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पीएचई ऑफिस के पास टी.टी. नगर स्थित पाल समाज श्री कृष्ण गोवर्धन मंदिर से प्रारंभ हुई जो चक्की चौराहा, जैन मंदिर सेकण्ड स्टॉप, माता मंदिर, टीन शेड, न्यू मार्केट से होते हुए पुनः श्री गोवर्धन मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में नृत्य करते श्रद्धालुओं के साथ भव्य अतिशबाजी हुई। गुरूवार सुबह नौ बजे से देवताओं का पूजन, अन्न, फल, पुष्प, अय्याधिवास के बाद आरती होगी।


पाल समाज के लोग कलश यात्रा निकालते हुए।

### प्राण प्रतिष्ठा होगी

शुक्रवार सुबह 8:30 बजे से देवताओं का पूजन के बाद प्राण प्रतिष्ठा होगी और दोपहर दो बजे महाआरती एवं भव्य भंडारा होगा। समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह बघेल, मीडिया प्रभारी भानु प्रताप सिंह पाल ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन शुरू हो गया है।

## 100 करोड़ से संवर रहा खेड़ापति हनुमान लोक कॉरिडोर

# भोपाल की नई सांस्कृतिक पहचान बनेगा हनुमान लोकः मंत्री सारंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला स्थित प्राचीन प्रसिद्ध श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में करीब 100 करोड़ रुपए से संवर रहा है। निर्माण कार्य का बुधवार को मंत्री विश्वास सारंग ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि 21 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रहे इस कॉरिडोर का निर्माण राजस्थान के व्हाइट मार्बल एवं प्राचीन नागर शैली की वास्तुकला के अनुरूप किया जा रहा है।

सारंग ने अधिकारियों से कहा कि कॉरिडोर निर्माण का मूल उद्देश्य श्रद्धालुओं को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित दर्शन व्यवस्था उपलब्ध कराना है। सारंग ने कहा कि श्री खेड़ापति हनुमान लोक कॉरिडोर केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और आधुनिक विकास का संगम है। यह परियोजना विरासत भी और विकास भी की सोच को साकार करते हुए भोपाल की सांस्कृतिक एवं धार्मिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी और भविष्य में धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पूर्ण होने के बाद श्री खेड़ापति हनुमान लोक कॉरिडोर राजधानी भोपाल की नई पहचान के रूप में स्थापित होगा।


लोक कॉरिडोर के निर्माण कार्य का नक्शा देते मंत्री विश्वास सारंग व अन्य।

## 29 जुलाई तक स्कूलों में संस्कार, शिक्षा, प्रेरणा पर केंद्रित होंगे कार्यक्रम

# प्रदेश के सरकारी स्कूलों में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा शुरू पहले दिन विद्यार्थियों ने माता सरस्वती व गुरु वंदना की

विद्यार्थियों की प्रतिभा और व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रख होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में बुधवार से गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा शुरू हो गया है। यह पखवाड़ा 29 जुलाई 2026 तक मनाए जाएंगे। पहले दिन इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मां सरस्वती एवं गुरु वंदना की।

भारतीय संस्कृति में गुरु के सर्वोच्च स्थान को केंद्र में रखते हुए आयोजित किए जा रहे इस पखवाड़े का उद्देश्य विद्यार्थियों में गुरु के प्रति सम्मान, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति आस्था विकसित करना और विद्यालयों में सकारात्मक एवं संस्कारमय शैक्षणिक वातावरण तैयार करना है। पखवाड़े के दौरान विद्यार्थियों की प्रतिभा और व्यक्तित्व विकास को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें गुरु के महत्व पर भाषण प्रतियोगिता, 'मेरे जीवन में गुरु' विषय पर निबंध लेखन, संस्कृत श्लोक, गुरु वंदना, भजन प्रस्तुति, योग एवं ध्यान, स्वास्थ्य जागरुकता, कॅरियर मार्गदर्शन, प्रेरक व्याख्यान, 'एक गुरुदृएक वृक्ष' अभियान, अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम), स्वच्छता एवं जनजागरूकता रैली और 'गुरु-शिष्य प्रेरणा संवाद' प्रमुख रहेंगे। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल, सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।

### आज से होगा सांदीपनि विद्यालयों का शैक्षणिक भ्रमण

16 से 27 जुलाई तक प्रदेश के हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के विद्यार्थियों को निकटवर्ती सांदीपनि विद्यालयों का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं सांदीपनि विद्यालयों की आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, नवाचारों, प्रयोगात्मक गतिविधियों और शैक्षणिक व्यवस्थाओं का अवलोकन करेंगे।

### प्रत्येक पौधे को किसी गुरु के नाम समर्पित

24 जुलाई को 'एक गुरुदृएक वृक्ष' अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर और आसपास पौधारोपण किया जाएगा। प्रत्येक पौधे को किसी गुरु के नाम समर्पित किया जाएगा और विद्यार्थियों को उसके संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। छोटे बच्चों द्वारा गुरु सम्मान संदेश और नेम-प्लेट तैयार की जाएंगी। 25 जुलाई को पालक-शिक्षक बैठकों (पीटीएम) में अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और संस्कारों पर चर्चा होगी। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों का सम्मान भी किया जाएगा। 28 जुलाई को 'गुरु-शिष्य प्रेरणा संवाद' कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक और पूर्व विद्यार्थी अपने अनुभव साझा कर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का समापन 29 जुलाई को होगा।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



**राम मंदिर चढ़ावा केस**
एसआईटी जांच का दायरा बढ़ा



13 16 साल बाद फाइनल में स्पेन...

विचार पेज
06 महाप्रभु जगन्नाथ...जगत के नाथ

# अब ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि की भूमिका की भी पड़ताल

**वैदेही भवन पहुंची जांच टीम सेवादारों से की पूछताछ**

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में विशेष जांच दल (एसआईटी) की जांच अब एक नए मोड़ पर पहुंच गई है। एसआईटी ने अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए केवल तत्कालीन महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र और गोपाल राव तक ही सीमित नहीं रखा है, बल्कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि की भूमिका और उनकी वित्तीय जिम्मेदारियों की भी गहन पड़ताल शुरू कर दी है।



गोविंद देव गिरि

इसी सिलसिले में एसआईटी की टीम अयोध्याधाम स्थित वैदेही भवन पहुंची, जहां स्वामी गोविंद देव गिरि अक्सर ठहरते हैं। टीम ने वहां के महंत और सेवादारों से पूछताछ कर उनके प्रवास, ठहरने की व्यवस्था और चढ़ावा प्रबंधन में उनकी प्रशासनिक व वित्तीय भूमिका से जुड़े कई अहम सवाल पूछे।



## अंतिम रिपोर्ट पर टिकीं नजरें जल्द होगा बड़ा खुलासा

एसआईटी ने कोषाध्यक्ष से जुड़े विभिन्न दस्तावेजों और वित्तीय अभिलेखों का बारीकी से सत्यापन किया है। हालांकि, जांच में क्या तथ्य सामने आए हैं और स्वामी गोविंद देव गिरि के संबंध में रिपोर्ट में क्या दर्ज किया गया है, इसका अभी कोई आधिकारिक खुलासा नहीं हुआ है। चढ़ावा चोरी प्रकरण की यह जांच अब अपने अंतिम चरण में है और एसआईटी जल्द ही अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपने की तैयारी कर रही है। इस पूरे घटनाक्रम के बीच, अयोध्या से रवाना होने से पहले स्वामी गोविंद देव गिरि ने ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय से मुलाकात की थी।

## मुख्य आरोपी और पूर्व बैंककर्मी 14 घंटे की पुलिस रिमांड पर, पूछताछ शुरू

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी रमाशंकर मिश्रा और एसबीआई के रिटायर्ड बैंककर्मी सुभाष श्रीवास्तव को 14 घंटे की रिमांड पर लिया है। बुधवार सुबह 8 बजे फैजाबाद जेल से दोनों को पुलिस लाइन लाकर सुबह 9 बजे से सघन पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों ने चढ़ावे की रकम कैसे चुराई और उसे कहां छिपाया। गौरतलब है कि रमाशंकर पर चढ़ावे को काउंटिंग रूम तक पहुंचाने की जिम्मेदारी थी और उसके खाते में 7.32 लाख रुपए मिले हैं, जबकि सुभाष चढ़ावा गिनने वालों की निगरानी करते थे। कोर्ट ने पुलिस की 7 दिन की मांग के मुकाबले 14 घंटे की ही रिमांड मंजूर की।

## खबर संक्षेप

### मप्र में एनआरआई कोटे से एमबीबीएस प्रवेश नहीं

**भोपाल।** मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन लेने को लेकर मध्य प्रदेश सरकार नए नियम तैयार कर रही है। पहली बार एमबीबीएस और पीजी प्रवेश के लिए अलग-अलग नियम तय किए जाएंगे। एनआरआई कोटे के दुरुपयोग को रोकने के लिए सरकार पात्रता शर्तें सख्त और कड़ी करने जा रही है। अब कोई भी अपने रिश्तेदार का नाम बताकर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश नहीं ले सकता है, अब ब्लड रिलेशन तय किए हैं।



### आईआरसीटीसी का नया पोर्टल हुआ 'लॉन्च'

**नई दिल्ली।** आईआरसीटीसी की नई वेबसाइट का बीटा वर्जन लॉन्च हो गया है। जो मौजूदा वेबसाइट के होमपेज पर भी दिया गया है। नए लुक में कोई अनावश्यक कैप्चा नहीं। कोई अनावश्यक पॉप-अप नहीं। कोई चमकते ग्राफिक्स नहीं। ध्यान भटकाने वाली कोई चीज नहीं। सीट की उपलब्धता: सभी क्लास में दिखाई देती है। बुकिंग के लिए ज़रूरी स्टेप्स की संख्या कम की गई है। यात्री की जानकारी सेव रहती है।



### रायसेन में कारोबारी की नरबलि! 7 दिन से था लापता

**रायसेन।** जिले में अंधविश्वास और लालच की एक वारदात सामने आई है। गैरतगंज से 7 जुलाई से लापता 42 वर्षीय साहूकार और प्रतिष्ठित व्यापारी विजय जैन की दफीना (गड़ा हुआ धन) निकालने के चक्कर में कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर नरबलि दे दी गई। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए महज छह दिनों के भीतर इस अंधविश्वास के चलते हुए कत्ल का सनसनीखेज खुलासा कर तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



**कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट भारत के 7 परमाणु संयंत्रों में सबसे बड़ा**

**खतरे में देश की परमाणु सुरक्षा:** वर्ल्ड लीक्स नाम के दो हैकर ग्रुप ने इस पावर प्लांट की जानकारियों को पोस्ट किया

# भारत के सबसे बड़े न्यूक्लियर पावर प्लांट कुडनकुलम के 'डेटा' में सेंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु स्थित देश के सबसे बड़े कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट से जुड़े संवेदनशील डेटा लीक हो गए हैं। वर्ल्ड लीक्स नाम के दो हैकर ग्रुप ने इस पावर प्लांट की जानकारियों को पोस्ट किया है, जिसमें प्लांट के कुछ हिस्सों के ब्लूप्रिंट (नक्शे), सप्लायर्स की जानकारी, मीटिंग और इंस्पेक्शन रिकॉर्ड्स, उपकरणों के रिव्यू और इंश्योरेंस पॉलिसी से जुड़े करीब 19,000 जरूरी दस्तावेज की डिटेल शामिल है।

वर्ल्ड लीक्स हैकर ग्रुप ने दावा किया है कि ये दस्तावेज अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप के हैं, जो इस प्लांट में कॉन्ट्रैक्टर के रूप में काम कर रहा है। तमिलनाडु में स्थित कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट भारत के सात परमाणु संयंत्रों में सबसे बड़ा है। अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप ने बताया कि उसके डेटा में आंशिक सेंधमारी की गई है। कंपनी ने बताया कि यह डेटा थर्ड पार्टी डेटा ▶▶ शेष पेज 4 पर

**इस तरह की घटना ने कंपनियों पर सवाल खड़ा कर दिया है कि वे इन खतरों से निपटने में कितनी सक्षम हैं?**

**प्लांट के कुछ हिस्सों के ब्लूप्रिंट समेत 19,000 जरूरी दस्तावेज की डिटेल सार्वजनिक की**



**हैकर ग्रुप का दावा**

ये दस्तावेज अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप के हैं, जो इस प्लांट में कॉन्ट्रैक्टर के रूप में काम कर रहा है

***भारत की साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-इन भी मामले की जांच कर रही***

### इस प्लांट से 2 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन होगा

लीक हुए दस्तावेज साल 2016 से लेकर 2025 के बीच के हैं। वर्ल्ड लीक्स वेबसाइट पर मौजूद रिलायंस की कुल 858,000 फाइलों में से 19,000 फाइलें सबसे संवेदनशील और सीक्रेट लगती हैं। रिलायंस ग्रुप की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर को साल 2018 में कुडनकुलम प्लांट की यूनिट 3 ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आतंकी हमला तो कंपनी करेगी 11.2 करोड़ डॉलर तक के बीमे का दावा

लीक दस्तावेजों में कथित तौर पर यह भी उल्लेख है कि रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने इस तरह का बीमा कराया था, जिसके तहत अगर यूनिट-3 या यूनिट-4 ▶▶ शेष पेज 4 पर

**कौन है वर्ल्ड लीक्स ग्रुप?**


### डेटा चुराकर फिरौती वसूलता है ये समूह

इस हैकर ग्रुप का काम कंपनियों का डेटा चुराकर फिरौती वसूलना है। अगर इसे पैसे नहीं दिए गए तो यह डेटा को डार्क वेब पर सार्वजनिक कर देता है। इससे पहले यह ग्रुप नाइकी और भारत के टाटा ग्रुप को भी निशाना बना चुका है। इस ग्रुप ने जून में टाटा ग्रुप के डेटा लीक किया था, जिसमें एप्पल और टेस्ला जैसे बड़े ब्रांड्स के कॉन्फिडेंशियल कंपोनेंट डिजाइन शामिल थे। उस समय हैकर्स ने 15 लाख डॉलर की मांग की थी। कंपनी ने पैसे देने से इनकार किया तो डेटा लीक कर दिया गया था।


**छतरपुर गोलीकांड पर पुलिस का एक्शन**

## धीरेंद्र शास्त्री के भाई शालिग्राम गर्ग समेत दो आरोपी गिरफ्तार

- ▶▶ जमीन विवाद मामले में किसान पर गोली मारने का आरोप
- ▶▶ धीरेंद्र शास्त्री बोले- मेरा शालिग्राम गर्ग या परिवार के ऐसे मामलों से कोई लेना देना नहीं



धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री



शालिग्राम गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

जिले के राजनगर थाना क्षेत्र में गो-शाला के पीछे स्थित जमीन को लेकर हुए हिंसक विवाद में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले के 4 आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित ▶▶ शेष पेज 4 पर

**27% ओबीसी आरक्षण पर नियमित सुनवाई शुरू**

## 50% की संवैधानिक सीमा पर अटकी बहस

**कुल 91 याचिकाएं लगीं, अगली सुनवाई आज दोपहर ढाई बजे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

बहुचर्चित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण मामले में हाई कोर्ट ने मेरिट पर नियमित सुनवाई शुरू कर दी है। जस्टिस आनंद पाठक और जस्टिस विनय सराफ की विशेष पीठ के समक्ष पहले दिन याचिकाकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमन लेखी ने दलीलें पेश कीं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि ओबीसी आरक्षण को 14% से बढ़ाकर 27% करने का फैसला असंवैधानिक है,



क्योंकि इससे कुल आरक्षण की सीमा निर्धारित 50% से काफी ऊपर निकल जाती है। वरिष्ठ अधिवक्ता अमन लेखी ने अपनी बहस के दौरान संविधान के विभिन्न प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व में दिए गए ऐतिहासिक फैसलों का ▶▶ शेष पेज 4 पर

## पीएम मोदी दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ईंधन संचालित ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

**हरियाणा के जींद-सोनीपत मार्ग से ऐतिहासिक शुरुआत**



**भारतीय रेलवे का नया सवेरा....कल पटरी पर उतरेगी देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन**

*एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली। भारतीय रेलवे के इतिहास में 17 जुलाई की तारीख स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की पहली और ब्रॉड गेज पर चलने वाली दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ईंधन संचालित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस ऐतिहासिक क्षण से ठीक पहले, पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस अत्याधुनिक ट्रेन की बेहद आकर्षक तस्वीरें साझा कीं और गर्व से लिखा कि भारत की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन हरियाणा से चलने के लिए तैयार है। यह क्रांतिकारी कदम देश को कार्बन मुक्त और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन देने की दिशा में भारतीय रेलवे की सबसे बड़ी वैज्ञानिक और औद्योगिक सफलताओं में से एक है। देश की इस पहली* ▶▶ शेष पेज 4 पर

**दोहरे हत्याकांड का खुलासा : दानपत्र पर प्रॉपर्टी नाम करने खर्च किए 15 लाख**

## प्रॉपर्टी हड़पने एक साल किया बुजुर्ग दंपती के मरने का इंतजार, नहीं मरे तो फिर गोली मार दी

- ***प्रॉपर्टी ब्रोकर और उसका फिजियोथैरेपिस्ट भाई गिरफ्तार***
- ***आगर मालवा से खरीदकर लाए थे पिस्टल***
- ***डेढ़ हजार फुटेज और सौ से अधिक संदिग्धों से पूछताछ हुई***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित ओल्ड सुभाष नगर में रिटायर्ड दंपती की हत्या का खुलासा क्राइम ब्रांच और ऐशबाग की संयुक्त टीम ने कर दिया। हत्या उनके करीबी प्रॉपर्टी डीलर श्रीकांत चिचलिया ने अपने फिजियोथैरेपिस्ट भाई शशिकांत चिचलिया के साथ मिलकर की थी। दरअसल, प्रॉपर्टी डीलर ने दंपती की इटारसी वाली प्रॉपर्टी बेचने का कहकर दानपत्र पर साइन करा लिए



दोनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

थे। इसके लिए 15 लाख रुपए खर्च कर दिए। एक साल तक मरने का इंतजार किया, लेकिन ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 14 भी

**कांग्रेस की साइक्लोथॉन का भोपाल में समापन**

## जीतू पटवारी का दावा- 200 किमी की यात्रा में '2 लाख' से ज्यादा लोग जुड़े

**रॉयल मार्केट तिराहे पर जनसभा हुई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'छात्रों की गूंज' अभियान के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय 'युवा स्वाभिमान : जेन जी साइक्लोथॉन' का बुधवार को भोपाल में समापन हुआ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में इंदौर से शुरू हुई लगभग 200 किलोमीटर लंबी



जीतू पटवारी

साइक्लोथॉन दूसरे दिन आष्टा से रवाना होकर सीहोर के विभिन्न मार्गों से होते हुए भोपाल पहुंची। राजधानी में यात्रा का जगह-जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद रॉयल मार्केट तिराहे पर जनसभा आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, विधायकों, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल के पदाधिकारियों तथा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**हरदा में किसान आंदोलन: करीब 5 हजार किसान हाईवे पर टेंट लगाकर बैठे**

**हाईवे पर टेंट लगाने को लेकर प्रशासन और किसानों की तीखी बहस**

## हाईवे पर चक्काजाम, एमएसपी पर 100% मूंग खरीदी व बकाया फसल बीमा राशि के जल्द भुगतान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

हरदा के नजदीक इंदौर-नागपुर नेशनल हाईवे पर बुधवार को किसानों ने अपनी मांगों को लेकर बड़ा चक्काजाम कर दिया। किसान मुख्य रूप से ग्रीष्मकालीन मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर करने, खरीदी केंद्रों की संख्या बढ़ाने और खरीफ-2025 की बकाया फसल बीमा राशि के जल्द भुगतान की मांग कर रहे हैं।

आंदोलनकारी किसानों का आरोप है कि सरकार इस बार कुल उत्पादन का महज 25 प्रतिशत मूंग ही खरीद रही ▶▶ शेष पेज 4 पर



हाईवे पर किसानों की भीड़, आवागमन रहा बाधित

### 5 जिलों से पुलिस बल मंगवाया गया

प्रदर्शन के दौरान उस समय तनाव की स्थिति बन गई जब किसानों ने नेशनल हाईवे के बीचों-बीच टेंट लगाना शुरू कर दिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा के लिहाज से सड़क पर टेंट लगाने से मना किया, जिसे लेकर तीखी बहस हुई। बाद में एसडीएम की समझाइश और ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ट

आंदोलन के कारण इंदौर से हरदा और खंडवा जाने वाले भारी वाहनों का मार्ग बदल दिया गया है। ऐसे वाहन अब संदलपुर फाटा, दीपगांव, बोरधा, गोपालपुर, इटारसी मार्ग, बड़ी और छोटी छीपानेर होते हुए हरदा और खंडवा की ओर भेजे जा रहे हैं। इसी तरह इंदौर से ▶▶ शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री ने सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन कर हितलाभ किए वितरित

# मुख्यमंत्री ने आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को झुलाया झूला छोटे-छोटे बच्चों को दुलार कर बांटे लड्डू और चने के पैकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की प्रथम पाठशाला है। सरकार की ओर से छोटे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को उज्जैन के स्वेज फार्म सक्षम आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र के अवलोकन एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम में उक्त बातें कही। मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण आहार सप्ताह के अंतर्गत लगाई गई पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगनवाड़ी के बच्चों के लिए सर्व सुविधा युक्त पक्के भवन, फर्नीचर, खिलौने, पोषण आहार, टीकाकरण, प्रारंभिक शिक्षा सब कुछ एक ही छत के नीचे एक ही जगह उपलब्ध करवाया जा रहा है।


बच्चों को पैकेट वितरित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

### बच्चों ने सीएम को भेंट किया गुलाब

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र में लगे झूलों पर बच्चों को झुलाया। आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों ने नमस्ते सर कहकर मुख्यमंत्री का अभिवादन कर गुलाब का फूल भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने छोटे-छोटे बच्चों को दुलार करते हुए सभी को लड्डू के पैकेट, पोषण आहार के रूप में चना और मूंगफली के पैकेट वितरित किए। डॉ. यादव ने मंच से लाडली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को आश्वासन प्रमाण-पत्र एवं मातृ-वंदना योजना की पात्र महिलाओं को हितलाभ वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन करने के बाद आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मेधावी विद्यार्थियों की मेडिकल शिक्षा का खर्च उठाएगी सरकारः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# इंदौर को मिला जिला अस्पताल का 300 बिस्तरीय भवन, मिलेंगी बेहतर सेवाएं

प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 52 तक पहुंचाने का लक्ष्य

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर जिला अस्पताल के जिस नवनिर्मित भवन का आज लोकार्पण हुआ है, विश्वास है कि यह अस्पताल नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगा।

उन्होंने इंदौरवासियों को मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा लगभग 83.13 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित 300 बिस्तरीय अत्याधुनिक जिला अस्पताल भवन सौंप दिया। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित यह अस्पताल इंदौर ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों के मरीजों को भी बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों की मेडिकल शिक्षा का खर्च राज्य सरकार उठाएगी। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 2003 तक सिर्फ 5 मेडिकल कॉलेज थे, इसके पूर्व के 55 वर्ष में इतनी ही प्रगति हो पाई थी। सीटों की संख्या भी 500 थी। वर्तमान में प्रदेश में साढ़े पांच हजार सीट्स और 33 मेडिकल कॉलेज हो गए हैं। प्रदेश में शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज की संख्या 52 हो जाएगी।


नए अस्पताल भवन का निरीक्षण करते सीएम।

### चंदन नगर से एयरपोर्ट रोड के निर्माण को मिली मंजूरी

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि इंदौर का जिला अस्पताल आम जनता के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। नगर के वर्तमान स्वास्थ्य क्षेत्र की आवश्यकताओं की पूर्ति में यह अस्पताल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने चन्दन नगर से एयरपोर्ट रोड के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। कार्यक्रम को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, महापौर इंदौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी संबोधित किया।

## खबर संक्षेप

### सहकारिता विभाग में 613 पदोन्नति हुईं

**भोपाल।** सहकारिता विभाग में पदोन्नति नियम 2025 के तहत 15 संवर्ग में कुल 613 पदोन्नति आदेश जारी किए गए हैं। इसमें प्रथम श्रेणी के पदों पर 41, द्वितीय श्रेणी के पदों पर 84, तृतीय श्रेणी के पदों पर 486 और चतुर्थ श्रेणी के 2 पदों पर अधिकारियों, कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया है। 15 संवर्ग में संयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं के 22, उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं के 19, सहायक आयुक्त एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं के 13, अंकेक्षण अधिकारी के 71, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक के 196, सहकारी निरीक्षक के 106, सहायक ग्रेड-2 के 111, शीघ्र लेखक ग्रेड-2 के 6, अधीक्षक के 2, शीघ्र लेखक ग्रेड-3 के 2, संभागीय अधीक्षक के 8, सुपरवाइजर के 1, सहायक ग्रेड-1 के 29, जमादार का 1 और सहायक ग्रेड-3 के 26 पदोन्नति आदेश जारी किए गए हैं।

### मप्र पुलिस में 1029 उपनिरीक्षक पदोन्नत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में एक साथ उपनिरीक्षकों को पदोन्नति दी गई है। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने 1029 उपनिरीक्षकों को निरीक्षक और कार्यवाहक निरीक्षक के पद पर पदोन्नत करने के आदेश जारी किए हैं। भोपाल जोन के 31, भोपाल ग्रामीण के 5, इंदौर जोन के 34, इंदौर ग्रामीण के 7, जबलपुर के 28 और ग्वालियर के 26 उपनिरीक्षकों को कार्यवाहक निरीक्षक बनाया गया है। अन्य जिलों और इकाइयों के अधिकारियों को भी सूची में शामिल किया गया है।

### 19 वर्षों में जब्त 628 अवैध हथियार किए नष्ट

**भोपाल।** दतिया पुलिस ने न्यायालय के आदेशों के पालन में वर्ष 2007 से 2026 तक विभिन्न प्रकरणों में जब्त किए गए 628 अवैध हथियारों का बुधवार को विधिवत विनष्टीकरण किया। यह कार्रवाई जिला दंडाधिकारी स्वप्निल वानखेड़े और पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष माल निस्तारण अभियान के तहत पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में की गई।

### ई-हॉस्पिटलः पेपरलेस होंगे सरकारी अस्पताल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह डिजिटल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। स्वास्थ्य विभाग अक्टूबर-नवंबर 2026 तक पूरे प्रदेश में ई-हॉस्पिटल योजना लागू करने की तैयारी कर रहा है। इसके बाद सरकारी अस्पतालों में रजिस्टर, फाइलों और कागजी रिकॉर्ड पर निर्भरता काफी कम हो जाएगी तथा मरीजों का पूरा स्वास्थ्य रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अधिकारियों के अनुसार, सेडेक के सहयोग से ई-हॉस्पिटल सिस्टम पर काम चल रहा है। वर्तमान में अधिकांश जिला और सिविल अस्पतालों में केवल ओपीडी पंजीयन ऑनलाइन है, जबकि भर्ती, बिलिंग, ऑपरेशन थियेटर समेत अन्य कई कार्य अब भी कागजी प्रक्रिया से संचालित होते हैं।

अभियान में 16 विभागों के समन्वय से किसानों की आय बढ़ाने का रोडमैप तैयार

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर से किया राज्य स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव का शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर में राज्य स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में समर्पित किया है। इस उद्देश्य से कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता, एमएसएमई, राजस्व, ऊर्जा सहित 16 विभागों को एक साथ लाकर किसानों के समग्र विकास का अभियान प्रारंभ किया गया है और किसानों की आय बढ़ाने के लि, रोडमैप तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने, आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराने, प्रसंस्करण, विपणन और रोजगार से जोड़ने का व्यापक अभियान है।



अभियान के तहत प्रदेश के सभी 55 जिलों में आगामी 13 नवम्बर तक अनेक आयोजन होंगे और खेती-किसानी पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के सर्वांगीण विकास का संकल्प लेकर सरकार आगे बढ़ रही है। यदि देश के इन चार वर्गों का विकास सुनिश्चित हो जाता है तो भारत की उन्नति स्वतः सुनिश्चित हो जाएगी। किसान इन चारों वर्गों के केंद्र में है, इसलिए सरकार ने किसान कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

» 13 नवंबर तक होंगी अनेक आयोजन, होंगी खेती-किसानी पर आधारित गतिविधियां

» डॉ. यादव ने खेती के हित और किसानों के कल्याण के लिए की अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं


कार्यक्रम में पूजा-अर्चना करते सीएम डॉ. मोहन यादव।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रमुख घोषणाएं

- इंदौर की वर्तमान कृषि उपज मंडी को स्थानांतरित कर आधुनिक एवं विशाल कृषि उपज मंडी विकसित की जाएगी।
- संबंधित क्षेत्र में देवी अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।
- मंडी क्षेत्र के प्रभावित परिवारों को वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराए जाएंगे।
- किसानों को दिन में कृषि बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था लागू की जाएगी।
- 40 लाख रुपए तक की डेयरी स्थापना पर 10 लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा।
- गोशाला संचालन के लिए प्रति गोवंश 40 रुपए प्रतिदिन अनुदान जारी रहेगा।
- किसानों की आय बढ़ाने के लिए फूड प्रोसेसिंग, डेयरी, मत्स्य पालन और कृषि आधारित उद्योगों का व्यापक विस्तार किया जाएगा।
- फसलों को नुकसान पहुंचाने वाली नीलगाय एवं अन्य वन्य पशुओं के प्रबंधन के लिए विशेष योजना लागू होगी। हेलिकॉप्टर से नीलगाय एवं अन्य वन्य पशुओं के नियंत्रण की योजना बनेगी।

### नदी जोड़ों परियोजनाओं से 13 जिलों को लाभ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के समय परिकल्पित केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रारंभ पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना मध्यप्रदेश के जल इतिहास को बदल देंगी। लगभग एक लाख करोड़ रुपए की लागत वाली इन परियोजनाओं से श्योपुर, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, राजगढ़, शाजापुर, देवास, उज्जैन, नीमच, मंदसौर सहित 13 जिलों को सिंचाई एवं पेयजल का लाभ मिलेगा। इससे पश्चिमी मध्यप्रदेश और मालवा क्षेत्र को भी बड़ी राहत मिलेगी। डॉ. यादव ने कहा कि सरकार खेती को केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि 'खेत से कारखाने और कारखाने से बाजार' तक संपूर्ण कृषि अर्थव्यवस्था विकसित की जा रही है। प्रदेश में तेजी से फूड प्रोसेसिंग इकाइयां स्थापित हो रही हैं। उज्जैन, इंदौर, आगर, उज्जैन सहित अनेक जिलों में कृषि आधारित उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम का मुख्य विषय 'अतुल्य भारतः अमूल्य अर्थशास्त्र'

# सीएम आज नई दिल्ली में फेथ कॉन्क्लेव में होंगे शामिल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार 16 जुलाई को नई दिल्ली में दो दिवसीय 'फेथ कॉन्क्लेव 2026' में सम्मिलित होंगे। फेडरेशन ऑफ एसोसिएशंस इन इंडियन टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी (फेथ) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'अतुल्य भारतः अमूल्य अर्थशास्त्र' है।

यह कॉन्क्लेव 16 और 17 जुलाई 2026 को देश के नीति निर्माताओं और उद्योग जगत के शीर्ष नेतृत्व को एक साझा मंच प्रदान करेगा। कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य पर्यटन के माध्यम से आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय उन्नति को गति देना है। पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के इस शीर्ष निकाय फेथ के मंच पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति मध्यप्रदेश में पर्यटन निवेश और विकास की नई संभावनाओं को रेखांकित करेगी।

### समयबद्ध कार्ययोजना का रखा जाएगा प्रस्ताव

कार्यक्रम के दौरान देश में यात्रा और पर्यटन के अवसरों को बढ़ाने के लिए 'टूरिज्म ग्रोथ चार्टर' के तहत एक समयबद्ध कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा जाएगा। इस चार्टर में पर्यटन को बुनियादी ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) का दर्जा देने, मिशन मोड पर 50 पर्यटन स्थलों का विकास करने और वैश्विक स्तर पर ब्रांड इंडिया के प्रचार जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, सरलीकृत वीजा व्यवस्था, पर्यटन बुनियादी ढांचे में निवेश और सिंगल-विंडो क्लियरेंस के माध्यम से निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने पर भी विस्तार से चर्चा होगी।

# डॉ. मोहन आज भारत टैक्स-2026 में निवेशकों से करेंगे संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 16 जुलाई को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टैक्स-2026 में देश-विदेश के प्रमुख टेक्सटाइल निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों और वैश्विक ब्रांडों से संवाद कर मप्र में निवेश के नए अवसरों को गति देंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न निवेश एवं उद्योग जगत से जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होकर राज्य की उद्योग हितैषी नीतियों, आधुनिक औद्योगिक अधोसंरचना तथा टेक्सटाइल एवं गारमेंट क्षेत्र में उपलब्ध निवेश संभावनाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उद्योग जगत के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। वन-टू-वन बैठकों, एमओयू तथा निवेशक संवाद से टेक्सटाइल, गारमेंट एवं फुटवियर क्षेत्र में नए निवेश आकर्षित करने चर्चा की जाएगी।

चंदेरी गांव में लगाई एडीएम ने शाम की चौपाल

# पैसों के लिए पानी से भरे तालाब को पंचायत ने किया नीलाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बैरसिया रोड से लगे चंदेरी गांव में पंचायत गांव के पांच एकड़ में बने सार्वजनिक तालाब को नीलाम कर रही है, जिसकी वजह से गांव का वाटर लेबल गिर जाता है। इस तालाब के पानी को किसान अपने खेत में सिंचाई के लिए उपयोग करता है।

पिछली बार तालाब को एक लाख 40 हजार रुपए में नीलाम किया गया था, जिससे गांव के लोगों को तालाब से कोई फायदा नहीं मिला। यह शिकायत सुनकर शाम की चौपाल में बैठे एडीएम सुमित पांडे उठे और तालाब पर पहुंच गए। उन्होंने तालाब को देखकर गांव की सरपंच ममता अहिरवार से कहा कि तालाब के पानी को आइंदा से नहीं बेचा जाए। इधर शाम पांच से सात बजे तक लगाई गई चौपाल में जमीन विवाद, बंटवारा, पट्टे की जमीन और मकान पर कब्जे, कुटीर की राशि मिलने के बाद भी मकान नहीं बनाने से जुड़ी बीस से अधिक शिकायतें मिलीं, हालांकि अफसर मौके पर किसी भी शिकायत का निराकरण नहीं कर पाए। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने गांव के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए पहली बार चंदेरी गांव में शाम की चौपाल लगाने की हिदायत दी थी।



# भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने किए मतंगेश्वर महादेव के दर्शन



**भोपाल।** भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने बुधवार को विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो स्थित मतंगेश्वर महादेव एवं कंदरिया महादेव मंदिर में दर्शन एवं पूजन-अर्चन कर प्रदेश वासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

# सांसद कुशवाह प्रभारी, कोठारी होंगे दतिया विस चुनाव के सहप्रभारी

**भोपाल।** दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने विधानसभा चुनाव प्रभारी एवं सह प्रभारी की घोषणा कर दी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने बुधवार को दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए विधानसभा चुनाव प्रभारी एवं सह प्रभारी की घोषणा की है। भाजपा ने ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह को प्रभारी बनाया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के करीबी और भाजपा के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी को दतिया उप चुनाव के लिए सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से किया संवाद

# मंत्री निर्मला ने कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन की मंत्री निर्मला भूरिया ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं को सुना।

मंत्री निर्मला भूरिया ने कार्यकर्ताओं द्वारा रखी गई जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निराकरण के लिए प्रेषित किया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा।


जनसमस्याएं सुनतीं मंत्री निर्मला भूरिया।

### 2,753 करोड़ से अधिक के शहरी विकास प्रस्तावों को स्वीकृति

**भोपाल।** अर्बन चैलेंज फंड योजना के तहत मप्र शासन की ओर से प्रस्तुत विभिन्न महत्वाकांक्षी शहरी विकास परियोजनाओं को भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने अपनी सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। नई दिल्ली में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव कटिकिथला श्रीनिवास तथा अपर सचिव श्रीमती थारा ने राज्य सरकार की ओर से भेजे गए प्रस्तावों पर अपनी सहमति दी है। वरिष्ठ अधिकारी व विशेषज्ञ मौजूद थे। केंद्र सरकार की ओर से स्वीकृत इन सभी दूरगामी परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 2,753.10 करोड़ है। वित्तीय व्यवस्था के तहत इसमें अर्बन चैलेंज फंड का 25 प्रतिशत अंश शामिल है, जो 688.28 करोड़ होता है।

निर्वाचन के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और निगरानी के व्यापक इंतजाम किए

# दतिया विधानसभा उप चुनावः रैली, सभा, लाउडस्पीकर सहित चुनावी गतिविधियों के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया विधानसभा उप चुनाव में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा और निगरानी के व्यापक इंतजाम किए हैं।

किसी भी राजनीतिक दल, प्रत्याशी या व्यक्ति को रैली, सभा, जुलूस, वाहन रैली, नुक्कड़ सभा अथवा अन्य चुनावी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए रिटर्निंग अधिकारी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 जुलाई तक नाम वापसी की जा सकेगी। मतदान 30 जुलाई को होगा, जबकि मतगणना 3 अगस्त को कराई जाएगी।


वीसी के माध्यम से निर्देश देते झा।

### उपचुनाव निगरानी के लिए एसएसटी, वीएसटी और फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनावी गतिविधियों की निगरानी के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड, स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी), वीडियो सर्विलांस टीम (वीएसटी) तथा मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है।

### 17 जुलाई को ईवीएम-वीवीपैट का द्वितीय रैंडमाइजेशन

उप निर्वाचन की तैयारियों के तहत 17 जुलाई को ईवीएम एवं वीवीपैट का द्वितीय रैंडमाइजेशन किया जाएगा। चुनाव के लिए सामान्य प्रेक्षक विजय भारती (आईएएस), पुलिस प्रेक्षक के. थियागराजन (आईपीएस) तथा व्यय प्रेक्षक विशाल मलानी की नियुक्ति की है। प्रेक्षकगण निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। पुलिस प्रेक्षक थियागराजन आईपीएस का मोबाइल नम्बर 7701045647, व्यय प्रेक्षक विशाल मलानी का 9098157098 है।

### झा ने उप निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा कर दिए जरूरी निर्देश

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने बुधवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक दतिया के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से बैठक की। दतिया विधानसभा में होने वाले उप निर्वाचन के संबंध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उप निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी निष्पक्षता और गंभीरता के साथ निर्देशों के अनुरूप कार्य करें।

# अधीक्षण यंत्री मीना, कार्यपालन यंत्री मनोज को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शासकीय कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में जल संसाधन विभाग के कर्मचारियों ने पदोन्नति हुए अधीक्षक यंत्री वीएस मीना और कार्यपालन यंत्री मनोज मिश्रा का फूल-मालाओं से स्वागत कर शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। सुशील पाण्डेय ने वीएस मीना और मनोज मिश्रा को पदोन्नति होने पर बधाई देकर कर्मचारियों की लंबित मांगों को से अवगत कराया। अधीक्षक यंत्री और कार्यपालन यंत्री ने जल संसाधन विभाग के कर्मचारियों को आश्वत किया कि जल्द ही उनकी लंबित मांगों पर विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर निराकरण किया जाएगा।

9 संतनगर की पूज्य सिंधी पंचायत के नवनिर्वाचित...



10 भाव, रस और संगीत का अनुपम-नायाब ...





**सीजेएम की सख्ती के बाद अगले दिन सड़कों पर फिर दिखी मनमानी**

# 24 घंटे बाद ही बेअसर सख्ती का असर, पहले की तरह दौड़ते नजर आए हूटर, ब्लैक फिल्म और 'भारत सरकार' की नेम प्लेट लगे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के डीबी सिटी चौराहे पर मंगलवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) अग्नीध्र कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में चलाए गए विशेष चालानी अभियान का असर दूसरे ही दिन फीका पड़ता नजर आया। उक्त चौराहे से बड़ी संख्या में दिनभर हूटर, ब्लैक फिल्म और 'भारत सरकार' के अलावा अन्य पदाधिकारियों की नेम प्लेट लगे वाहन दौड़ते नजर आए। अधिकांश वाहनों पर हूटर, ब्लैक फिल्म और नंबर प्लेट के उपर नेम प्लेट निजी वाहनों में लगे थे।

बुधवार को बड़ी संख्या में ऐसे निजी वाहन दिखाई दिए जिन पर अवैध रूप से हूटर लगे हुए थे। नियमों के अनुसार हूटर का उपयोग केवल अधिकृत आपातकालीन एवं विशेष श्रेणी के सरकारी वाहनों में ही किया जा सकता है, लेकिन इसके बावजूद निजी वाहन चालक इसका बेधड़क इस्तेमाल करते नजर आए।

**किसी पर लिखा था विभागों का नाम तो किसी नेम प्लेट पर था पदनाम**

**एक दिन पहले मजिस्ट्रेट चेकिंग से एमपी नगर में मचा था हड़कंप**

## रौब दिखाने और जांच से बचने वाहन चालक लगाते हैं नेम प्लेट



विभिन्न विभाग और पदनाम की नेम प्लेट लगी ऐसी अनेक गाड़ियां शहर में घूमती रहीं, लेकिन उन्हें रोकने वाला कोई नहीं था।

इतना ही नहीं, कई निजी वाहनों पर नंबर प्लेट के ऊपर 'भारत सरकार', विभिन्न केंद्रीय विभागों के नाम और अधिकारियों के पदनाम लिखी नेम प्लेट भी लगी मिलीं। ऐसी नेम प्लेट आमतौर पर रौब दिखाने और जांच से बचने के उद्देश्य से लगाई जाती हैं, जबकि इनके उपयोग के लिए स्पष्ट नियम निर्धारित हैं। इसके अलावा कई वाहनों के शीशों पर ब्लैक फिल्म भी लगी हुई दिखाई दी, वहीं एक वाहन ऐसा भी नजर आया, जिसमें अपारदर्शी ब्लैक फिल्म और हूटर दौनों लगे थे, जबकि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार निर्धारित सीमा से अधिक काली फिल्म का उपयोग प्रतिबंधित है।

### मंत्री समेत अफसरों के बनाए थे 34 चालान

मंगलवार को विशेष अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई थी, जिससे उम्मीद थी कि वाहन चालक सतर्क होंगे। मंगलवार को करीब 4 घंटे चली कोर्ट और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नियम तोड़ने वाले वीआईपी और आम लोगों के वाहनों पर समान रूप से कार्रवाई की गई। मंत्री, सांसद, अफसरों के वाहनों के भी 34 चालान बनाए गए। इस दौरान 10 वाहनों से अवैध हूटर हटाए गए, जबकि 14 वाहनों पर लगी ब्लैक फिल्म हटाकर चालान बनाया गया। वहीं बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 8 लोगों पर भी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 137 वाहनों के चालान बनाए गए।



बोर्ड ऑफिस चौराहे का दृश्य जहां, बेतरतीब वाहन एक दूसरे को क्रॉस करते हुए गुजरने का प्रयास करते हुए।

**निगम आयुक्त जैन ने समय सीमा प्रकरणों व अन्य कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए निर्देश**

# मेट्रो-रेलवे को गंदगी, सीएंडडी वेस्ट फैलाने पर जारी किए जाएंगे नोटिस, जुर्माना भी लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था में बाधा पहुंचाने वाले मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन, रेलवे और अन्य संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सार्वजनिक स्थानों और सड़कों पर गंदगी या निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (सीएंडडी वेस्ट) फैलाने वाले संस्थानों को नोटिस जारी कर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाए। यह निर्देश उन्होंने बुधवार को निगम मुख्यालय अटल भवन में आयोजित समय-सीमा प्रकरणों एवं निगम के विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए।

बैठक में आयुक्त ने विभागवार और विधानसभा क्षेत्रवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए पूर्व में दिए गए निर्देशों के पालन की जानकारी ली। उन्होंने 20 हजार वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले आवासीय परिसरों, व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, कार्यालयों, मैरिज गार्डन और होटलों में बल्क वेस्ट जनरेटर का अनिवार्य पंजीयन कराने के निर्देश भी दिए।

**निगमायुक्त ने विभागवार विधानसभावार क्षेत्रवार की प्रकरणों की समीक्षा**

**परिसरों में बल्क वेस्ट जनरेटर का पंजीयन कराने किया निर्देशित**

## अतिक्रमण विरोधी प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस



अफसरों के साथ बैठक करतीं निगम आयुक्त जैन।

उन्होंने विधानसभावार अतिक्रमण प्रभारियों शैलेंद्र सिंह भदौरिया, सृष्टि भदौरिया, महेश गौहर, शुभम गौर और रवींद्र यादव सहित एक सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सभी अपर आयुक्तों से कहा, अपने विभागों में शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अफसरों और कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित करें।

### वसूली अभियान तेज करने पर दिया जोर

आयुक्त ने संपत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार, लीज रेंट सहित सभी राजस्व मदों में वसूली अभियान तेज करने पर जोर दिया। उन्होंने नए कर खाते खोलने, निगम की संपत्तियों का भौतिक सत्यापन कर वास्तविक रिकॉर्ड तैयार करने तथा लीज रेंट और अन्य बकायादारों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। स्वीकृत मानचित्र से अधिक निर्माण करने वालों पर कंपाउंडिंग की कार्रवाई करने को भी कहा। बैठक में अपर आयुक्त अंजू अरुण कुमार, तन्मय वशिष्ठ शर्मा, वरुण अवस्थी, अभिषेक सिंह, वरुण बरेडिया सहित उपायुक्त, अधीक्षण यंत्री, सहा.आयुक्त और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निगम आयुक्त ने सभी अधिकारियों को नियमित मैदानी निरीक्षण कर कार्यों की निगरानी करने और समयबद्ध परिणाम सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

### निगमकर्मियों के प्रमोशन का रास्ता साफ, पीएम आवास और बायो-सीएनजी प्लांट पर बड़े निर्णय

नगर निगम की मेयर-इन-काउंसिल (एमआईसी) की बुधवार को हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। एजेंडे में शामिल 9 प्रस्तावों पर चर्चा हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, निगम कर्मचारियों की पदोन्नति, मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि और आदमपुर छावनी में प्रस्तावित 400 टन प्रतिदिन क्षमता वाले बायो-सीएनजी प्लांट के संबंध में प्रस्तावों पर निर्णय लिया गया। बैठक में अहम मामला आदमपुर छावनी में प्रस्तावित 400 टीपीडी बायो-सीएनजी प्लांट को लेकर रहा। निर्धारित समय में प्लांट स्थापित नहीं करने पर अनुबंधित कंपनी भोपाल आरएनजी प्राइवेट लिमिटेड का अनुबंध निरस्त करने और नए सिरे से निविदा आमंत्रित करने को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के तहत ताजा ठोस अपशिष्ट के वैज्ञानिक निष्पादन के लिए 34 करोड़ 82 लाख 18 हजार रुपए की नई निविदा आमंत्रित करने का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया।

#### अरहेड़ी परियोजना का समय 12 माह बढ़ा

एमआईसी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भौरी आवासीय परियोजना में स्लम श्रेणी की हितग्राही चयन को मंजूरी दी। वहीं अरहेड़ी आवासीय परियोजना के शेष निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार को 16 जुलाई 2026 से 15 जुलाई 2027 तक 12 माह की दूसरी समयवृद्धि देने और परियोजना के 56 नॉन-स्लम ईडब्ल्यूएस आवासों के लिए नई हितग्राही चयन प्रक्रिया को भी स्वीकृति दी गई। बैठक में निगम कर्मचारियों के मेधावी बेटे-बेटियों को कक्षा 10वीं और 12वीं की मेरिट के आधार पर दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के लिए प्रतिशत आधारित नई व्यवस्था लागू करने पर भी सहमति बनी। इसके अलावा सहायक स्वच्छता अधिकारी से स्वच्छता अधिकारी, उपयंत्री से सहायक यंत्री तथा अधीक्षण यंत्री से मुख्य अभियंता पद पर पदोन्नति के प्रस्ताव शासन को पुष्टि के लिए भेजने की मंजूरी भी एमआईसी ने दी।

**पहले बेटी की पूजा की, फिर पीट-पीटकर किया अधमरा**

# गड़े धन के लिए इकलौती नाबालिग बेटी की दे दी बलि, खेत के पास दफनाई लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देहात की सूखीसेवनिया पुलिस ने एक कस्बे में हुई हत्या का खुलासा करते हुए नाबालिग के पिता को गिरफ्तार किया है। नाबालिग के पिता ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पहले बेटी की पूजा की, फिर डंडे से पीट-पीटकर घायल कर दिया। बाद में गला दबाकर उसकी हत्या कर खेत के पास लाश दफन कर दी थी। इस हत्याकांड को अंधविश्वास में अंजाम दिया गया। दअरसल, आरोपियों का मानना था कि पूजा-पाठ और नाबालिग की हत्या से गड़े धन की प्राप्ति होगी।

एसपी देहात पंकज पांडेय ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 3 अप्रैल को 17 साल की नाबालिग संदिग्धों परिस्थितियों में लापता हो गई थी। परिवार ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराते हुए बताया कि वह खलिहान में सो रही थी, तभी किसी अज्ञात आरोपी द्वारा उसे अपने साथ ले जाया गया है। नाबालिग के गुम होने के कारण पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इसी बीच खेत में प्लाऊ चला रहे एक शख्स को खेत किनारे से बदबू आई। वह बदबू के अनुसार पास पहुंचा तो उसे लगा कि यहां लाश दफन की गई है। उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दफन लाश बाहर निकालकर पीएम के लिए भेज दी।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी पिता।

### एक महीने में लाश हो गई थी डिकंपोज, कपड़े मिले थे

एसपी पांडे ने बताया कि 3 अप्रैल को ही नाबालिग के पिता ने खलिहान में सो रही बेटी की हत्या कर दी थी। वह बेटी को अपने साथ ले गया था। वहां बेटी की पूजा पाठ की और अपने साथियों के साथ मिलकर डंडे से पीट-पीटकर उसे अधमरा कर दिया। बाद में गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद खलिहान से दो सौ मीटर की दूरी पर लाश दफन कर दी थी। एक महीने बाद केवल लाश मिलने के कारण डिकंपोज हो चुकी थी। केवल हड्डियां और कपड़े ही मिले थे। कपड़े से परिजन ने नाबालिग की पहचान कर ली।

### ऐसे हुआ प्रकरण का खुलासा

पुलिस की पूछताछ में नाबालिग की मां ने अपने ही पति पर संदेह जताया था। घटना के बाद से वह फरार भी था। पुलिस ने 14 जुलाई को नाबालिग के पिता को गंजबासौदा, जिला विदिशा से हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ अपनी इकलौती सगी बेटी की हत्या करने और लाश दफनाने की बात स्वीकार ली।

**मेट्रो का स्पेशल लेट-नाइट ट्रायल**

# रात दस बजे एक ट्रैक पर 80 की स्पीड से दौड़ीं तीन-तीन मेट्रो

**मेट्रो प्रबंधन ने नया शेड्यूल जारी होने से पहले ट्रैक की क्षमता जांचने की स्पेशल टेस्टिंग**



एमपी नगर से गुजरती मेट्रो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के एमपी नगर और आसपास के क्षेत्रों में लोगों को बीती रात दस बजे अलग नजारा देखने को मिला। सुभाष नगर से एम्स तक करीब 7 किमी के प्रायोरिटी मेट्रो कॉरिडोर पर एक नहीं बल्कि तीन-तीन मेट्रो ट्रेनें तेज रफ्तार से एक के बाद एक दौड़ती नजर आईं। रात के समय अचानक मेट्रो ट्रेनों की इस आवाजाही ने राहगीरों और स्थानीय लोगों को हैरान कर दिया। दरअसल, यह मेट्रो का स्पेशल ट्रायल था, जो नए शेड्यूल से पहले ट्रैक की क्षमता जांचने के लिए था।

ट्रैक पर तीन-तीन मेट्रो को अलग-अलग अंतराल में 80 की रफ्तार से चलाया गया। मेट्रो प्रबंधन ने नया शेड्यूल जारी होने से पहले ट्रैक क्षमता जांचने यह टेस्टिंग की थी। प्रबंधन का मकसद यह सुनिश्चित करना था कि जब ट्रैक पर एक साथ एक से ज्यादा ट्रेनें चलाई जाएं, तो कोई दिक्कत न आए।

### सुरक्षा मानकों को परखा गया

इस दौरान सिर्फ रफ्तार ही नहीं, बल्कि कई हाई-टेक सुरक्षा इंतजामों को परखा गया। लाइव मॉनिटरिंग के साथ कंट्रोल सेंटर से तीनों ट्रेनों की पल-पल की हलचल देखी गई। इसके बाद ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन और इमरजेंसी ब्रेकिंग सिस्टम की जांच हुई।

### 25 जून: सीएमआरएस की टीम ने की थी जांच

25 जून को सीएमआरएस नीलाभ्र सेनगुप्ता की टीम ने भी जांच की थी, जिसकी अंतिम रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट आते ही कारिडोर पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाएगी। यह लेट नाइट टेस्टिंग एडवांस तैयारी थी, ताकि आने वाले समय में बिना रुकावट के बेहतरीन मेट्रो सेवा मिल सके।

**पांच मल्टीलेवल पार्किंग हुई हाईटेक, कैशलैस के बावजूद नगद भुगतान पर लगेगी पेनल्टी**

# मल्टीलेवल पार्किंग स्थलों पर मिलेगी फास्ट टैग की सुविधा, बैरियर पर लगने वाला समय भी होगा कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में नगर निगम की पांच मल्टीलेवल पार्किंग पर अब कैशलैस व्यवस्था के साथ फास्ट टैग की सुविधा भी मिलेगी। इसके लिए निगम प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस व्यवस्था के लागू होने से बैरियर पर लगने वाला समय कम होगा। वहीं दूसरी ओर हाईटैक व्यवस्था में कमियां मिलने पर अधिकारी औचक निरीक्षण करेंगे। अगर कमियां मिलीं तो संचालक पर कार्रवाई की जाएगी। कुछ पार्किंग में वाहन चालकों से कैश भुगतान लिया जा रहा है, जबकि कैश भुगतान पार्किंग शुल्क से दोगुना वसूल करना है, जो पेनल्टी के रूप में होगा।



एमपी नगर मल्टीलेवल पार्किंग के बाहर खड़े वाहन।

निगम द्वारा संचालित निगम की सभी 5 मल्टीलेवल पार्किंग को हाईटेक कर कैशलेस बनाया गया है। इस व्यवस्था के तहत पार्किंग में पार्क होने वाले वाहनों को बूम बैरियर पर लगे कैमरे के माध्यम से ट्रेस कर ऐप के माध्यम से पार्किंग शुल्क का भुगतान ऑनलाइन यूपीआई से स्वीकार किया जा रहा है। जबकि पार्किंग शुल्क का नगद भुगतान पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसके बावजूद नगद राशि ली जा रही है। निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि मल्टीलेवल पार्किंग को हाईटैक किया गया है। अगर नियम विरुद्ध वसूली होगी तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### निगम को मिलता है सालाना तीन करोड़ रुपए राजस्व

न्यू मार्केट और एमपी नगर मल्टीलेवल पार्किंग में रोजाना 500 से 600 दोपहिया और चारपहिया वाहन आते हैं। यहां से रोज करीब 55 से 60 हजार रुपए तक पार्किंग शुल्क वसूला जाता है। शहर की पांचों मल्टीलेवल पार्किंग से नगर निगम को सालाना तीन करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व मिलता है।

# जहांगीराबाद से रात्रि कालीन अमले ने हटाया अतिक्रमण



शब्बन चौराहे पर कार्रवाई करता अतिक्रमण अमला

**भोपाल।** शब्बन चौराहा से सायंकालीन अतिक्रमण अमले द्वारा जिंसी रोड चिकलोद रोड एस्टल कॉलेज चौराहे तक अतिक्रमण हटाने कि कार्यवाही की गई । इस दौरान ठेला बोर्ड काउंटर आदि ज़प्त किया गया। वहीं एक ट्रक सामान ज़प्त किया गया। सायंकालीन अतिक्रमण टीम द्वारा अतिक्रमण अधिकारी नासिर खान के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।

**19 को होने वाली ऐतिहासिक जगदीशपुर में ई-कैबिनेट बैठक की तैयारियां तेज**

# चमन महल की रौनक बढ़ी, जगदीशपुर सड़क बनाई, गांव से हटाए कचरे के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश की पहली ई-कैबिनेट बैठक के लिए ऐतिहासिक गांव जगदीशपुर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। गांव के पहुंच मार्ग की सड़क भी बना दी गई है, जबकि जगदीशपुर पैलेस, रानी महल, चमन महल की सुंदरता को बढ़ाने का काम चल रहा है। गांव में जगह-जगह लगे कचरे के ढेर भी साफ किए जा रहे हैं, जिससे सीएम मोहन यादव और कैबिनेट बैठक में आने वाले मंत्रियों को अफसरों को गांव सुंदर दिखाई दे। हालांकि आम दिनों में यहां गंदगी का आलम रहता है। बुधवार को बैठक के इंतजाम को लेकर एसीएस शिवशेखर शुक्ला, संभाग कमिश्नर कर्मवीर शर्मा और कलेक्टर प्रियंक मिश्रा पहुंचे। जहां उन्होंने जरूरी हिदायत देकर काम तेज करने कहा।

बैठक स्थल के रूप में चयनित जगदीशपुर पैलेस परिसर स्थित रानी महल और चमन महल का की रंगाई-पुताई और ई-कैबिनेट के अनुरूप इंटरनेट कनेक्टिविटी, बैठक कक्ष और अन्य संसाधनों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**जगदीशपुर पैलेस, रानी महल की बढ़ाई जा रही सुंदरता**

**एसीएस, कमिश्नर और कलेक्टर ने देखे इंतजाम**

## पार्किंग और सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम



जगदीशपुर के चमन महल में सफाई का कार्य जोरों पर है।

निरीक्षण के दौरान एसीएस ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, वीआईपी मूवमेंट, पार्किंग, पेयजल, बिजली सप्लाई और अन्य सुविधाओं की भी समीक्षा की। अफसरों ने हिदायत देते हुए कहा कि 18 जुलाई तक सभी काम पूरे कर लिए जाएं।



महल तक पहुंच के लिए नई सड़क बनाई गई है।

### रहवासियों को बेदखली का डर

छह महीने पहले तत्कालीन कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने गांव के रहवासियों का सर्वे कराया था, जिसमें मकानों का साइज और कब्जे को लेकर रिपोर्ट तैयार की गई थी। दरअसल, पुरातत्व विभाग ने जगदीशपुर को सरकारी होने पर गांव को खाली कराने संबंधी पत्र लिखा था, जिसके बाद से गांव के लोगों में डर सता रहा है। कैबिनेट के दौरान भी चमन महल के जीर्णोद्धार की घोषणा के डर से गांव के लोग डरे हुए हैं।

## जैकट का शेष....

### सीएम ने ...

बनने से पहले वह एसबीआई में कृषि अधिकारी थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के इस कदम से यह लगभग साफ हो गया है कि जब भी मंत्रिमंडल में फेरदबल होगा तब लखन की कैबिनेट से छुट्टी कर दी जाएगी।

### मुख्यमंत्री के ...

पशुपालन एवं डेयरी समेत अन्य ऐसे विभाग हैं, जिनके मंत्री नहीं हैं। इस तरह मुख्यमंत्री के पास अब 11 से ज्यादा विभाग हो गए हैं। जारी नोटिफिकेशन में वन विभाग का जिक्र नहीं है।

### सुप्रीम कोर्ट के ...

था। पीठ ने कहा कि आज भारत की कुल फर्टिलिटी रेट घटकर 1.7 के आसपास आ गई है, जबकि केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में यह दर स्कैंडिनेवियाई देशों से भी कम है। ऐसे में जनसंख्या नियंत्रण के नाम पर इस नीति को जारी रखना तार्किक नहीं लगता। कोर्ट ने चिंता जताई कि अब विपक्षी उम्मीदवार इस नियम का इस्तेमाल राजनीतिक हथियार के रूप में करते हैं।

**क्या है पूरा मामला:** यह मामला महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले की काकोडा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव इंगले से जुड़ा है। उन्हें महाराष्ट्र ग्राम पंचायत अधिनियम के तहत तीसरा बच्चा होने के कारण अक्टूबर 2024 में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। बॉम्बे हाई कोर्ट ने भी अगस्त 2025 में इस फैसले को बरकरार रखा था, जिसे अब सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

### सीएम यादव ने ...

के शुरू होने से अब मध्य प्रदेश के लोग हफ्ते में चार दिन सीधे अबू धाबी तक का सफर तय कर सकेंगे। इस ऐतिहासिक उद्घाटन समारोह का आयोजन एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल भवन में किया गया, जबकि विमान ने वर्तमान ऑपरेशनल टर्मिनल से उड़ान भरी। अब तक अबू धाबी जाने वाले यात्रियों को मुंबई या दिल्ली होकर जाना पड़ता था, जिसमें 7 से 8 घंटे का समय बर्बाद होता था। अब यह सफर महज तीन घंटे में पूरा हो जाएगा। अबू धाबी का जायद अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट दुनिया के सबसे बड़े एविएशन हब्स में से एक है। यहां से यात्रियों को यूरोप, अमेरिका और मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट) के देशों के लिए आसानी से कनेक्टिंग फ्लाइट्स मिल सकेंगी।

### क्या रहेगा ...

शाम 7:50 बजे इंदौर से रवाना होगा, जबकि रविवार को इसकी उड़ान का समय रात 8:50 बजे रहेगा। सोमवार, गुरुवार और शनिवार को यह विमान तड़के सुबह 3:20 बजे वापस इंदौर पहुंचेगा, जबकि रविवार की वापसी उड़ान सुबह 4:20 बजे इंदौर लैंड करेगी। इंदौर से अबू धाबी के लिए वन-वे का शुरुआती किराया लगभग 12,554 रुपए तय किया गया है, जो सीटों की उपलब्धता और बुकिंग के समय के आधार पर बदल सकता है।

### भारत समेत ...

अधिकारियों, उसके शैडो टैंकर बेड़े, केंद्रीय बैंक और सरकारी ऊर्जा परियोजनाओं पर भी नए प्रतिबंध लगाने का खाका तैयार किया गया है। अगर यह बिल कानून बनता है, तो अमेरिकी इतिहास में यह पहली बार होगा जब किसी देश पर सिर्फ इसलिए टैरिफ लगाया जाएगा क्योंकि वह रूस से व्यापार कर रहा है।

### तीन दिवसीय ...

बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान नामांतरण, सीमांकन, नक्शा दुरुस्ती और आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र जैसे जरूरी राजस्व कार्य पूरी तरह प्रभावित रहेंगे। पटवारी संघ ने सभी जिलों के साथियों से एकजुट होकर इस आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

### संघ का ...

सोशल मीडिया पर एक कविता भी साझा की है, जिसमें शासन को चेतावनी देते हुए लिखा गया है कि वरना बस्ता बंद करेंगे, कलम छोड़ रुक जाएंगे, नक्शे सारे धरे रहेंगे, साहब ढूंढ न पाएंगे।

## पेज एक का शेष....

### भारत के सबसे ...

सेंटर सर्विस प्रोवाइडर योट्टा के सर्वर पर होस्ट था। रिलायंस ने इस घटना की जानकारी भारत सरकार को दे दी है। हालांकि कंपनी ने ये नहीं बताया है कि किस तरह का डेटा चोरी हुआ है। परमाणु सुरक्षा संबंधी मामलों में सरकारों को सलाह देने और देशों की तैयारियों का आकलन करने वाली संस्था न्यूक्लियर थ्रेट इनिशिएटिव के सीनियर डायरेक्टर निकोलस रोथ ने कहा कि डेटा लीक से प्लांट की सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है। इस तरह की घटना ने कंपनियों पर सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वे इन खतरों से निपटने में कितने सक्षम हैं? यह पहली बार नहीं है जब कुडनकुलम संयंत्र का नाम किसी साइबर घटना से जुड़ा हो। 2019 में भी इस संयंत्र के प्रशासनिक नेटवर्क पर उत्तर कोरिया से जुड़े एक हैकर समूह के मैलवेयर का पता चला था।

### इस प्लांट से ...

और यूनिट 4 के डिजाइन और कंस्ट्रक्शन का कॉन्ट्रैक्ट मिला था। फिलहाल ये दोनों यूनिट्स बन रही है और साल 2027 तक इसके चालू होने की उम्मीद है। चालू होने के बाद इससे कुल 2000 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

### आतंकी हमला तो ...

पर आतंकी हमला होता है तो 11.2 करोड़ डॉलर तक के बीमे का दावा किया जा सकता है। इस बीच, योट्टा ने कहा कि उसने 29 मई को रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के सर्वर पर संदिग्ध गतिविधि देखी थी, जिसे तुरंत रोक दिया गया और संभावित रैनसमवेयर हमले को निष्प्रभावी कर दिया गया था। हालांकि, जून के अंत में रिलायंस ने उसे बताया कि बाहरी साइबर हमलावरों ने डेटा चोरी का दावा किया है। योट्टा का कहना है कि वह इन दावों की पुष्टि नहीं कर पाया है, लेकिन उसने अपनी तकनीकी जांच रिपोर्ट रिलायंस को सौंप दी है और जांच में सहयोग कर रहा है।

### धीरेंद्र शास्त्री के....

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का भाई शालिग्राम गर्ग और उसका साथी अंकित मिश्रा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार घटना में शामिल एक अन्य नामजद और एक अज्ञात आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। यह पूरा मामला मंगलवार को राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोड़ा में तब गरमाया जब जमीन के विवाद को लेकर सरेआम गोलीबारी की गई। घायल किसान मोतीलाल कुशवाहा का आरोप है कि बागेश्वर धाम प्रमुख के भाई शालिग्राम गर्ग ने उन पर सीधे गोली चलाई। पीड़ित किसान ने पुलिस को बताया कि क्षेत्र के किसानों पर अपनी जमीनें बेचने का लगातार अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। उनका दावा है कि जो भी किसान अपनी जमीन बेचने से इनकार करता है, उसे डराया-धमकाया जाता है और उसके साथ मारपीट की जाती है। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बयान जारी कर खुद को इस पूरे विवाद से पूरी तरह अलग कर लिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि मेरा शालिग्राम गर्ग या परिवार के ऐसे मामलों से कोई लेना-देना नहीं है।

### 50% की संवैधानिक....

हवाला दिया। चूंकि याचिकाकर्ताओं की ओर से विस्तृत दलीलें अभी पूरी नहीं हो सकी हैं, इसलिए यह बहस गुरुवार को भी जारी रहेगी। विशेष पीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अगली सुनवाई गुरुवार दोपहर ढाई बजे निर्धारित की है। साल 2019 में राज्य सरकार द्वारा ओबीसी आरक्षण को बढ़ाए जाने के निर्णय के खिलाफ हाई कोर्ट में कुल 91 याचिकाएं दायर की गई थीं, जिन पर अब रोजाना सुनवाई हो रही है। पिछले सात वर्षों से लंबित इस न्यायिक विवाद के अंतिम फैसले का इंतजार प्रदेश के लाखों नौकरीपेशा अभ्यर्थी और राज्य सरकार दोनों ही कर रहे हैं।

### भारतीय रेलवे का ...

*हाइड्रोजन ट्रेन का सफर हरियाणा की धरती से शुरू होने जा रहा है। लगभग 90 किलोमीटर लंबे जींद-सोनीपत रेलखंड पर इस ट्रेन का तकनीकी परीक्षण पूरा हो चुका है। ट्रायल के दौरान यह ट्रेन 75 किमी/घंटे की रफ्तार से दौड़ी। कंप्रेस्ड हाइड्रोजन गैस को सुरक्षित रूप से स्टोर करने और ट्रेन में ईंधन भरने के लिए जींद में एक विशेष रिफ्यूलिंग और स्टोरेज यूनिट का निर्माण किया गया है। रेलवे ने इस तकनीक को विशेष रूप से उन रूटों के लिए तैयार किया है, जहां भौगोलिक परिस्थितियों के कारण बिजली के तार बिछाना बेहद मुश्किल और खर्चीला काम है। इस ट्रेन में 10 कोच होंगे, जो इसे ब्रॉड गेज पर चलने वाली दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन बनाते हैं। ट्रेन को चलाने के लिए इसमें दो ड्राइविंग पावर कार लगाई गई हैं, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 1200 किलोवाट है। हाइड्रोजन गैस की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया गया है। ट्रेन को हाइड्रोजन लीक डिटेक्टर और फ्लेम डिटेक्टर जैसी आधुनिक तकनीकों से लैस किया गया है, जो 24 घंटे सुरक्षा सिस्टम की निगरानी करेंगी।*

### प्रॉपर्टी हड़पने एक...

ज्यादा इंतजार नहीं हो सका और आरोपी प्रॉपर्टी डीलर ने अपने भाई के साथ मिलकर दो अलग-अलग पिस्टल से दंपती को गोली मार दी। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि ओल्ड सुभाष नगर बी-35/2 निवासी 64 साल के हेमंत फिलेमोन की लाश बेड से और उनकी पत्नी शकुंतला फिलेमोन (62) की लाश घर में सोफे से बरामद की गई थी।। हेमंत रेलवे से रिटायर्ड थे, जबकि उनकी पत्नी शकुंतला स्टाफ नर्स थी और वह भी रिटायर्ड हो गईं थीं। ग्राउंड फ्लोर पर दंपती रहते थे, जबकि ऊपर वाले फ्लोर पर किराएदार रहते थे। घटनास्थल का निरीक्षण और पीएम रिपोर्ट में पता चला कि दंपती की गोली मारकर हत्या की गई थी। घटनास्थल से कारतूस के खाली खोखे। मृतक के शरीर से बुलट मिले थे। पुलिस ओल्ड सुभाष नगर और मुख्य सड़क पर लगे करीब डेढ़ हजार सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए। फुटेज के आधार पर पुलिस को दो संदिग्ध नजर आए। पुलिस ने दोनों संदिग्धों से पूछताछ की, लेकिन उन्होंने पुलिस को गुमराह किया। सबूत जुटाने के बाद पुलिस ने संदिग्ध से लगातार करीब 12 घंटे तक पूछताछ की और वह टूट गए।

### जीतू पटवारी का ...

हरीश चौधरी ने कहा कि छात्रों की गूंज अभियान शिक्षा, रोजगार और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई का जनआंदोलन बन चुका है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा शुरू किए गए छात्रों की गूंज अभियान के माध्यम से कांग्रेस देश के हर छात्र को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि 200 किलोमीटर लंबी इस साइक्लोथॉन से दो दिनों में करीब दो लाख से अधिक लोग जुड़े और शिक्षा, रोजगार तथा छात्रों के अधिकारों की आवाज बुलंद हुई। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि यह साइक्लोथॉन केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि युवाओं के अधिकारों, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का आंदोलन है।

### हाईवे पर चक्काजाम,...

है, जो उनके साथ वादाखिलाफी है। किसानों के अनुसार, पहले प्रति हेक्टेयर 10 से 12 क्विंटल तक मूंग की खरीदी की जाती थी, लेकिन इस बार बंपर पैदावार होने के बावजूद खरीद की सीमा घटाकर सिर्फ 3 क्विंटल प्रति हेक्टेयर कर दी गई है।इस आंदोलन के चलते हाईवे पर यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा और इंदौर-हरदा के बीच सफर करने वाले यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। आंदोलन की शुरुआत में करीब 5 हजार किसान हाईवे पर टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए, हालांकि शाम होते-होते प्रदर्शनकारियों की संख्या में कुछ कमी दर्ज की गई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने मौके पर 500 से अधिक पुलिस जवान तैनात किए हैं। दूसरी ओर, किसान नेताओं का दावा है कि इस चक्काजाम में जिलेभर के ग्रामीण इलाकों से 20 हजार से ज्यादा किसान जुटेंगे।

### 5 जिलों से ...

हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ और किसान सड़क पर ही धरने पर डटे रहे। आंदोलन शुरू होने से पहले ही कलेक्टर सिद्धार्थ जैन और एसपी शशांक ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदर्शन स्थल का जायजा लिया और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। एसपी शशांक ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए नर्मदापुरम, रायसेन, बैतूल, इंदौर और छिंदवाड़ा जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल मंगवाया गया है। हाईवे और धरना स्थल पर पुलिस की लगातार पेट्रोलिंग जारी है, ताकि यातायात को सुचारू करने के साथ ही किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

### भारी वाहनों के ....

नर्मदापुरम और बैतूल जाने वाले वाहन संदलपुर फाटा, भैरूंदा, रेहटी, सलकनपुर, बुधनी और नर्मदापुरम होकर बैतूल पहुंचेंगे। हरदा से इंदौर की ओर जाने वाले भारी वाहनों के लिए भी करताना, छोटी-बड़ी छीपानेर, इटारसी, गोपालपुर, संदलपुर फाटा और खातेगांव का वैकल्पिक मार्ग तय किया गया है।


**कार्यालय नगर निगम, भोपाल**
विद्युत शाखा
अटल भवन नवीन मुख्यालय तुलसी नगर निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 194/वि.शा./2026 — दिनांक 14/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार परसेन्टेज/आयटमरेट मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाईन टेण्डर नं. | कार्य स्थल का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य हेतु निर्धारित एस ओ आर | निविदा की अवधि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_521394_1 | Providing and fixing octagonal pole (9 mtr) in different places in Ward No. 52 Bhopal | 1706250/- | 13000/- | 2000/- | Registered Electrical contractor in centralized registration system in MPPWD having valid electrical license | MPUADD Electrical SOR 2021 and MPPWD SOR 2024 | 01 माह | 02 माह |

नियम व शर्तें :-
निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि, धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे। समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। यदि किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वह website पर प्रदर्शित होगा। वह पृथक से सामाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा।

नि.क्र. 442/026/027 — कार्यपालन यंत्री (वि.) नगर निगम भोपाल



**मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित**
कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग क्र.-01, भोपाल
पंचानन भवन द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाष : 0755-2673196, E-mail : laghubpl01@gmail.com
क्रमांक : लउनि/निर्माण/संभाग-क्र 01, भोपाल/2026-27/58
भोपाल, दिनांक 15.07.2026

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्य की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती हैं :- **कार्य का नाम-** 1. औद्योगिक क्षेत्र मोही, तहसील मुलताई, जिला बैतूल में 5000 के.व्ही.ए. (5.00 एम.व्ही.ए.) पी.टी.आर. का विद्यमान सबस्टेशन में स्थापना का कार्य, (द्वितीय आमंत्रण) अनुमानित लागत राशि रुपये 44,31,723/- निविदा की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेगी। निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता हैं। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/126896/2026 — महाप्रबंधक (सं./नि)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)
हाऊसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)
चतुर्थ तल, नगर निगम मुख्यालय भवन,
सेकण्ड स्टाप तुलसी नगर, भोपाल - 462003

NIT No.- 01/HFA/2026 — Date : 15-07-2026

निविदा क्रमांक 2026_UAD_477216_4

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कोकता (रेरा पंजीयन नं. P-BPL-18-1980) स्थल पर निर्मित शेष कुल 07 एम.आई.जी. (3 बी.एच.के.) आवासों का व्ययन उच्चतम निविदा दर के आधार पर किये जाने हेतु ई-निविदा पद्धति के अन्तर्गत www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएँ दिनांक 17.07.2026 को 13.30 PM से 17.08.2026 समय 17:30 PM बजे तक आमंत्रित की जा रही हैं, जिसकी तकनीकी निविदा दिनांक 19.08.2026 को समय 10:30 AM बजे खोली जावेंगी। तकनीकी मूल्यांकन उपरांत योग्य निविदाकारों की वित्तीय निविदा खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र, अनिवार्य शर्तें एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होंगी।

उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा। नोटः- ऑनलाईन, ई-निविदा में समस्या होने पर ईमेल-bmcmp.hfa@gmail.com पर मेल करें, अथवा मोबाइल नंबर 9424499880 पर संपर्क करें।

नि.क्र. 445/026/027 — जोनल अधिकारी (HFA) नगर पालिक निगम भोपाल




हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-01-06-2026,to 23-07-26

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal, Recognised by Govt. of M.P. & NCTE New Delhi
DIRECT ADMISSION
QUALITY EDUCATION | AFFORDABLE FEES | A BETTER FUTURE
COURSES OFFERED — ESTD. 1999
UNDERGRADUATE PROGRAMMES (UG)
• B.A. • B.Com. (Plain) • B.Com. (Computer Application) • B.B.A. • B.C.A. • B.Sc. (Computer Science / IT) • B.Sc. PCM/CBZ • B.Sc. Microbiology / Biotechnology • B.Sc. Electronics/Environmental Science • B.Lib.I.Sc. • B.P.E.S.
POSTGRADUATE & DIPLOMA PROGRAMMES (PG)
• M.Sc. • Physics • Botany • Zoology • Microbiology • Biotechnology • Computer Science • Mathematics
• M.A. • English • Urdu • Political Science • Sociology • Economics
• M.Com. • M.Lib.I.Sc. • Chemistry • P.G.D.C.A.
• P.G. Diploma in Yogic Science
ADMISSION HELPLINE 7000306323
8889560478 | 9098276651 | 9826264575 | 8085377716
PROFESSIONAL COURSES CAMPUS D.El.Ed. B.Ed. B.P.Ed. M.P.Ed. M.Ed.
Mugalia Hat, Parwalia Sadak, Bhopal
Add.: 56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
0755-2660949, 2661064 www.jncbpl.com jlnpgcollege_bhopal@yahoo.com

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव

Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6288



**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

**शब्द पहेली- 6287 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6298


कठिनतम



MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंको को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू नवताल - 6297 का हल**



## खबर संक्षेप

### डाबर रेड टूथपेस्ट लाखों लोगों की पसंद बना

**नई दिल्ली।** डाबर रेड टूथपेस्ट देशभर के लाखों उपभोक्ताओं की पसंद बना हुआ है। इसकी आयुर्वेदिक संरचना में लौंग जैसे तत्व शामिल हैं, जो दांत दर्द से राहत देने में सहायक माने जाते हैं, तथा सूंठ जो मसूड़ों की देखभाल में मदद करती है। उपभोक्ताओं के विश्वास को और मजबूत बनाते हुए, डाबर रेड टूथपेस्ट को इंडियन डेंटल एसो. स्वीकृति मुहर भी प्राप्त है। ओरल केयर विशेषज्ञ डॉ. सोनिया दत्ता का कहना है कि डाबर रेड टूथपेस्ट आयुर्वेद की परंपरागत शक्ति और आधुनिक गुणवत्ता मानकों का संतुलित संगम है। यह उन लोगों के लिए एक भरोसेमंद विकल्प है।

### चंदन हेल्थकेयर की आय 48.67 करोड़ रुपए हुई

**लखनऊ।** चंदन हेल्थकेयर लिमिटेड ने 30 जून 2026 को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन अपडेट जारी किया। कंपनी ने वित्तवर्ष 2027 की पहली तिमाही में 48.67 करोड़ रुपए की परिचालन आय दर्ज की। कंपनी की मटेरियल सब्सिडियरी चंदन फार्मेसी लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2027 की पहली तिमाही 32.33 करोड़ की परिचालन आय दर्ज की है। परिचालन आय में यह वृद्धि कंपनी के बी2बी, बी2सी और सरकारी कारोबार में मजबूत प्रदर्शन, नेटवर्क के लगातार विस्तार के कारण संभव हुई।

### नई गैलेक्सी वॉच 22 को होगी लांच

**नई दिल्ली।** सैमसंग 22 जुलाई को आयोजित होने वाले गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में अपनी नई गैलेक्सी वॉच पेश करेगा। कंपनी का दावा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लैस यह स्मार्टवॉच यूजर्स को पहले से अधिक सटीक और व्यक्तिगत हेल्थ मॉनिटरिंग का अनुभव देगी। सैमसंग के अनुसार, नई गैलेक्सी वॉच लगातार बैकग्राउंड में काम करते हुए यूजर्स की सेहत से जुड़ा डेटा एकत्र करेगी और हेल्थ मॉनिटरिंग को रोजमर्रा की दिनचर्या का सहज हिस्सा बनाएगी।

## मानसून की बेरुखी से खरीफ फसल पर संकट मुरझा रहीं फसलें

# लगातार धूप और नमी की कमी के कारण खेतों में दरारें पड़ने लगी, किसानों की बढ़ी चिंता, नुकसान की आशंका

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मानसून की बेरूखी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पहली अच्छी बारिश के बाद बोई गई सोयाबीन की फसल अब लगातार धूप और नमी की कमी के कारण खेतों में मुरझाने लगीं हैं। बारिश नहीं होने के कारण सोयाबीन और धान की फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।



भागीरथ पाटीदार

किसान भागीरथ पाटीदार के अनुसार लगातार तेज धूप और मिट्टी में नमी की कमी के चलते खेतों में सोयाबीन के पौधे मुरझाने लगे हैं। कई स्थानों पर पौधों की बढ़वार रुक गई है, जिससे किसानों को उत्पादन प्रभावित होने की आशंका सता रही है। उन्होंने कहा कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो फसल को भारी नुकसान हो सकता है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना है।





धान और सोयाबीन की फसल

### सूख रहे सोयाबीन-धान के खेत

जून में सामान्य से करीब 40 प्रतिशत कम बारिश और जुलाई में भी अपेक्षित वर्षा नहीं होने से खरीफ की प्रमुख फसलें सोयाबीन और धान संकट में हैं। लगातार तेज धूप और नमी की कमी के कारण खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं,जबकि धान की नर्सरियां सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। यदि जल्द ही अच्छी बारिश नहीं हुई तो उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है। किसानों के अनुसार कई स्थानों पर किसानों को सूख चुकी सोयाबीन की फसल में रोटावेटर चलाकर दोबारा बुवाई की तैयारी करनी पड़ रही है। इससे किसानों पर बीज, खाद और मजदूरी का अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

## कई क्षेत्रों में आ सकती है दोबारा बुआई की नौबत

खेतिहर भगवान सिंह परमार के मुताबिक सोयाबीन की फसल के लिए इस समय पर्याप्त नमी बेहद आवश्यक है। समय पर बारिश नहीं होने की स्थिति में उत्पादन में गिरावट आ सकती है। ऐसे में किसानों की निगाहें अब बारिश पर टिकी हुई हैं। उनके अनुसार यदि अगले चार से पांच दिनों के भीतर अच्छी बारिश नहीं हुई तो फसल को गंभीर नुकसान हो सकता है। कई क्षेत्रों में दोबारा बुवाई की नौबत भी आ सकती है, जिससे खेती की लागत बढ़ जाएगी। किसान लखन सिंह ने बताया कि समय पर बुवाई के बाद फसल अच्छी स्थिति में थी, लेकिन अब बारिश नहीं होने से खेत सूखने लगे हैं। खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं और पौधे सूखने लगे हैं। उनका कहना है कि नमी की कमी के कारण इल्ली और तना मक्खी जैसे कीटों का खतरा भी बढ़ गया है। पर्याप्त नमी नहीं होने से कीटनाशकों का प्रभाव भी कम हो सकता है, जिससे किसान दवा के छिड़काव को लेकर असमंजस की स्थिति में हैं।



भगवान सिंह परमार

### विशेषज्ञों की सलाह

इस बीच कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह दी है कि जिनके पास सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है, वे मिनी स्प्रिंकलर के माध्यम से हल्की सिंचाई कर खेतों में नमी बनाए रखें। साथ ही डोरा चलाकर नमी संरक्षण करें और फसलों की नियमित निगरानी करते रहें। उन्होंने किसानों को खरपतवारनाशी और कीटनाशक का एक साथ मिश्रण बनाकर छिड़काव नहीं करने की भी हिदायत दी है, ताकि फसल पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

## हरेला पर्व पर 'श्री धन्वंतरि धाम हर्बल वर्ल्ड हिमालय' का शुभारंभ

# उत्तराखंड बनेगा वैश्विक आयुर्वेद और जैव विविधता का केंद्रः सीएम धामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

हरेला पर्व के अवसर पर हरिद्वार में 'श्री धन्वंतरि धाम हर्बल वर्ल्ड हिमालय' का शुभारंभ किया गया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के साथ इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर योगगुरु स्वामी रामदेव और आयुर्वेदाचार्य आचार्य बालकृष्ण सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 'हर्बल वर्ल्ड हिमालय' केवल एक उद्यान या संस्थान नहीं, बल्कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी ज्ञान परंपरा को भविष्य से जोड़ने वाला एक ऐतिहासिक प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना उत्तराखंड को केवल हर्बल राज्य के रूप में नहीं, बल्कि आयुर्वेद, हर्बल ज्ञान, अनुसंधान और इको-इनोवेशन के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस केंद्र से विद्यार्थी, वैज्ञानिक, शोधकर्ता और ज्ञान प्राप्त करने वाले लोग प्रकृति और चिकित्सा विज्ञान के संबंधों को करीब से समझ सकेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि यह स्थान देश और दुनिया के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा।

'हर्बल वर्ल्ड हिमालय' भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को भविष्य से जोड़ने वाला वैश्विक केंद्र बनेगा: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी




पौधरोपण करते हुए

### वैश्विक स्वास्थ्य और पर्यावरण चेतना का आंदोलन

रामदेव ने कहा कि 'श्री धन्वंतरि धाम हर्बल वर्ल्ड हिमालय' आचार्य बालकृष्ण की दूरदर्शी सोच और अथक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह दुनिया का पहला जीवंत हर्बल उद्यान बनने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जहां विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के औषधीय पौधों को एकत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल वनस्पतियों का संग्रह नहीं है, बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण की चेतना का आंदोलन है। स्थानीय संसाधनों और वैज्ञानिक अनुसंधान के माध्यम से विकास का नया मॉडल तैयार किया जा रहा है।

### चिकित्सा पद्धतियों और 964 चिकित्सा विधाओं का है संगम, समन्वय का प्रतीक

आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि 'हर्बल वर्ल्ड हिमालय' परंपरा और आधुनिकता, विज्ञान और अध्यात्म के समन्वय का प्रतीक है। यहां वनस्पति विज्ञान आधारित नौ चिकित्सा पद्धतियों आयुर्वेद, सिद्धा, यूनानी, चाइनीज, जापानी, कोरियन, मिश्र, ग्रीक और तिब्बती चिकित्सा पद्धतियों के साथ विश्व की लगभग 964 चिकित्सा विद्याओं को समाहित किया गया है। उन्होंने बताया कि 200 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित किए जा रहे इस हर्बल वर्ल्ड में जड़ी-बूटी उद्यान, फल उद्यान और नॉलेज पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। यह केंद्र छात्रों, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और आयुर्वेद प्रेमियों के लिए महत्वपूर्ण अध्ययन स्थल बनेगा। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य चिकित्सा के ऐतिहासिक ज्ञान को दुनिया तक पहुंचाना और आयुर्वेद की ज्ञान परंपरा को वैश्विक स्तर पर मजबूत करना है।

## प्रदेशभर के कर्मचारियों में खुशी की लहर

# मंडीबोर्ड में थोकबंद पदोन्नति की सौगात 848 अधिकारी-कर्मचारियों को मिला प्रमोशन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य कृषि उपज विपणन (मंडी) बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक सह आयुक्त कुमार पुरुषोत्तम के दिशा-निर्देश पर प्रदेश की 259 कृषि उपज मंडियों में कार्यरत 848 अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान की गई है। लंबे समय से पदोन्नति का इंतजार कर रहे कर्मचारियों में इस निर्णय से खुशी की लहर है।

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की अनुशंसा के आधार पर विभिन्न संवर्गों में पदोन्नति आदेश जारी किए हैं। इसमें उपयंत्री, मंडी निरीक्षक और सहायक वर्ग-3 सहित विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को लाभ मिला है। जारी आदेश के अनुसार 28 उपयंत्री (सिविल) को पदोन्नत कर सहायक यंत्री (सिविल) बनाया गया है। वहीं 774 मंडी निरीक्षकों को पदोन्नति का लाभ देते हुए उन्हें उच्च पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।




### पारदर्शी तरीके से आदेश हुए जारी

इसके अलावा 46 सहायक वर्ग-3 कर्मचारियों को पदोन्नत कर सहायक वर्ग-2 के पद पर नियुक्त किया गया है। मंडी बोर्ड प्रबंधन का कहना है कि पदोन्नति प्रक्रिया से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और मंडियों के कामकाज में और अधिक दक्षता आएगी। विभागीय पदोन्नति समिति की प्रक्रिया को पूरा करने के बाद पारदर्शी तरीके से ये आदेश जारी किए गए हैं। पदोन्नति आदेश जारी होने के बाद प्रदेशभर की कृषि उपज मंडियों में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों ने बोर्ड के इस निर्णय का स्वागत किया है। कर्मचारियों का कहना है कि बड़ी संख्या में पदोन्नति मिलने से नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है।

## रिलायंस फाउंडेशन का पुरी रथयात्रा में 'सेवा' अभियान शुरू

# श्रद्धालुओं के लिए भोजन, पेयजल और सुरक्षा व्यवस्था,स्वयंसेवकों की तैनाती की

एजेंसी ▶▶ पुरी

भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रिलायंस फाउंडेशन ने 15 से 27 जुलाई तक व्यापक सेवा अभियान शुरू किया है।

अभियान के तहत श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क सात्विक भोजन, सुरक्षित पेयजल, पुलिस सहायता केंद्रों को सहयोग और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाएं की गई हैं। रिलायंस फाउंडेशन के अनुसार, 50 किलोमीटर से अधिक लंबे प्रमुख यात्रा मार्ग पर करीब 90 पुलिस सहायता केंद्रों को सहयोग



प्रदान किया जा रहा है। वहीं, ड्यूटी पर तैनात लगभग 1,000 पुलिसकर्मियों के लिए शिफ्टवार पेयजल, ओआरएस, हल्का जलपान और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था भी की गई है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सहायता के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है।

### उद्देश्य श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाना

साथ ही, सेवा कार्यों के बेहतर समन्वय और निगरानी के लिए जीआईएस आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा। फाउंडेशन का कहना है कि इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य श्रद्धालुओं की यात्रा को अधिक सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाना है। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी ने कहा कि पुरी रथयात्रा करोड़ों लोगों की आस्था का पर्व है और श्रद्धालुओं, पुलिसकर्मियों तथा सेवा में जुटे सभी लोगों की सेवा करना भगवान जगन्नाथ की सेवा का ही एक स्वरूप है।

## सिरियम की रिपोर्ट में मिली बड़ी उपलब्धि

# समय की पाबंदी में मामले में एयर इंडिया दुनिया में चौथे स्थान पर

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

एयर इंडिया ने समय की पाबंदी के मामले में वैश्विक स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। एविएशन एनालिटिक्स फर्म सिरियम की जून 2026 की ऑन-टाइम परफॉर्मेंस रिपोर्ट के अनुसार, एयर इंडिया दुनिया की चौथी सबसे समय की पाबंद एयरलाइन रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, जून 2026 के दौरान एअर इंडिया की 15,135 उड़ानों का विश्लेषण किया गया, जिनमें से 86.85 प्रतिशत उड़ानें तय समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचीं, जबकि 86.23 प्रतिशत उड़ानें समय पर रवाना हुईं। इस दौरान एयरलाइन ने 99.7 प्रतिशत कंप्लीशन फैक्टर भी दर्ज किया, यानी लगभग सभी निर्धारित उड़ानों का संचालन सफलतापूर्वक किया गया। कंपनी के अनुसार यह उपलब्धि परिचालन क्षमता, बेहतर नेटवर्क प्लानिंग और घरेलू व अंतरराष्ट्रीय संचालन में किए गए निरंतर निवेश का परिणाम है। दिल्ली और मुंबई जैसे देश के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों से बड़े पैमाने पर उड़ानों का संचालन करने के बावजूद एयरलाइन ने समयबद्ध संचालन को बनाए रखा है। विमानों के टर्नअराउंड समय में सुधार, रियल-टाइम नेटवर्क मॉनिटरिंग और तेज़ परिचालन निर्णय लेने जैसी कई पहल की गई हैं।

## पीपुल्स कॉलेज ने मनाई 20वीं वर्षगांठ, न्यूजलेटर का विमोचन

**भोपाल।** पीपुल्स यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित पीपुल्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड रिसर्च सेंटर ने अपनी स्थापना की 20वीं वर्षगांठ उत्साह, गरिमा और भावनात्मक माहौल में मनाई। प्रोफेसर (डॉ.) पुनीता लक्ष्मी ने कार्यक्रम की शुरुआत 'उत्कृष्टता की यात्रा' शीर्षक से तैयार विशेष प्रस्तुति से हुई। इसमें कॉलेज की स्थापना से लेकर 20 वर्षों की उपलब्धियों, शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध, सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पूर्व विद्यार्थियों की सफलताओं को दर्शाया गया। पीपुल्स यूनिवर्सिटी की प्रतिकुलाधिपति मेघा विजयवर्गीय ने कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा, संवेदनशीलता और मानवता का श्रेष्ठ स्वरूप है। उन्होंने कहा कि संस्थान ने पिछले दो दशकों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक प्रशिक्षण के माध्यम से हजारों दक्ष नर्सिंग प्रोफेशनल तैयार किए हैं, जो देश-विदेश में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं। मुख्य अतिथि डॉ. (प्रो.) बीनू कुशवाह सिंह ने निजी और शासकीय नर्सिंग कॉलेजों के बीच एमओयू की आवश्यकता पर बल देते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

बिहार सरकार

निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,
–सह–पीठासीन पदाधिकारी, कोर्ट नं0–05, औरंगाबाद
अतिआवश्यक सूचना
**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा निम्नलिखित वाहन मालिकों/भूमि मालिकों/संबंधितो को सूचित किया जाता है कि बिहार मध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन के जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है। वादी नोटिस प्राप्त करने के बावजुद उपस्थित नहीं हुए है जिसके कारण अत्पाद अधिहरण वाद में अग्रेत्तर कारवाई में विलम्ब हो रहा है साथ ही साथ सभी वाहन/भूमि मकान मालिकों को मधनिषेध अधिनियम 2022 की नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र 4 में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति/वाहन का नवीनतम बीमाकृत मूल्य का 10 प्रतिशत या पाँच लाख के अन्दरपेनाल्टी के भुगतान पर जप्त वाहन एवं नियम 12(ख)के तहत भू स्वामी से प्रपत्र 5 में आपेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भूगतान नर जप्त/सिल परिसर को छोडने का प्रावधान है, जिसकी सुनवाई की तिथी 16.07.2026 में निर्धारित की गई है।

अधिहरण हेतु वाहन/भूमि मकान की सूची निम्न प्रकार हैः–

| क्र0 स0 | उत्पाद अधिहरण वाद संख्या | थाना काण्ड सं0/उत्पाद संख्या | वहन स्वामी/भूमि स्वामी का पूर्ण पता | जब्त वाहन का निबंधन संख्या/भूमि का खाता, प्लौट संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वाद सं0–155/25 | पौथु सदर उत्पाद थाना काण्ड सख्या 755/25 | भिखु सेनानी, पिता–ईन्द्र सिंह, ग्राम–डोंगवाडा, पो0–न्यौली, जिला–बडवानी, (मध्यप्रदेश) | हिरो एच0एफ0 डिलक्स मोटरसईकिल निबंधन MP46MS-6894 |

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य ब्यक्ति जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा अपने उपस्थित नही होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जायेगा।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

निदेशक, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण
–सह–
पीठासीन पदाधिकारी, उत्पाद न्या0 कोर्ट न0–05, औरंगाबाद

PR. No. 007804 (Excise) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

## बिजनेस न्यूज

### नाबार्ड और एनएसडीसी ने लांच किया 'ग्रामोदयम' कार्यक्रम

**मुंबई।** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने अपने 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर ग्रामीण युवाओं को उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 'ग्रामोदयम' कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह पहल राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सहयोग से कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के तहत संचालित की जाएगी, जबकि इसका क्रियान्वयन इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट करेगा। पायलट चरण में 'ग्रामोदयम' के माध्यम से तीन वर्षों में लगभग 4,000 ग्रामीण उद्यमियों को तैयार करने और उन्हें उद्यम स्थापित करने में सहयोग देने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के प्रभाव का मूल्यांकन लाभार्थियों की संख्या, प्रशिक्षण, प्रमाणन, उद्यम पंजीकरण, व्यवसाय संचालन और बिक्री प्रदर्शन जैसे प्रमुख मानकों के आधार पर किया जाएगा।

### एथर करेगी मास-मार्केट इलेक्ट्रिक स्कूटर का अनावरण 29 अगस्त को

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माता एथर एनर्जी 29 अगस्त 2026 को बेंगलुरु में आयोजित होने वाले एथर कम्युनिटी डे 2026 में अपने पहले मास-मार्केट इलेक्ट्रिक स्कूटर का अनावरण करेगी। इस वर्ष आयोजित होने वाले फ्लैगशिप इवेंट की थीम न्यू डॉन ऑफ मैजिक रखी गई है। कंपनी इस अवसर पर अपने नए ईएल प्लेटफॉर्म पर आधारित पहला स्कूटर पेश करेगी। इसके साथ ही एथर मास-मार्केट स्कूटर सेगमेंट में औपचारिक रूप से प्रवेश करेगी। एथर के अनुसार, ईएल प्लेटफॉर्म उसका अगली पीढ़ी का व्हीकल आर्किटेक्चर है और 450 प्लेटफॉर्म के बाद कंपनी का पहला पूरी तरह नया प्लेटफॉर्म है। इस प्लेटफॉर्म पर बना पहला स्कूटर 1 लाख से 1.25 लाख रुपए के मूल्य वर्ग में ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करेगा।

### जेएसडब्ल्यू समूह कॉन्गलोमरेट ब्रांड, ब्रांड मूल्य में 55 फीसदी की बढ़ोतरी

**मुंबई।** जेएसडब्ल्यू समूह को ब्रांड फाइनेंस इंडिया 100, 2026 की रिपोर्ट में भारत का सबसे तेजी से वृद्धि दर्ज करने वाला कॉन्गलोमरेट ब्रांड करार दिया गया है। इसका ब्रांड मूल्य सालाना स्तर पर 55 फीसदी बढ़कर 2.3 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक स्तर पर, ब्रांड मूल्यांकन से जुड़ी परामर्श कंपनी, ब्रांड फाइनेंस की ओर से जारी इस रैंकिंग से क्षमता विस्तार, विभिन्न किस्म के मूल्यवर्द्धित उत्पाद और वहनीयता पर व्यापक निवेश के मद्देनजर समूह की मज़बूत होती बाजार स्थिति रेखांकित होती है। ब्रांड फाइनेंस इंडिया 100, 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के शीर्ष 100 ब्रांड का कुल ब्रांड मूल्य सालाना आधार पर 7 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ रिकॉर्ड 252.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह बढ़ोतरी डिजिटल बदलाव, बुनियादी ढांचा, विनिर्माण, वित्तीय समावेश और मुख्य क्षेत्रों में नवोन्मेष में लगातार निवेश की वजह से हुई है। इस परिदृश्य में, जेएसडब्ल्यू समूह की 55 फीसदी की वृद्धि देश के विभिन्न कॉन्गलोमरेट ब्रांड में सबसे अधिक है।

### इंडसइंड बैंक ने किया कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के साथ एकीकरण

**मुंबई।** इंडसइंड बैंक ने घोषणा की कि उसने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत आने वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के साथ सफलतापूर्वक एकीकरण कर लिया है। इससे अब इंडसइंड के जरिए ईपीएफ अंशदान जमा करने की प्रक्रिया आसान और सुविधाजनक हो गई है। इस एकीकरण से संस्थान सीधे तौर पर ईपीएफओपोर्टल पर इंडसइंड बैंक का चुनाव कर सकते हैं और इंडसइंड बैंक के कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग तथा मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन - इंडस डायरेक्ट एवं इंडी फॉर बिजनेस के जरिए आसानी से भविष्य निधि योगदान कर सकते हैं। यह पहल, देश में बड़े पैमाने पर किए जाने वाले वैधानिक भुगतान में से एक को बैंक की डिजिटल प्रणाली से जोड़ती है।

### एनबीसी बियरिंग्स ने किया आफ्टर मार्केट कारोबार का विस्तार

**नई दिल्ली।** एनबीसी बियरिंग्स ने ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट में अपनी मौजूदगी को मजबूत करते हुए नई ऑटोमोटिव पार्ट्स रेंज लॉन्च की है। कंपनी ने इस कदम को अपनी विकास और विविधीकरण रणनीति का अहम हिस्सा बताया है। कंपनी अब बियरिंग्स के साथ-साथ दोपहिया, तिपहिया और पैसेंजर वाहनों के लिए वाइपर ब्लेड्स, ब्रेक पैड्स, बेल्ट्स, स्टीयरिंग रॉड्स और अन्य जरूरी ऑटोमोटिव पार्ट्स भी बाजार में उपलब्ध कराएगी। इस विस्तार का उद्देश्य तेजी से बढ़ते भारतीय ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट की मांग को पूरा करना और ग्राहकों को व्यापक मोबिलिटी समाधान प्रदान करना है। एनबीसी बियरिंग्स के प्रेसिडेंट और सीईओ रोहित साबू ने कहा कि भारत में वाहनों की बढ़ती संख्या, उनके लंबे उपयोग और उच्च गुणवत्ता वाले रिप्लेसमेंट पार्ट्स की बढ़ती मांग के कारण आफ्टरमार्केट तेजी से विकसित हो रहा है।

### एसईपीसी ने किया आवनीर में 90 फीसदी हिस्सेदारी अधिग्रहण का ऐलान

**चेन्नई।** एसईपीसी लिमिटेड, औद्योगिक अवसंरचना, प्रोसेस प्लांट्स तथा जल एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वाली अग्रणी ईपीसी कंपनी ने अपने निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत कई रणनीतिक प्रस्तावों की घोषणा की है। ये प्रस्ताव आवश्यक शेयरधारक एवं नियामकीय स्वीकृतियों के अधीन हैं। इन प्रस्तावों का उद्देश्य कंपनी के पूंजी आधार को मजबूत करना, वित्तीय लचीलापन बढ़ाना तथा अंतरराष्ट्रीय इंजीनियरिंग क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करना है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)
anagarpalika3@gmail.com

क्र./966 / न.पा./लो.नि.वि. / 2026-27 — ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना — आरंग, दिनांक 15.07.2026

एकीकृत पंजीयनप्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों की ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाख में) | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिमतिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 165530 | वार्ड क्र. 01 से 09 तक सपुनिर्माण, मरम्मत संधारण, ट्यूबवेल खनन एवं पाईप लाईन विस्तार तथा विद्युत विस्तार एवं संधारण कार्य (PWD ROAD SOR 20.06.2026, BUILDING SOR 10.06.2026, PHE SOR 2020 तथा ELECTRIC SOR 10.06.2026) | 18.00 | 05.08.2026 |
| 2 | 165531 | वार्ड क्र. 10 से 17 तक सपुनिर्माण, मरम्मत संधारण, ट्यूबवेल खनन एवं पाईप लाईन विस्तार तथा विद्युत विस्तार एवं संधारण कार्य (PWD ROAD SOR 20.06.2026, BUILDING SOR 10.06.2026, PHE SOR 2020 तथा ELECTRIC SOR 10.06.2026) | 18.00 | 05.08.2026 |
| 3 | 165534 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Municipal Council Arang under SBM 2.0 (2nd Call) | 573.48 | 31.07.2026 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति तथा निविदा दस्तावेज के संबंध में आवश्यक जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद आरंग

## चिंतन

# ट्रंप की टैरिफ की धमकी के बीच यूके से एफटीए

वैश्विक व्यापार इस समय एक दिलचस्प मोड़ पर खड़ा है। एक तरफ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की चेतावनी देकर आर्थिक दबाव की राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं, तो दूसरी ओर भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) लागू होना आर्थिक सहयोग के नए अध्याय की शुरुआत कर रहा है। ये दोनों घटनाएं बताती हैं कि आज दुनिया में व्यापार केवल वस्तुओं के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कूटनीति, रणनीति और राष्ट्रीय हितों का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। अमेरिका की प्रस्तावित टैरिफ नीति का निशाना रूस की ऊर्जा आय को कम करना है, लेकिन इसका असर भारत जैसे देशों पर भी पड़ सकता है, जिन्होंने अपनी ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए रूस से तेल खरीदना जारी रखा है। भारत आज रूस से सबसे अधिक कच्चा तेल खरीदने वाले देशों में शामिल है। सस्ते रूसी तेल ने भारत को महंगाई नियंत्रित रखने, ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण मदद की है। ऐसे में यदि रूस से तेल खरीदने के आधार पर भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की कोशिश होती है, तो यह केवल व्यापारिक फैसला नहीं, बल्कि आर्थिक दबाव बनाने की रणनीति होगी। अमेरिकी सीनेट में रूस पर प्रतिबंधों से जुड़ा एक संशोधित बिल पेश किया गया है। इसमें रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100% तक टैरिफ लगाने का प्रस्ताव है। इसका मकसद रूस की तेल से होने वाली कमाई को कम करना है, ताकि उसकी युद्ध लड़ने की क्षमता कमजोर हो सके। इसी बीच भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते का लागू होना भारत के लिए सकारात्मक संकेत है। यह समझौता केवल टैरिफ घटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, तकनीक और रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगा। भारतीय उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में लगभग शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने से वस्त्र, चमड़ा, इंजीनियरिंग, कृषि और एमएसएमई क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलने की संभावना है। दूसरी ओर भारतीय उपभोक्ताओं को ब्रिटेन से आने वाली कारें, स्कॉच व्हिस्की, कॉस्मेटिक्स, मेडिकल उपकरण और कई प्रीमियम उत्पाद अपेक्षाकृत कम कीमत पर उपलब्ध होंगे। हालांकि, एफटीए का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब भारतीय उद्योग गुणवत्ता, तकनीक और उत्पादकता के स्तर पर वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए स्वयं को तैयार करेंगे। केवल आयात सस्ता होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि निर्यात बढ़ाना और घरेलू उद्योगों को मजबूत बनाना भी उतना ही आवश्यक है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि मुक्त व्यापार का लाभ किसानों, एमएसएमई और छोटे उद्योगों तक भी पहुंचे। कुल मिलाकर ट्रंप की टैरिफ चेतावनी और भारत-यूके एफटीए, दोनों यह साबित करते हैं कि आने वाले समय में वैश्विक व्यापार का स्वरूप केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक और रणनीतिक भी होगा। जहां टैरिफ व्यापार को सीमित करने और दबाव बनाने का माध्यम बन सकता है, वहीं मुक्त व्यापार समझौते विकास, निवेश और साझी समृद्धि के रास्ते खोलते हैं। भारत के लिए सही रास्ता यही है कि वह दबाव की राजनीति से अप्रभावित रहते हुए अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करे और एफटीए जैसे समझौतों के जरिए वैश्विक बाजार में अपनी आर्थिक ताकत को और मजबूत बनाए। यही संतुलित नीति भारत को बदलती विश्व व्यवस्था में एक भरोसेमंद और प्रभावशाली आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करेगी।

# महाप्रभु जगन्नाथ...जगत के नाथ



**श्री जगन्नाथ रथ यात्रा**

द्रौपदी मुर्मू

बारह महीने में तेरह पर्व-त्योहार मनाए जाते हैं श्रीक्षेत्र में। लेकिन रथयात्रा की छटा तो निराली होती है। पूरे वर्ष भक्तगण यहां आकर महाप्रभु का दर्शन करते हैं मंदिर के अंदर जाकर। किंतु वर्ष में एक बार महाप्रभु अपने भव्य मंदिर से बाहर विशाल पथ (बोड़ो दांडो) पर आते हैं। भक्तों को दर्शन देते हैं। तीन रथ पर तीन ठाकुर बैठकर चक्रराज सुदर्शन के साथ गुंडिचा मंदिर की ओर यात्रा करते हैं। वहां 7 दिन तक रहकर लौट आते हैं। महाप्रभु का यह महापर्व अतुलनीय है। बचपन से मैं जगन्नाथ जी की भक्त हूं। वे सर्वदा मेरे परम आराध्य हैं। मेरे जीवन के उत्थान और पतन के वे नियंता हैं। मेरे दुख-सुख के कर्ता-धर्ता हैं।

बचपन से मुझे श्रीजगन्नाथ जी की अनेक प्रार्थनाएं और भजन याद हैं। स्कूल और कॉलेज में पढ़ते समय मैं गीत गाया करती थी। जगन्नाथ जी का भजन गाकर मैं खुश होती थी। महाप्रभु को अपने निकट पाती थी। अब गीत नहीं गाती। किंतु सांझ-सबेरे महाप्रभु का स्मरण करके उनके भजन गुनगुना लेती हूं। मुझे लगता है कि महाप्रभु हर वक्त मेरे आस-पास ही रहते हैं। विपदा-आपदा में मेरी मदद करते हैं। भक्तकवि मधुसूदन राव का गीत आज भी मैं मन ही मन गाती हूं

मेरे पास दिन-रात रहते हैं महाप्रभु परमेश्वर
यह बात याद कर हृदय में पूजूंगा उन्हें निरंतर

मैं कुछ समझने-बूझने की उम्र में पहुंचने तक जगन्नाथ जी को जानने लगी थी। हमारे घर में अक्सर जगन्नाथ जी की चर्चा होती थी। गांव के हर टोले में उनकी महिमा का बखान होता था। जब मैं गांव के स्कूल में पढ़ती थी, भक्त सालबेग की 'आहे नीड़ो शोइड़ो' प्रार्थना गाई जाती थी। स्कूल के शिक्षक जगन्नाथजी के बारे में तरह-तरह की बातें कहा करते थे। पुरी में बड़ा मंदिर है, इतना बड़ा मंदिर और कहीं नहीं है! मंदिर में श्रीजगन्नाथ जी अपनी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के साथ पूजे जाते हैं। जगन्नाथ जी का रंग काला है, उनकी आंखें गोल-गोल हैं। सुभद्रा जी का रंग पीला है, बलभद्र है चांदनी फूल की तरह सफेद। वह छवि एक बार देख लेने के बाद फिर भुलाए नहीं भूलती। सर यह भी कहते थे, जगन्नाथ हैं 'महाप्रभु', उनका प्रसाद 'महाप्रसाद' है, उनका मंदिर 'बड़ा मंदिर' है, उनका पथ 'विशाल पथ' (बोड़ो दांडो) है, और उनका समुद्र 'महोदधि' है। मयूरभंज के उपरबेड़ा गांव से पुरुषोत्तम क्षेत्र पुरी की दूरी बहुत थी! भला देखने का अवसर मुझे कहां मिलता? किंतु मैं भुवनेश्वर गई और मैंने यूनिट-2 के गर्ल्स हाईस्कूल में नाम लिखवाया। हॉस्टल में रहने लगी। उसके बाद मैंने पुरी, भुवनेश्वर और कोणार्क देखा। पहली बार जगन्नाथ दर्शन की स्मृति मेरे मन से मिटी नहीं है। बहुत बड़ा मंदिर, बड़े-बड़े देवता! भला ये सब भुलाए जा सकते हैं?

क्या भुलाई जा सकती है उनकी रथयात्रा? बारह महीने में तेरह पर्व-त्योहार मनाए जाते हैं श्रीक्षेत्र में। लेकिन रथयात्रा की छटा तो निराली होती है। पूरे वर्ष भक्तगण यहां आकर महाप्रभु का दर्शन करते हैं मंदिर के अंदर जाकर। किंतु, वर्ष में एक बार महाप्रभु अपने भव्य मंदिर से बाहर विशाल पथ (बोड़ो दांडो) पर आते हैं। भक्तों को दर्शन देते हैं। तीन रथ पर तीन ठाकुर बैठकर चक्रराज सुदर्शन के साथ गुंडिचा मंदिर की ओर यात्रा करते हैं। वहां सात दिनों तक रहकर लौट आते हैं। महाप्रभु का यह महापर्व अतुलनीय है। बचपन से मैं जगन्नाथ जी की भक्त हूं। वे सर्वदा मेरे परम आराध्य हैं। मेरे जीवन के उत्थान और पतन के वे नियंता हैं। मेरे दुख-सुख के कर्ता-धर्ता हैं। जीवन में मैंने बहुत कष्ट भी सहे हैं। उन सब दारुण दुखों से उबारा है मुझे महाबाहु ने। मैं उनकी बेटी जो हूं!

राष्ट्रपति पद के लिए मुझे उम्मीदवार बनाने की घोषणा होते ही मैंने महाप्रभु का स्मरण किया। इतनी ऊंचाई पर मुझे ले जा रहे हो प्रभु, पग-पग पर मुझे सहारा देना, सदा मेरे पास रहना - यह मेरी प्रार्थना थी।



उन्होंने मेरी प्रार्थना सुनी, सुन भी रहे हैं। राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में दिल्ली में रहने के दौरान रथयात्रा का महापर्व आया। परंतु पुरी जाना संभव नहीं था। रथयात्रा के दिन बड़े भोर में दिल्ली के हौजखास में बने जगन्नाथ मंदिर जाकर मैंने महाप्रभु के दर्शन किए। आनंद से भर गया मन। उनका आशीष मुझ पर बरस गया। बड़े आत्मविश्वास से मैंने अपना नामांकन-पत्र दाखिल किया। अत्यंत उत्साह से चुनाव कैंपेन में भाग लिया। 25 जुलाई, 2022 को पार्लियामेंट के सेंट्रल हॉल में शपथ लेने जाते समय मैं जगन्नाथ जी से प्रार्थना करते-करते जा रही थी। उनके आशीर्वाद से मेरा शपथ-पाठ खूब अच्छी तरह संपन्न हुआ। राष्ट्रपति के रूप में मेरे प्रथम भाषण के समय मानो वे मेरे साथ ही थे।

पुरी जाकर महाप्रभु के दर्शन के लिए मेरा मन व्याकुल हो उठा। दिन बीतते चले गए, लेकिन मैं पुरी नहीं जा सकी। मुझे लगा कि बिना उनके बुलावे के कोई कैसे उनके पास जा सकता है! मैंने मन ही मन उनसे कहा, मेरा कोई दोष हो तो क्षमा करो प्रभु, मुझे पुरी बुलाओ, दर्शन दो। वे 'भाव' के ठाकुर हैं। मेरा भाव कैसे नहीं समझते? कुछ ही दिनों में पुरी जाने का कार्यक्रम तय हो गया। उस दिन 10 नवंबर, 2022 था। पुरी में अवतरण करने के बाद कार-केड चल पड़ा श्रीमंदिर की ओर। कार-केड पुरी के प्रशस्त पावन-पथ पर पहुंचते ही मेरे अंदर एक अपूर्व भावना का संचार हुआ। यह विशाल-पथ महाप्रभु जगन्नाथ का ही है। यहां क्या आवश्यकता है प्रोटोकॉल की? पुरी तो क्षेत्रराज के रूप में प्रसिद्ध है। महाप्रभु देवाधिदेव हैं। और अधिक कुछ सोचने से पहले मैंने गाड़ी रुकवाई। मेरी गाड़ी रुकने पर पीछे आ रही सारी गाड़ियां रुक गईं। किसी के कुछ समझने से पहले मैंने पावन-पथ पर नंगे पैर चलना शुरू कर दिया। श्रीमंदिर लगभग दो किलोमीटर दूर था। मंदिर के नीलचक्र और पतित पावन-ध्वज को देखतेहुए मैं आगे बढ़ती चली गई।

पथ के दोनों किनारों पर खड़े बच्चों, महिलाओं, युवा-छात्रों और बुजुर्गों को नमस्कार भी करती जा रही थी। मेरा ध्यान था जगन्नाथ जी के पास। श्रीमंदिर के सिंहद्वार के पास पहुंचते ही मैं स्थिर नहीं रह पाई। तब तक मैं खुद को भूल चुकी थी। पावन-पथ की धूल में साष्टांग लेटकर मैंने महाप्रभु को प्रणाम किया। उसके बाद मंदिर में प्रवेश। गर्भगृह में पहुंचकर चतुर्धा मूर्तियों का दर्शन करते ही मैं आनंद से अभिभूत हो गई। महाप्रभु जगत के नाथ हैं, अनाथों के नाथ हैं। जगत के लोगों का दुःख दूर करने के लिए वे सदा तत्पर रहते हैं। इसलिए उनकी गोल-गोल आंखों की पलकें कभी नहीं झपकतीं। उनके लिए छोटा-बड़ा कोई नहीं है। वे सबको सामान दृष्टि से देखते हैं, समता के मंत्र से सबको अभिमंत्रित करते हैं। उनकी करुणा पाकर ही मैंने समाज के हर वर्ग की सेवा में स्वयं को समर्पित किया है। गोल-गोल आंखों वाले की ओर देखते हुए करबद्ध होकर बोली, आपके आशीर्वाद से मेरा यह समर्पण भाव हमेशा बना रहे, हे महाबाहु। देश-दुनिया पर अपनी छत्र-छाया बनाए रखें, हे कृपानिधि! यह कहते हुए मैं भक्तिभाव से विह्वल हो उठी। जगन्नाथ रथ यात्रा की सबसे विशेष बात यह है कि इसमें भगवान स्वयं अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए मंदिर से बाहर आते हैं। इस यात्रा में जाति, धर्म या पंथ का कोई भेद नहीं होता। मान्यता है कि जो भी भक्त पूरी श्रद्धा से रथ की रस्सी को खींचता है, उसे मोक्ष और सभी पापों से मुक्ति मिलती है।

(श्रीमती मुर्मू भारत की महामहिम राष्ट्रपति हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## रक्षा प्रणाली

प्रमोद भार्गव




# लंबी जंग की तैयारी के लिए सक्षम होता भारत

ऑपरेशन सिंदूर की छोटी लड़ाई के बाद भारत रक्षा-रणनीति में बदलाव के ऐसे संकेत दे रहा है कि पाकिस्तान या अन्य किसी देश से लंबी लड़ाई भी लड़नी पड़े तो उसकी युद्ध क्षेत्र में सक्षमता बनी रहे। नतीजतन पिछले सवा साल में भारत ने हथियार व अन्य उपकरणों की बड़ी खरीद की है अथवा उसकी तैयारी चल रही है। अतएव स्पष्ट संकेत है कि तीनों सेनाओं को अब सीमित जवाबी कार्रवाई के लिए नहीं, बल्कि लंबी और बहुस्तरीय लड़ाई के लिए तैयार किया जा रहा है। रक्षा क्रियान्वयन सलाहकार परिषद ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत हुए संघर्ष के बाद 55 प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिनकी कुल कीमत 9.80 लाख करोड़ रुपये हैं। यह राशि कई वर्षों में धीरे-धीरे खरीद सौदों, निर्माण कार्यों और योजनाओं के आधुनिकीकरण पर खर्च होगी। हाल ही में भारतीय निजी उद्योगपतियों को भी बड़ी रक्षा सामग्री के निर्माण की अनुमति दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर तीन नौसेनिक जहाजों आइएनएस दूनागिरी, आइएनएस संशोधक और आइएनएस अग्रय को नौसेना के बेड़े को सुपुर्द करते हुए कहा है कि 'कोई भी राष्ट्र समुद्र में अपनी क्षमता बढ़ाए बिना बड़ी शक्ति नहीं बन सकता है। ये संकेत स्पष्ट करते हैं कि ये तैयारियां भारत को सामरिक दृष्टि से वैश्विक पटल पर महत्वपूर्ण बना रही हैं। इन खरीदों में टैंक, तोप, ड्रोन, एयरडिफेंस इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और लंबी दूरी के सटीक हमले के लिए एआई नेटवर्क आधारित युद्ध क्षमता को विकसित करने के बड़े संकेत हैं। दरअसल रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास और अमेरिका-ईरान तथा पश्चिम एशिया के देशों में चल रहे युद्ध को देखते हुए भारत की सैन्य सोच बदली है। हालांकि पनडुब्बियों और पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों की भी बड़ी संख्या में जरूरत है। भारत ने मार्च 2025 में 54 हजार करोड़, जुलाई में 1.05 लाख करोड़, अगस्त में 67 हजार करोड़, अक्टूबर में 79 हजार करोड़ की रक्षा सामग्री खरीद के प्रस्ताव अलग-अलग देशों को दिए हैं। फरवरी 2026 में 3.6 लाख करोड़ की रक्षा सामग्री खरीद प्रस्तावों को मंजूरी देने के साथ 114 नए राफेल विमान भी खरीदे जा रहे हैं। इसी माह जुलाई में 52 हजार करोड़ की सामग्री सैन्य-बलों की जंगी क्षमता बढ़ाने के लिए दिए गए हैं। साफ है, भविष्य में भारत का किसी देश से युद्ध होता है तो वह लंबी लड़ाई की सामर्थ्य दिखाने में अग्रणी रहेगा। स्वदेशी तकनीक से निर्मित जो तीन युद्धपोत सेना में शामिल किए गए हैं, उनसे वाकई भारत की समुद्र में ताकत बढ़ी है, क्योंकि बीते कुछ वर्षों में 40 से अधिक स्वदेश में ही निर्मित युद्धपोत और पनडुब्बियां समुद्र में तैनात कर दिए हैं। भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ाने वाले ये जहाज और पनडुब्बियां भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ देश की औद्योगिक क्षमता बढ़ाने वाली है। आने वाले दिनों में इनके निर्यात के द्वार भी खुल जाएंगे। अतएव पश्चिम बंगाल की ब्लू इकोनोमी का बड़ा केंद्र बन जाएगा। भारत में नौसैनिकों की सुविधाओं के लिए 45 बड़े प्लेटफॉर्म भी तैयार किए जा रहे हैं। आइएनएस दूनागिरी अत्याधुनिक हथियारों और संवेदनशील प्रणालियों के साथ ब्रह्मोस मिसाइल से संपन्न है।

ब्रह्मोस सतह से सतह और सतह से आकाश तक शत्रु पर सटीक हमला करने में युद्धपोत पर लगे नवीनतम उपकरण एवं स्टेल्थ तकनीक के कारण यह मिसाइल रडार की पकड़ में नहीं आती है। इसकी इस विलक्षणता के चलते ब्रह्मोस मिसाइल को दूसरे देश भी खरीद रहे हैं। आइएनएस संशोधक देश का सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत है। इसे तटीय क्षेत्रों व गहरे समुद्री इलाकों में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने तथा रक्षा एवं नगरिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण आंकड़े जुटाने के उद्देश्य से निर्मित किया गया है। आइएनएस अग्रय पनडुब्बी रोधी युद्धपोत है। उथले समुद्री क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों और अन्य खतरों का मुकाबला करने में इसे अत्यंत प्रभावी माना जा रहा है। यह टारपीडो, स्वदेशी रॉकेट लांचर और उथले जल के लिए विकसित सोनार प्रणाली से लैस है। इसके चलते समुद्र के भीतर गुप्त खतरे का इसे पता चल जाता है। स्वदेशी युद्धपोत निर्माण की इस क्षमता ने भारत को पोत निर्माण में आत्मनिर्भर बना दिया है। इस उपलब्धि से समुद्र में भारतीय हितों की रक्षा का अभियान और प्रभावी ढंग से चलाया जा सकेगा। इसके पहले भारत स्वदेशी तकनीक से परमाणु पनडुब्बी आईएनएस 'अरिहंत' का निर्माण 2009 में शुरू करके 2013 में इसे समुद्र में जलावतरण भी कर चुका है। इस स्वदेशी परमाणु चालित पनडुब्बी अरिहंत का परमाणु रिएक्टर चालू होना हमारी स्वदेशी तकनीकि क्षमताओं को विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम था।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण




संकलित

**दर्शन**

आत्मसंयम मनुष्य की ऐसी आंतरिक क्षमता है, जिसके आधार पर मनुष्य अपना समग्र विकास करने में सक्षम होता है। बुरी आदतों पर नियंत्रण आत्मसंयम की शक्ति से ही संभव है। असल में यही खराब आदतें हमारी प्रगति की राह में अवरोध बनती हैं। यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मसंयम में सही ताल मिल जाए तो असंभव से लक्ष्य को भी सरलता से प्राप्त किया जा सकता है। संयम एक ऐसा बीज मंत्र या आवरण है, जो हर स्थिति में कारगर होता है। इस संसार में जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनका जीवन यही संदेश देता है कि उनके उत्कर्ष में आत्मसंयम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आत्मसंयमी होना श्रेष्ठ व्यक्ति का प्रथम लक्षण है। जिन लोगों में आत्मसंयम होता है उनका स्वास्थ्य, रिश्ते, आर्थिक स्थिति और करियर अन्य लोगों की अपेक्षा बेहतर होता है। ऐसे लोग जीवन से अधिक संतुष्ट रहते हैं। उन्हें जीवन अधिक सार्थक लगता है। आत्मसंयम का जीवन रचनात्मकता से ओतप्रोत होता है। यह सद्गुण काम, क्रोध, लोभ, मोह और भय को दूर करने के साथ व्यक्ति के व्यक्तित्व को गहराई एवं गंभीरता प्रदान कर उसके जीवन को सुखप्रद बनाता है। आत्मसंयम का महामंत्र आत्मसात कर हम असीमित इच्छाओं के अश्व की लगाम अपने हाथ में रख सकते हैं। थोड़ा गहराई में जाएं तो संयमी की यात्र कंकर से शंकर बनने की है। हमें अपने जीवन में आत्मसंयम की आवश्यकता इसलिए भी पड़ती है, ताकि हम पथ से भटके बिना अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सफल हो सकें।

# गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित

**प्रेरणा**

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्योधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्योधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### होर्मुज संकट : विश्व आर्थिकी के लिए बढ़ता खतरा

अमरीका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक चिंता का विषय बना दिया है। यदि यह समुद्री मार्ग लंबे समय तक बाधित रहता है, तो इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार व्यवस्था प्रभावित होगी। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि क्षेत्रीय संघर्ष अब वैश्विक संकट का रूप ले सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। प्रतिदिन दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल और बड़ी मात्रा में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति इसी रास्ते से होती है। जहाजों की आवाजाही अगर बाधित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आना स्वाभाविक है। – *बलराम सिंघल, अंबाला*

## ट्रेंड

### ट्रेड एग्रीमेंट



आज से भारत-यूके कॉम्प्रिहेन्सिव इकोनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट लागू हो गया है। उम्मीद है कि यह अहम समझौता 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार को $100 बिलियन तक पहुंचाएगा।
-**अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### अंतरिक्ष उड़ान



भारतीय मूल के नासा अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन ने अपनी पहली अंतरिक्ष उड़ान के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर कदम रखा है। यह मिशन नई रिसर्च, टेक्नोलॉजी में इनोवेशन और अंतरिक्ष अभियानों के लिए नई संभावनाओं का रास्ता खोलेगा।
- **सम्राट चौधरी,** सीएम, बिहार

### पारदर्शी परीक्षा प्रणाली



पारदर्शी परीक्षा प्रणाली हर छात्र का अधिकार है। कांग्रेस पार्टी देश भर में छात्रों के इस अधिकार के लिए लड़ रही है। मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में यह समस्या और भी गंभीर है, जहां व्यापम, पटवारी भर्ती, कॉन्स्टेबल भर्ती और नर्सिंग कॉलेज जैसे घोटाले हुए हैं।
- **कमलनाथ,** पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

### दर्शकों का अपमान




फिल्मों पर सेंसरशिप असल में दर्शकों का अपमान है। स्मार्टफोन और बेहिसाब जानकारी तक पहुंच के इस दौर में, यह सोचना कि सरकार की बनाई कमेटी किसी सच्चाई के बारे में फिल्ममेकर के नज़रिए से बालिग लोगों को बचा सकती है, ये सिर्फ़ पुरानी सोच है, बल्कि बेवकूफ़ी भी है।
- **रामगोपाल वर्मा,** फिल्मकार

## करंट अफेयर

# ग्रेट बैरियर रीफ के लिए खतरा बना है जल प्रदूषण

जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले प्रवाल विरंजन (कोरल ब्लीचिंग) को आमतौर पर ग्रेट बैरियर रीफ के लिए सबसे बड़ा खतरा माना जाता है, लेकिन दुनिया की इस सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति प्रणाली के सामने खराब जल गुणवत्ता भी एक गंभीर चुनौती है।



खेती, शहरों और वन क्षेत्रों से बहकर नदियों में पहुंचने वाली मिट्टी (तलछट) समुद्र में दूर तक पहुंच जाती है। इसकी अधिक मात्रा प्रवाल भित्तियों और समुद्री घास (सीग्रास) के मैदानों को ढक सकती है, जबकि उर्वरकों और कीटनाशकों के अवशेष स्थिति को और खराब कर देते हैं। जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक समस्या है, लेकिन जल गुणवत्ता ऐसा मुद्दा है जिस पर ऑस्ट्रेलिया सीधे कार्रवाई कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने हाल के वर्षों में बार-बार इस पर चिंता जताई है। वर्ष 2023 के बाद जारी चौथे मसौदा निर्णय में भी जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ खराब जल गुणवत्ता को प्रमुख खतरा बताया गया है। मसौदे में 2024-25 में प्रवाल विरंजन, खराब जल गुणवत्ता, मछली पकड़ने के ऐसे गैर टिकाऊ तरीके और तटीय भूमि के अनुचित उपयोग से हुए नुकसान पर ऑस्ट्रेलियाई सरकार से रिपोर्ट मांगी गई है।

## ऑफ बीट

# खुद सब्जियां उगाने वाले कम करते हैं भोजन बर्बाद

जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले (जिनका आहार अक्सर समुचित नहीं होता है), के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है।



इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3.4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है। हाल के वर्षों में ब्रिटेन और अन्य जगहों पर बगीचों, सामुदायिक उद्यानों और आवंटित भूमि पर ताजा फसल एवं सब्जियां उगाने में दिलचस्पी फिर से बढ़ी है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

भाजपा संग गठबंधन के सवाल पर भी बोलीं सुप्रिया

# ‘परिसीमन बिल’ पर पवार गुट केंद्र सरकार के साथ, लोकसभा सीटों की संख्या में 50 फीसदी बढ़ोतरी का भी किया समर्थन

सब अटकलों के बीच बुधवार को एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने बुधवार को ऐलान किया कि उनकी पार्टी केंद्र सरकार के प्रस्तावित परिसीमन बिल का समर्थन करेगी। हालांकि इस दौरान उन्होंने एक बड़ी शर्त भी रखी है

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की सियासत में शरद पवार की पार्टी एनसीपी (एसपी) के भविष्य को लेकर तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही है।



मीडिया में इस तरह की रिपोर्ट आई हैं कि शरद पवार की पार्टी ( राकंपा) के कई विधायक भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल होना चाहते हैं। इन सब अटकलों के बीच बुधवार को एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने बुधवार को ऐलान किया कि उनकी पार्टी केंद्र सरकार के प्रस्तावित परिसीमन बिल का समर्थन करेगी। हालांकि इस दौरान उन्होंने यह शर्त रखी कि केंद्र सभी राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रावधान करे।

## भाजपा के सीनियर नेताओं संग पार्टी की बैठकें भी हो चुकीं

गठबंधन के लगाए जा रहे कयास



सुले का यह ऐलान इसलिए अहम हैं क्योंकि एनसीपी (एसपी) ने बजट सत्र के दौरान प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया से जुड़े केंद्र के संविधान संशोधन बिल के खिलाफ वोट किया था। अब इस समय शरद पवार की पार्टी के अंदर दल की राजनीतिक दिशा को लेकर चर्चा चल रही है। पिछले कुछ दिनों में एनसीपी (एसपी) के नेताओं की भाजपा के सीनियर नेताओं संग कई बैठकें भी हो चुकी हैं।

## केंद्र संशोधन करे तो हम समर्थन देने को राजी

सुप्रिया सुले ने कहा कि अगर केंद्र सरकार परिसीमन बिल में सीटों की संख्या 50 प्रतिशत बढ़ाने का संशोधन करती है, तो हम उसका समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं कोई नई बात नहीं कह रही हूं। हमने हमेशा यही कहा है कि अगर ये संशोधन किए जाते हैं तो हम बिल का समर्थन करेंगे। हमारे रुख में कोई बदलाव नहीं है। उन्होंने कहा कि जब संसद में यह बिल पहली बार पेश किया गया था, तब टीएमसी और डीएमके सहित कई विपक्षी दलों ने यह मांग उठाई थी। उन्होंने कहा कि टीएमसी और डीएमके सहित हम सभी ने यह रुख अपनाया था। ऐसा नहीं है कि यह बात पहली बार कही जा रही है।

## फडणवीस कर चुके पाटिल से मुलाकात

भाजपा संग गठबंधन की अटकलों को कम करने करने की कोशिश करते हुए सुप्रिया सुले ने कहा कि जब वह संसदीय दल की मीटिंग के लिए लखनऊ में थी, तब उन्होंने सबके सामने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि अगर एनसीपी (एसपी) को भाजपा के साथ गठबंधन करना होता तो वह खुलकर नहीं मिलतीं। सुप्रिया सुले द्वारा यह सफाई देवेंद्र फडणवीस और जयंत पाटिल की मुलाकात की बाद दी गई है। इससे पहले सुनीत तटकरे और प्रफुल्ल पटेल भी मुख्यमंत्री देवेंद्र से मिल चुके हैं। इसी वजह से एनसीपी (एसपी) और भाजपा के बीच गठबंधन के कयास लगाए जा रहे हैं।

## एनडीए में शामिल होने से किया इनकार


एनडीए में शामिल होने की किसी भी संभावना को खारिज करते हुए सुले ने कहा कि उनकी पार्टी मजबूती से इंडी गठबंधन के साथ बनी हुई है। सुले ने जोर देकर कहा कि हमारे बारे में कई तरह की अफवाहें हैं। सारी जानकारी सूत्रों पर आधारित है। हमारी पार्टी की छवि खराब की जा रही है। हमारे कहीं और जाने का कोई सवाल ही नहीं उठता। हम इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं।

---

## खबर संक्षेप

### राहुल को राहत, कोर्ट ने रद्द की निगरानी याचिका

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह पर कथित विवादित टिप्पणी से जुड़े मानहानि केस में कांग्रेस सांसद



राहुल गांधी को एमपी-एमएलए कोर्ट से राहत मिली है। स्पेशल जज राकेश यादव ने भाजपा नेता विजय मिश्र की निगरानी याचिका खारिज कर दी। अदालत नेआदेश में हस्तक्षेप से इनकार किया। मानहानि की सुनवाई का रास्ता साफ हो गया है।

### 11 हजार केवी लाइन का तार टूटा, 5 लोग झुलसे

**नोएडा।** के सेक्टर-63 थाना क्षेत्र के छिजारसी में बुधवार शाम हाईटेंशन बिजली लाइन का तार



टूटकर सड़क पर गिरने से बड़ा हादसा हो गया। करंट की चपेट में आने से पांच लोग झुलस गए, जबकि एक स्कूटी में आग लग गई। घायलों को आसपास के लोगों और पुलिस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक की हालत गंभीर है।

### टीएमसी के बागी गुट में शामिल हुए मित्रा

**कोलकाता।** टीएमसी के विधायक मदन मित्रा पार्टी के बागी गुट में शामिल हो गए हैं। इस बागी गुट का



नेतृत्व राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता ऋतब्रत बेनर्जी कर रहे हैं। इस कदम से पार्टी के अंदर जारी विवाद और गहरा हो गया है। मित्रा को पूर्व मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी का करीबी माना जाता है।मित्रा ने सभी समितियों से इस्तीफा दे दिया है।

### नीट यूजी फीस रिफंड की लास्ट डेट फिर बढ़ी

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से नीट यूजी फीस रिफंड के लिए लास्ट डेट को एक




बार फिर से 31 जुलाई तक के लिए बढ़ा दिया गया है। ऐसे में जो छात्र किसी कारणवश भी तक अपनी फीस वापसी के लिए आवेदन नहीं कर सके वे ऑनलाइन माध्यम से बैंक डिटेल अपडेट कर सकते हैं।

---

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में कई बड़े निर्णय लिए गए

# एनएच-19, वाराणसी रिंग रोड के बीच 6 लेन एलिवेटेड कॉरिडोर से लाखों लोगों को होगा लाभ, समय बचेगा

## केंदीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने दी जानकारी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश के बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) और औद्योगिक विकास को एक नई ऊंचाई देने के लिए अब तक के सबसे बड़े निवेश प्रस्तावों में से एक को हरी झंडी दे दी है। बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई युगांतकारी निर्णय लिए गए, जिनकी घोषणा केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की। देश को वैश्विक विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) हब बनाने और कनेक्टिविटी को सुगम बनाने के उद्देश्य से कैबिनेट ने कुल 2,19,353 करोड़ के कुल बजट वाले सा बड़े प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की है। यह विशाल पैकेज देश की आर्थिक विकास दर को तेज करने और औद्योगिक परिदृश्य को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगा।

केंद्रीय कैबिनेट ने एनएच-19 और वाराणसी रिंग रोड के बीच 14,447.64 करोड़ की लागत से बनने वाले 6 लेन के ग्रीनफील्ड एलिवेटेड कॉरिडोर को मंजूरी दी है।

### 2,19,353 करोड़ की परियोजना स्वीकृत

एनएच-19 उत्तर प्रदेश के आगरा से शुरू होकर पश्चिम बंगाल के कोलकाता (डंकुनी) तक जाता है। यह लगभग 1323 किलोमीटर लंबा मार्ग है जो उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल राज्यों से होकर गुजरता है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इस बारे में बताया। उन्होंने बताया कि 2,19,353 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी दी है।




### यातायात होगा सुगम, जाम से मुक्ति मिलेगी

**गंगा नदी के किनारे छह लेन का कॉरिडोर:** वाराणसी में भीड़ कम करने के उद्देश्य से कैबिनेट ने एनएच-19 और वाराणसी रिंग रोड के बीच गंगा नदी के किनारे कनेक्टिविटी के साथ एक लिंक/कनेक्टर कॉरिडोर के विकास को मंजूरी दे दी है। 46.039 किमी लंबी इस परियोजना में 6 लेन का एलिवेटेड मेन कैरिजवे, एक प्रतिष्ठित केबल-स्टे ब्रिज, एक्स्ट्राडोज्ड फुट ओवर ब्रिज-कम-मेजर ब्रिज, लूप, रैंप, लिंक रोड और सर्विस रोड शामिल हैं। यह परियोजना हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (एचएम) के तहत कुल 14,447.64 करोड़ की पूंजी लागत पर अमल में लाई जाएगी।

### वरुणा के किनारे कॉरिडोर

वाराणसी में यातायात जाम कम करने के लिए,वरुणा नदी के किनारे एनएत -31 और वाराणसी रिंग रोड को जोड़ने वाले 43.218 किमी लंबे लिंक/कनेक्टर कॉरिडोर के विकास को मंजूरी दे दी है। इसमें मुख्य कैरिजवे, फ्लाईओवर, लूप, रैंप और सर्विस रोड सहित 6/4 लेन का एलिवेटेड कॉरिडोर शामिल है। इसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से हाइब्रिड एन्युटी मॉडल के तहत 10,998.32 करोड़ से बनाया जाएगा।

### ओडिशा-झारखंड की 2 रेलवे परियोजनाओं को दी मंजूरी, 145 किमी बढ़ेगा रेल नेटवर्क

बैठक में रेलवे मंत्रालय की दो मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इनकी कुल अनुमानित लागत 3,907 करोड़ है और इन्हें 2030-31 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें पारादीप-हरिदासपुर रेल लाइन का दोहरीकरणऔर राजखरसावां-डांगोआपोसी रेलखंड पर चौथी लाइन का निर्माण शामिल है। ओडिशा और झारखंड के चार जिलों में भारतीय रेलवे नेटवर्क का करीब 145 किलोमीटर विस्तार होगा। इससे रेल मार्ग की क्षमता बढ़ेगी, ट्रेनों का संचालन अधिक सुचारु होगा और माल एवं यात्री परिवहन में सुधार आएगा।

### नई राष्ट्रीय निवेश नीति भी बनाई

कैबिनेट ने यूरिया क्षेत्र में नए निवेश को बढ़ावा देने के लिए आत्मनिर्भर भारत के लिए यूरिया-2026 की राष्ट्रीय निवेश नीति को मंजूरी दे दी। उर्वरक विभाग द्वारा प्रस्तुत इस नीति का मुख्य उद्देश्य देश में गैस-आधारित नई यूरिया निर्माण इकाइयों की स्थापना को आकर्षित करना है, ताकि घरेलू उत्पादन बढ़े और आयात पर निर्भरता कम हो।

### नीति के प्रमुख फायदे

- **पारदर्शिता बढ़ेगी:** निश्चित और परिवर्तनशील लागतों को अलग-अलग किया जाएगा।
- **व्यावहारिक रिटर्न:** इक्विटी पर रिटर्न के लिए 12% न्यूनतम और 16% अधिकतम सीमा तय।
- **विदेशी मुद्रा जोखिम कम:** चार साल बाद निश्चित लागत को रुपये में बदलने का प्रावधान।
- **बड़ी बचत:** प्रत्येक नए संयंत्र पर 250 करोड़ से अधिक की बचत होने का अनुमान।

### सेमीकॉन 2.0 मिशन को मंजूरी

वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने 1.27 लाख करोड़ के बजट के साथ इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन या सेमीकॉन 2.0 मिशन के दूसरे एडिशन को मंजूरी दे दी है। वैष्णव ने चिप बनाने को बढ़ावा देने के साथ-साथ, मोबाइल पीएलआई स्कीम को बढ़ाने देने की भी घोषणा की।

### 62,500 करोड़ की एमपीएमएस योजना को दी मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम को मंजूरी दे दी है। 62,500 करोड़ के बजट वाली यह योजना भारत में मोबाइल फोन का उत्पादन बढ़ाने, घरेलू स्तर पर अधिक पुर्जों के निर्माण को बढ़ावा देने, सप्लाई चेन मजबूत करने और भारतीय मोबाइल ब्रांडों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। यह योजना 5 वर्षों के लिए लागू रहेगी।

---

ममता का बागियों को संदेश

## अभिषेक बेनर्जी के हाथों में ही रहेगी टीएमसी की कमान

**कोलकाता।** ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस की संस्थापक और पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री



ममता बेनर्जी ने साफ कर दिया है कि उनके भतीजे अभिषेक बेनर्जी ही भविष्य में पार्टी के नेता बनेंगे। उन्होंने बुधवार को वीडियो बयान जारी करके राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी का खुलकर समर्थन किया। मदन मित्रा और सुदीप बंद्योपाध्याय जैसे दिग्गज नेताओं के द्वारा अभिषेक पर निशाना साधे जाने के बाद ममता का यह वीडियो बागी नेताओं को स्पष्ट संदेश दे रहा है।

### गद्दारों की ओर से मैं जनता से माफी मांगती हूं

ममता ने पार्टी छोड़ने वाले नेताओं को ‘गद्दार’ करार दिया। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के जिन गद्दारों ने अपने निजी हितों के लिए इस कठिन समय में पार्टी की पीठ में छुरा घोंपा है, मैं उनकी ओर से बंगाल की जनता से हाथ जोड़कर माफी मांगती हूं। कुछ लोग केंद्रीय एजेंसियों के डर से या अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के कारण पार्टी को धोखा दे रहे हैं।

### आवाज का नमूना देने कोर्ट पहुंचे अभिषेक

सांसद अभिषेक बेनर्जी ने विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए कथित धमकी भरे भाषण



से जुड़े मामले में बुधवार को विधाननगर एसडीजेएम (सब-डिविजनल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट) अदालत में अपना आवाज का नमूना (वॉयस सैंपल) दिया। कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश के बाद बेनर्जी दोपहर में अदालत पहुंचे और करीब डेढ़ घंटे तक वहां मौजूद रहे।

---

नोएडा के ममूरा में 5 मंजिला मकान में भीषण आग

आग लगने से करीब 50 परिवार फंसे

## ईवी चार्जिंग के दौरान आग ने 2 की ले ली जान, 100 लोगों को बचाया

एजेंसी ▶▶ नोएडा

फेस-3 थाना क्षेत्र के सेक्टर-66 में ममूरा गांव के अंदर एक पांच मंजिला मकान में बुधवार को आग लगने से करीब 50 परिवार फंस गए। इस हादसे में दो लोगों की मौत होने की सूचना है, जिसमें स्नेहा 26 वर्षीय महिला और एक अज्ञात व्यक्ति शामिल है। फेज-3 थाना इलाके के ममूरा गांव स्थित इमारत में लगी आग की चपेट में 2 लोगों की मौत हो गई। आग की शुरुआत एक इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी में हुए धमाके से हुई थी। आग तेजी से फैल गई और आसपास खड़े



कई वाहन भी इसकी चपेट में आ गए। आग लगने के समय भवन के अंदर करीब 50 परिवार मौजूद थे। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग और पुलिस का दल मौके पर पहुंचा। दमकल कर्मियों ने तत्काल बचाव अभियान चलाकर भवन में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

### योगी ने बचाव कार्य में तेजी लाने को कहा

नोएडा में आग की घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राहत और बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए हैं। घायलों के बेहतर इलाज और प्रभावित परिवारों तक हर संभव मदद समय पर पहुंचाने के लिए प्रशासन को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है। योगी ने कहा कि किसी तरह की कोई कमी नहीं होना चाहिए।

---



## सीजेआई को अपशब्द कहने वाले 2 लॉ स्टूडेंट गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के दौरान हंगामा करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने 2 कानून के छात्रों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर अदालत की कार्यवाही में बाधा डालने, अभद्र व्यवहार करने और सुरक्षाकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करने का आरोप है। फिलहाल दोनों आरोपी पुलिस रिमांड पर हैं और मामले की जांच फिलहाल जारी है।

---

विशाल रथ, लाखों भक्त और एक अनूठी परंपरा

## आज से शुरू हो रही जगन्नाथ रथ यात्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओडिशा के पुरी में हर साल जगन्नाथ रथ यात्रा बड़ी भव्यता के साथ निकाली जाती है। यह उत्सव हिंदू धर्म के अहम त्योहारों में शामिल है। इसे देखने के लिए देश-दुनिया से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पुरी पहुंचते हैं। इसमें देवता मंदिर के बाहर आकर पुरी की गलियों से गुजरते हुए श्रद्धालुओं को दर्शन देते हैं। इस रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और बहन सुभद्रा तीनों लकड़ी के बने रथों पर विराजमान होते हैं, जिन्हें हजारों की संख्या में श्रद्धालु खींचते हैं। रथ यात्रा का आयोजन गुरुवार से हो रहा है।



‘दक्षिण मोड़ा’ रस्म

**पुरी।** पुरी में बुधवार को रथ यात्रा उत्सव से पहले, लोग जगन्नाथ मंदिर के सामने तीनों रथों को सही जगह पर लाने के लिए ‘दक्षिण मोड़ा’ रस्म निभाते हुए।

---

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त कुरैशी ने कहा

## 150 लोगों के लिए 8 करोड़ को परेशान किया एसआईआर का मकसद सूची से नाम हटाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची से नाम हटाने पर अधिक केंद्रित है और इससे लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि एसआईआर से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। अपनी नई किताब ‘इंडिया एंड आईः ए हंड्रेड मेमोरीज, नॉट अ मेमॉयर’ के विमोचन से पहले कुरैशी ने कहा कि मौजूदा एसआईआर प्रक्रिया में इस बात पर अधिक ध्यान



दिया जा रहा है कि कितने लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएं, जैसे अधिक से अधिक नाम हटाने पर चुनाव आयोग को इनाम मिलने वाला हो। मतदाता के रूप में पंजीकरण कराना संवैधानिक अधिकार है, लेकिन ऐसी स्थिति बनाई जा रही है जैसे चुनाव आयोग लोगों को यह सुविधा इनाम के रूप में दे रहा हो।

### पहले छोटी-मोटी गलतियों को नजरअंदाज किया

कुरैशी ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का ध्यान अधिकतर नाम हटाने पर है। ऐसा लगता है कि कितने लोगों को मतदाता सूची से बाहर किया जा सकता है, यही इसका मुख्य उद्देश्य बन गया है। उन्होंने अपने कार्यकाल का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिए जाते थे कि छोटी-मोटी गलतियों को नजरअंदाज किया जाए।

---

वांगचुक की भूख हड़ताल पर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिखाई सख्ती

## केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस, सुनवाई आज

प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जंतर मंतर पर जारी है प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे सोनम वांगचुक का मामला दिल्ली हाई कोर्ट पहुंच गया है। जलवायु कार्यकर्ता वांगचुक बीती 28 जुलाई से आमरण अनशन कर रहे हैं। वांगचुक द्वारा की जा रही भूख हड़ताल को लेकर हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। हाईकोर्ट ने गुरुवार तक जवाब देने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की खंडपीठ सुनवाई कर रही थी।



### सैनी ने दायर की याचिका

याचिका सामाजिक कार्यकर्ता और वकील राकेश कुमार सैनी ने दाखिल की है। याचिका में केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई है कि वांगचुक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया जाए और उनकी जान बचाने के लिए जरूरत पड़ने पर उन्हें जबरन भोजन दिया जाए।

**वांगचुक का वजन 8.5 किलो घटा**

15 जुलाई को यह हड़ताल 18वें दिन पर पहुंच गई। सोनम का वजन 8.5 किलो घट चुका है। उनकी सेहत बिगड़ रही है, चलने-फिरने में तकलीफ हो रही है और ब्लड प्रेशर भी कम हो रहा है। डॉक्टर उनकी लगातार निगरानी कर रहे हैं।

### समर्थकों और सेलेब्स ने हड़ताल खत्म करने की अपील की

सीजेपी के अभिजीत दीपके और महुआ मोइत्रा समेत कई नेताओं, समर्थकों और आम लोगों ने सोनम वांगचुक से भूख हड़ताल खत्म करने की अपील की है। महुआ मोइत्रा ने कहा कि उनका उद्देश्य पूरा हो गया है और अब उनकी जान खतरे में है। वे हड़ताल तोड़ दें। उनके समर्थन में अब कई फिल्मी सितारे भी खुलकर सामने आए हैं। जीनत अमान , प्रकाश अभिनेता ओमी वैद्य ने सोनम का समर्थन किया है। वहीं नसीरुद्दीन शाह ने अनशन खत्म करने की अपील की।

# पाक की हुकूमत के खिलाफ भारी गुस्सा

# वतन दो या कफन? पाक के खिलाफ पीओके में बगावत, जेएएसी ने किया अलग देश बनाने का ऐलान

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के खिलाफ जनाक्रोश तेजी से बढ़ रहा है। जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) के प्रमुख नेता सरदार अमन कश्मीरी ने एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए अलग स्वतंत्र देश बनाने की मांग को जोरदार तरीके से दोहराया। मुजफ्फराबाद की ओर प्रस्तावित पैदल मार्च से ठीक पहले अमन कश्मीरी ने साफ कहा कि यह आंदोलन अब हर हाल में जारी रहेगा और जेएएसी की मूल मांग हमारा अपना वतन है। अमन कश्मीरी ने कहा कि हमें अपना देश चाहिए। जेएएसी नेताओं ने दावा किया कि कम से कम 40,000 प्रदर्शनकारियों ने मुजफ्फराबाद की ओर पैदल मार्च करने की योजना बनाई है।

जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के संयोजक सरदार अमन कश्मीरी ने एक विशाल जनसभा में जोरदार ऐलान किया कि अब पीओके की जनता पाकिस्तान के साथ नहीं, बल्कि अपना अलग स्वतंत्र वतन चाहती है।

▶▶ भारी जनसमर्थन से गदगद हैं अमन कश्मीरी, 40 हजार लोग करेंगे मार्च

▶▶ पीओके में प्रदर्शन रोकने के लिए 4000 सुरक्षा बल किए तैनात कई शहर में कर्फ्यू


जन समूह को संबोधित करते अमन कश्मीरी

» पाक की ज्यादतियों और शोषण के खिलाफ पीओके में गुस्सा

» पाक के कब्जे वाले कश्मीर में आजादी की मांग के नारे

## नेताओं पर भी बोला हमला

इस दौरान जेएएसी नेता ने पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर के मुख्यधारा के राजनीतिक नेताओं पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि ये नेता लोगों की उम्मीदों को पूरा करने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं और पाकिस्तानी मिलिट्री के साथ मिलकर स्थानीय जनता के हितों को बेच रहे हैं। अमन कश्मीरी ने कहा कि आपकी किस्मत में संघर्ष नहीं लिखा था, बल्कि चापलूसी और सत्ता की खुशामद लिखी थी।

### व्यापारियों-ट्रांसपोर्टरों को सलाम

आंदोलन में विभिन्न वर्गों के योगदान को स्वीकार करते हुए सरदार अमन कश्मीरी ने व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, युवाओं और आम नागरिकों को विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ महीने यानी पूरे छह हफ्तों से आप लगातार सड़कों पर डटे हुए हैं। मैं आप में से हर एक को उस अटूट इरादे और हौसले के लिए सलाम करता हूं।

## पाक जेएएसी पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रहा

पाकिस्तान में शहबाज शरीफ की सरकार पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पोओके) स्थित ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) को सशस्त्र और प्रतिबंधित संगठन घोषित करने की योजना बना रही है। हालांकि जेएएसी के समर्थक भारी संख्या में सैन्य बलों की तैनाती, खून-खराबा और क्रूर प्रतिक्रिया के बावजूद अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखे हुए हैं।


पाक सरकार का पुतला फूंका


विरोध प्रदर्शन में जुटी भारी भीड़

## खबर संक्षेप

### कांगो में इबोलाः 2000 पार हुए संक्रमित

**नई दिल्ली।** अफ्रीकी देश कांगो में इबोला वायरस बेकाबू हो चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में संक्रमितों का कुल आंकड़ा 2,011 तक पहुंच गया है, जबकि अब तक 754 मरीजों की मौत हो चुकी है।



हालात इतने गंभीर हैं कि स्वास्थ्य अधिकारी इस प्रकोप के पहले मरीज यानी पेशेंट जीरो की पहचान भी नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा, बुंडीबुग्यो इबोला वायरस के लिए अब तक कोई स्वीकृत वैक्सीन या प्रभावी इलाज उपलब्ध नहीं होने के कारण चुनौती और ज्यादा बढ़ गई है।

### अमेरिका के सिक्के पर ट्रंप की तस्वीर

**नई दिल्ली।** अमेरिका की आजादी की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर अमेरिकी सरकार 1 डॉलर का नया सोने का सिक्का जारी करने जा रही है। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बताया कि इस 24 कैरेट के स्मारक सिक्के पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर होगी। सिक्के पर लिबर्टी, इन गॉड वी ट्रस्ट के साथ 1776-2026 उकेरा गया है। किसी जीवित राष्ट्रपति की तस्वीर सिक्के पर छापने को लेकर अमेरिका में विवाद शुरू हो गया है, क्योंकि पारंपरिक रूप से ऐसा नहीं किया जाता है।




### अवैध मनी ट्रांसफर में भारतीय को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर की एक अदालत ने बिना लाइसेंस के अवैध रूप से सीमा पार धन-अंतरण (मनी ट्रांसफर) कारोबार चलाने के आरोप में 45 वर्षीय भारतीय नागरिक राजू कृष्णमूर्ति को करीब 11 महीने की जेल और 60,000 सिंगापुर डॉलर जुर्माने की सजा सुनाई है। कृष्णमूर्ति ने लिटिल इंडिया इलाके में एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर इस अवैध कारोबार के जरिए 2.8 करोड़ सिंगापुर डॉलर से अधिक का लेनदेन किया था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 3.14 लाख सिंगापुर डॉलर नकदी और 30 एटीएम कार्ड जब्त किए हैं। अब जेल भेज दिया है।



## बेल्जियम और ईयू नेताओं से मिले

# ऊर्जा और इनोवेशन समेत कई मुद्दों पर जयशंकर ने की चर्चा

▶▶ बंदरगाहों समुद्री क्षेत्र सेमीकंडक्टर और आपूर्ति सहित कई क्षेत्रों में करेंगे सहयोग



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बेल्जियम और यूरोपीय संघ (ईयू) के शीर्ष अधिकारियों के साथ कई अहम बैठकें कीं। इस दौरान भारत-बेल्जियम रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने, व्यापार, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा, कनेक्टिविटी और तकनीकी सहयोग सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। जयशंकर ने बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री मैक्स प्रीवोट के साथ ब्रुसेल्स में पहली भारत-बेल्जियम रणनीतिक वार्ता की सह-अध्यक्षता की।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच साझेदारी में महत्वपूर्ण विस्तार हुआ है और वार्ता में भारत के बेल्जियम तथा यूरोपीय संघ के साथ संबंधों को नई ऊंचाई देने की महत्वाकांक्षा दिखाई दी।

### स्टार्टअप्स, रिसर्च और इनोवेशन की तलाशी संभावनाएं

इसके अलावा विदेश मंत्री ने यूरोपीय संघ की स्टार्टअप्स, रिसर्च और इनोवेशन आयुक्त एकातेरिना जाखारिएवा से भी मुलाकात की। बैठक में स्वच्छ और हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान, नवाचार केन्द्रों, स्टार्टअप्स और होराइजन यूरोप कार्यक्रम के साथ भारत के सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई।जयशंकर ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच अनुसंधान, नवाचार और तकनीकी साझेदारी को बढ़ाने के लिए नए अवसरों पर विचार किया गया। उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा, स्टार्टअप इकोसिस्टम और अत्याधुनिक तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग को भविष्य की साझेदारी का अहम हिस्सा बताया।

### सहयोग बढ़ाने को सहमत

विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि बैठक में राजनीतिक, आर्थिक, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा, मोबिलिटी और फार्मास्यूटिकल क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की गई। इसके अलावा बंदरगाहों, समुद्री क्षेत्र, सेमीकंडक्टर और आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने वैश्विक घटनाक्रमों, विशेष रूप से पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

## 949 अरब डॉलर के बाजार में बांग्लादेश-चीन को मिलेगी कड़ी टक्कर

# खुशखबर! भारत-यूके एफटीए से टूटेगी महंगाई की कमर, शराब-कार होंगे सस्ते

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूके के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) बुधवार से लागू हो रहा है। इससे भारतीय एक्सपोर्टर्स के लिए बांग्लादेश और चीन के मुकाबले बेहतर स्थिति में आने की उम्मीद है। साथ ही भारतीय सर्विस प्रोवाइडर्स और प्रोफेशनल्स के लिए ज्यादा मौके मिलने की संभावना है। भारत के लिए बहुत बड़ा मौका है क्योंकि यूके में होने वाले 949 अरब डॉलर के इंपोर्ट में भारत की हिस्सेदारी 2% से भी कम है।

कई साल की बातचीत और एक साल से ज्यादा समय तक चली लागू करने की प्रक्रिया के बाद यह एग्रीमेंट लागू हुआ है। यूके ने 117 आइटम्स छोड़कर सभी प्रोडक्ट्स के लिए जीरो-टैरिफ व्यवस्था लागू की है। इससे भारतीय टेक्सटाइल्स, फूड प्रोडक्ट्स, लेदर और फुटवियर, इंजीनियरिंग गुड्स और फार्मा सेक्टर को सबसे ज्यादा फायदा होगा।

बता दें, 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर 120 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। करीब 3 साल में 14 राउंड की बातचीत के बाद 24 जुलाई 2025 को वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटिश व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने पीएम नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर की मौजूदगी में इस समझौते पर साइन किए थे।

**भारत और ब्रिटेन** के बीच द्विपक्षीय व्यापार अभी 60 अरब डॉलर का है

**एफटीए के तहत** इसे अगले 3-4 साल में 100 अरब डॉलर तक पहुंचाना है

◀ यूके के 949 अरब डॉलर के इंपोर्ट में भारत की हिस्सेदारी 2% से भी कम है

◀ टेक्सटाइल्स, फूड प्रोडक्ट्स, लेदर और फुटवियर सेक्टर को फायदा


पीयूष गोयल और ब्रिटिश व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स

### 1 भारत में ये चीजें सस्ती मिलेंगी

इंग्लैंड से आयात होने वाले सामानों पर औसत टैरिफ 15% से घटकर 3% होगा। 85% सामान 10 साल में पूरी तरह टैरिफ-मुक्त होंगे। इससे कई चीजें सस्ती होंगी। आयातित होने वाली स्कॉच व्हिस्की और जिन पर भारत का टैरिफ 150% से घटकर 75% हो जाएगा। बाद में समझौते के दसवें साल तक इसे घटाकर 40% कर दिया जाएगा। उदाहरण- 5000 रुपए की स्कॉच बॉटल 3500 रुपए में मिलेगी। जगुआर लैंड रोवर, रोल्स रॉयस जैसी महंगी कारों पर टैरिफ 100% से कोटा सिस्टम के तहत 10% तक आ जाएगा। इससे ये कारें 20-30% सस्ती हो सकती हैं। इसके अलावा सैल्मन, लैंब, चॉकलेट, बिस्किट और सॉफ्ट ड्रिंक्स पर टैरिफ कम होगा। इससे ये उत्पाद सस्ते होंगे। यूके के कॉस्मेटिक्स, मेडिकल उपकरण और एयरोस्पेस पार्ट्स पर कम टैरिफ से ये सामान सस्ते होंगे।



### 2 भारत को फायदा होगा

यूके में भारतीय कपड़ों और होम टेक्सटाइल्स जैसे चादर, परदे पर 8-12% टैक्स लगता था, वो अब पूरी तरह खत्म हो जाएगा। इससे हमारे कपड़े बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों के मुकाबले सस्ते और ज्यादा कॉम्पिटीटिव हो जाएंगे। तिरुप्पुर, सूरत और लुधियाना जैसे एक्सपोर्ट हब में अगले तीन साल में 40% तक की ग्रोथ हो सकती है।भारत से यूके जाने वाली ज्वेलरी और चमड़े के सामान जैसे बैग, जूतों पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे छोटे बिजनेस और लग्जरी ब्रांड्स को बड़ा फायदा होगा। साथ ही यूके के रास्ते यूरोप में भारत का दबदबा और बढ़ेगा। यूके ने भारतीय मशीनरी, इंजीनियरिंग टूल्स और ऑटो पार्ट्स जैसे कार के पुर्जे पर लगने वाला इम्पोर्ट टैक्स खत्म कर दिया है। इससे भारत, यूके और यूरोप की इंडस्ट्रियल सप्लाई चेन और मजबूत होगी। पुणे, चेन्नई और गुड़गांव जैसे मैन्युफैक्चरिंग हब को फायदा होगा।

### पीएम मोदी बोले- किसानों, एमएसएमई और पेशेवरों को मिलेगा बड़ा लाभ

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता तथा सामाजिक सुरक्षा समझौते के लागू होने को दोनों देशों की साझेदारी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि इन समझौतों से भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को नई गति मिलेगी। पीएम ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए कहा कि सीईटीए भारत के किसानों, उद्यमियों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए ब्रिटेन के बाजार तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करेगा। इससे भारतीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और कारोबार के नए अवसर पैदा होंगे। यह समझौता प्रौद्योगिकी, पेशेवर सेवाओं और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करेगा। साथ ही, कुशल भारतीय पेशेवरों की आवाजाही को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंध और अधिक सुदृढ़ होंगे।



## एमडीएल में जारी है 14 फास्ट पेट्रोल वेसल परियोजना के काम

# तटरक्षकबल को मिली बड़ी कामयाबी, स्वदेशी वाटरजेट्स का हुआ पहला 'सफल' परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच तटरक्षकबल को बड़ी सफलता मिली है। जिसमें गोवा में एमएस एमजेपी इंडिया में देश के भीतर बनाए गए मरीन जेट पावर वाटरजेट्स का पहला फैक्ट्री स्वीकृति परीक्षण सफलता के साथ पूरा किया गया है। एमजेपी इंडिया स्वीडन की एमजेपी एबी से तकनीक हस्तांतरण (टीओटी) के जरिए भारत में स्थापित की गई एक उन्नत वाटरजेट प्रणोदन प्रणालियों के निर्माण और परीक्षण के लिए समर्पित एक सुविधा है। तटरक्षकबल ने कहा कि इस प्रक्रिया के जरिए रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को और अधिक मजबूती मिलेगी, रक्षा आपूर्ति श्रृंखला अधिक सुदृढ़ तथा लचीली बनेगी। इसके अलावा मामले में विदेशी वास्तविक उत्पाद निर्माताओं (ओईएम) पर निर्भरता घटेगी।



### आत्मनिर्भरता को मिलेगा बढ़ावा

तटरक्षकबल ने बताया कि इस परीक्षण का निरीक्षण बल, वर्गीकरण संस्था, मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। यह देश की समुद्री आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। वर्तमान समय में तटरक्षकबल की 14 फास्ट पेट्रोल वेसल परियोजना है। इन सभी का निर्माण एमडीएल द्वारा किया जा रहा है।

## बोले, पूर्व अमीर थानी दूरदर्शी नेता थे

# केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने दी कतर के अमीर को श्रद्धांजलि

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने कतर के अमीर शेख हमद बिन खलीफा अल थानी के निधन के बाद उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। वह बीते मंगलवार को कतर की यात्रा पर रवाना हुए थे। जिसका उद्देश्य अमीर के निधन पर शोक जताने के लिए खाड़ी के इस महत्वपूर्ण देश में भारत का नेतृत्व करना था। उन्होंने बुधवार को पोस्ट से बताया कि मैंने, कतर पहुंचने पर भारत की सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे देश की आम जनता की ओर से कतर के अमीर की मृत्यु को लेकर शोक संवेदनाएं प्रकट की हैं। बता दें, शेख अल थानी का निधन बीते 12 जुलाई को हुआ था। जिसके बाद भारत ने भी एक दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की थी। जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में मौजूद सभी प्रमुख सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज को आधा झुकाया गया था।



## पोलैंड के मंत्री का बयान

# पीएम मोदी ने पुतिन को परमाणु हमले से पहले ही रोक दिया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पोलैंड के डिप्टी विदेश मंत्री व्लादिस्लाव तेओफिल बार्तोशेव्स्की ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ा दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2022 के आखिर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन युद्ध में टैक्टिकल परमाणु हथियार इस्तेमाल करने से रोकने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत-पोलैंड संयुक्त आर्थिक आयोग की बैठक के बाद बार्तोशेव्स्की ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन दुनिया के जिन गिने-चुने वैश्विक नेताओं की बात गंभीरता से सुनते हैं, उनमें पीएम मोदी शामिल हैं। भारत और रूस के पुराने व गहरे रिश्तों की वजह से पुतिन पर पीएम मोदी का खासा असर है और वे उन चुनिंदा लोगों में हैं जो पुतिन पर दबाव डाल सकते हैं। यह बयान यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम मोदी की सफल कूटनीतिक कोशिशों को दर्शाता है।



## जनरल चौहान के मसौदा प्रस्ताव सौंपने के बाद हुआ था यह अभ्यास

# थिएटर कमांड गठन की चर्चाओं के बीच संवाद अभ्यास 'तिरंगा' की रही महत्वपूर्ण भूमिका

एक महीने तक रक्षा मंत्रालय और तीनों सशस्त्र सेनाओं ने संयुक्त रूप से कमांड गठन की प्रक्रिया पर एक साथ बैठकर तमाम मुद्दों पर की चर्चा, दूर हुई चिंताएं

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

अलग खबर

रणनीतिक स्तर पर देश के सबसे बड़े सैन्य सुधारों में गिने जा रहे थिएटर कमांड के गठन को लेकर रक्षा मंत्रालय में एक बार फिर से सुगबुगाहट तेज हो गई है। जिसमें कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) को रक्षा मंत्रालय द्वारा इस संबंध में प्रस्ताव सौंपे जाने से पहले नए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एन.एस.राजा सुब्रमणि जल्द ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को मामले पर एक वृहद प्रस्तुति दे सकते हैं। जिसका आधार पूर्व सीडीएस जनरल अनिल चौहान द्वारा इस मामले पर रक्षा मंत्रालय को मसौदा प्रस्ताव सौंपे जाने के तुरंत बाद हुआ मासिक संवाद अभ्यास 'तिरंगा' है। सूत्रों ने बताया यह एक टेबलटॉप एक्सरसाइज थी। जिसमें कमांड गठन के मसौदे को मंत्रालय को सौंपे जाने के बाद की तमाम जरूरी चर्चाओं के सिलसिले को शामिल किया गया था। अभ्यास का कोडनेम तिरंगा रखा गया था।

### अभ्यास का महत्व

*संवाद अभ्यास में तीनों सेनाओं ने इस मामले को लेकर व्यापक रूप से अपने-अपने विचार ने केवल साझा किए बल्कि उन पर बड़े पैमाने पर चर्चा की। जिसके अंत में बातचीत पूरी होने और तीनों सैन्यबलों के मध्य बनी हुई चिंताओं के दूर होने की बात कही गई। सीडीएस जनरल सुब्रमणि की प्रस्तुति में भी इस अभ्यास के निष्कर्षों, तीनों सेनाओं के बीच हुए मंथन में सामने आए अहम बिंदुओं, सुझावों को बड़े पैमाने पर शामिल किया जाएगा। बता दें, थिएटर कमांड तीनों सेनाओं का मिश्रित रूप होगा। जो किसी भी आपात परिस्थिति में संयुक्त रूप से दुश्मन से दो-दो हाथ करेंगी।*

### एक साथ नहीं बदलेगा 17 कमांड का नक्शा

पूर्व सीडीएस जनरल अनिल चौहान द्वारा अपनी सेवानिवृत्ति से पहले रक्षा मंत्री को इन कमांड के गठन से जुड़े प्रस्ताव का मसौदा सौंपा गया था। जिसके बाद उन्होंने कहा था कि इस विषय पर तीनों सेनाओं के बीच सहमति बन चुकी है। लेकिन सरकार से मामले पर हरी झंडी मिलने के बाद थिएटर कमांड के गठन में लगभग डेढ़ से दो साल का वक्त लगेगा। उन्होंने स्पष्ट किया था कि तीनों सेनाओं की कुल 17 कमांड को एक वक्त में ही थिएटर कमांड में तब्दील नहीं किया जाएगा। बल्कि यह प्रक्रिया चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ेगी। बता दें, भारत में रक्षा क्षेत्र में सुधारों की चर्चा की शुरुआत वर्ष 1999 में पाकिस्तान के साथ कारगिल में नियंत्रण रेखा पर लड़े गए युद्ध के बाद गठित की गई कारगिल समीक्षा समिति के गठन के साथ शुरू हुई थी। जिसकी सिफारिशों की समीक्षा 2011 नरेश चंद्रा समिति द्वारा की गई। लेकिन तीनों सशस्त्र सेनाओं के सर्वोच्च अधिकारी यानी सीडीएस के पद और थिएटर कमांड को बनाए जाने की सिफारिश 2016 में शेकेटकर समिति ने रक्षा मंत्रालय से की थी।



## 14 से 15 जुलाई तक पूर्वी कमांड के दौरे पर रहे थे

# सेनाप्रमुख जनरल सेठ ने चीन से लगी पूर्वी कमांड की सैन्य तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ इन दिनों देश के अलग-अलग भागों में मौजूद सैन्य कमांड की यात्रा कर रहे हैं। जिसका उद्देश्य वहां पर बने हुए जमीनी सुरक्षा हालात और सैन्यकर्मियों के सामने आने विभिन्न मामलों, चुनौतियों से प्रत्यक्ष रूप से रूबरू होना है। पूर्व में उन्होंने जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान से लगी हुई सेना की उत्तरी कमांड का दौरा किया था। तो अब उन्होंने चीन से लगी हुई पूर्वी कमांड पर सुरक्षा स्थिति की व्यापक रूप से समीक्षा की है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में उन्होंने इलाके में शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा देने के मकसद से चलाए जा रहे सामुदायिक जनसंपर्क कार्यक्रमों के बारे में भी जरूरी जानकारी हासिल की। सेना ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि जनरल धीरज सेठ 14 से 15 जुलाई तक पूर्वी कमांड के दौरे पर रहेंगे।



### इन इलाकों में गए सेनाप्रमुख

जनरल सेठ ने अपनी इस यात्रा की शुरुआत बीते 14 जुलाई को त्रिशक्ति कोर के दौरे से की थी। जहां उन्हें मुख्य रूप से पूर्वी कमांड की रणनीतिक परिचालन स्थिति से अवगत कराया गया था। कोर के मुख्य अधिकारी जनरल ऑफिसर कमांडिंग ने सेनाप्रमुख को परिचालन तैनाती, निगरानी तंत्र और वर्तमान में बने हुए सुरक्षा परिदृश्य से अवगत कराया था। यात्रा के अगले दिन सेनाप्रमुख बेंगडुबी सैन्य स्टेशन गए। जहां उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्थाओं को जांचा परखा। इसके बाद वह स्पीयर कोर गए और वहां उन्होंने सेना की परिचालन तैयारियों की पड़ताल की। जनरल सेठ ने विजय के विजन को लेकर अपनी सोच सभी के समक्ष रखी। जो कि सतर्कता, नवाचार, संयुक्तता, आत्मनिर्भरता, योद्धा फर्स्ट के सिद्धांत पर आधारित है।

**खबर संक्षेप**



## पटवारी की साइकिल यात्रा का स्वागत

**संतनगर।** कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा इंदौर से भोपाल आई साइकिल रैली का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वागतः करने वालों में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक मारन व घनश्याम लालवानी सहित कई नेता हुए कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सोमेश दावानी जाते जाते दो ज़िंदगी रोशन कर गए

**संतनगर।** ईदगाह हिल्स, भोपाल निवासी सोमेश दावानी का



देहावसान 13 जुलाई को हो गया। दिवंगत के पिता जयपाल दास दावानी ने अपने पुत्र की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान की हैं। दिवंगत के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित की जाएगी। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2,348 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट के सचिव हीरो ज्ञानचंदानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा परिवार जन के प्रति स्वजन के नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।

## नागर ने विधायक चौधरी को दी जन्मदिन की बधाई



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांची विधानसभा के विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## स्टील की थालियां एवं गिलास का सेट किया भेंट



**औबेदुल्लागंज।** जयप्रकाश शर्मा मित्र मंडल द्वारा हिरानिया निवासी रामेश्वर नागर के जन्म दिन पर स्टील की थालियां एवं गिलास का सेट सहयोग रूप भेंट किया। वहीं ग्राम के मुख्य मार्ग एवं पार्क में पौधरोपण किया। इस अवसर पर पूर्व साडा अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, बागिश अग्रवाल, नारायण सेन, योगेश तिवारी, उमेश नागर आदि ने जन्म दिवस की बधाई दी।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 2738 | | |
| दिनः | 470 | 14 | 347 |
| रातः | 179 | 73 | 157 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 236 | 14 | 167 |
| रातः | 167 | 47 | 179 |

## नंदवानी भवन साधु वासवानी स्कूल में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह

# संतनगर की पूज्य सिंधी पंचायत के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ, चुनाव अधिकारी चेलानी ने सभी को दिए प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

पूज्य सिंधी पंचायत संत हिरदाराम नगर के त्रिवार्षिक चुनाव के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को नंदवानी भवन साधु वासवानी स्कूल में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा, विशेष अतिथि पार्षद एवं एमआईसी सदस्य राजेश हिगोरानी, सुशील वासवानी, कर्नल नारायण पारवानी, पार्षद अशोक मारन, चुनाव अधिकार बसंत चेलानी, सहचुनाव अधिकारी धर्मप्रकाश मोटवानी एवं आयलदास साधवानी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया। चुनाव अधिकारी बसंत चेलानी ने कहा कि पूज्य सिंधी पंचायत के त्रिवार्षिक चुनाव 21 जून को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुआ। हमें जीते हुए या हारे हुए दोनों प्रत्याक्षी के साथ नगर की जनता का भरपूर सहयोग मिला।

**पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी ने कहा- समाज सेवा को और विस्तार करना ही उद्देश्य**

नवनिर्वाचित अध्यक्ष माधु चांदवानी ने अपने उद्बोधन में संत नगर की दो प्रमुख समस्याओं एक लीज नवीनीकरण एवं पट्टों की समस्या एवं दूसरी फाटक रोड व्यापारियों की समस्या से विधायक से चर्चा की एवं जल्द-जल्द दोनों समस्याओं का निराकरण करने की अपील की। महासचिव राजकुमार वाधवानी ने भी इन दोनों समस्यों पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने कहा समाज सेवा को और विस्तार करना सभी सदस्यों का प्रमुख उद्देश्य है।



साधु वासवानी स्कूल में आयोजित समारोह में शपथ ग्रहण करते नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

### संतनगर की समस्याओं का जल्द निराकरण करेंगेः रामेश्वर

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामेश्वर शर्मा ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हम संतनगर की जो दो प्रमुख समस्याएं हैं उसका जल्द ही निराकरण करेंगे और जिन दुकानदारों की दुकानें टूट गईं हैं, उनको जल्द ही उचित स्थान देंगे और में उन दुकानदारों का बहुत बहुत धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने संत नगर के विकास में इतना बढ़ा योगदान दिया। उन्होंने संत नगर के दुकानदारों से भी अग्रह किया कि वे अपनी दुकानों के आगे कैमरा लगवाए, जिससे बढ़ते अपराधों को रोका जा सकें। इसके साथ उन्होंने पंचायत द्वारा किए जा रहें कार्यों की सराहना की एवं चुनाव अधिकारी बसंत चेलानी एवं उनकी पूरी टीम की निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रशंसा की।

### पंचायत का कार्य एक सेवा के रूप किया जाता हैः सुशील

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप उपस्थित सुशील वासवानी ने कहा कि पंचायत का कार्य एक सेवा के रूप में किया जाता है। सेवा करने से एक अद्भुत आनन्द की अनुभूती होती है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष माधू चांदवानी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रीझवानी, भरत आसवानी, गुलाब जेठानी, महासचिव राजकुमार वाधवानी, सचिव हरीश मेहरचंदानी, जेठानंद मंगतानी, सहसचिव किशोर साधवानी, माधव पारदासानी, कोषाध्यक्ष राकेश शेवानी, सहकोषाध्यक्ष अमित राजानी, आडिटर पुरुषोत्तम हरचंदानी ने शपथ ग्रहण किया और चुनाव अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम का संचालन मोहित शेवानी ने किया।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर राम बसंल, नरेश तोलानी, वासदेव वाधवानी, चन्द्रप्रकाश इसरानी, घनश्याम लालवानी, कन्हैया इसरानी, मनीष बागवानी, मूलचंद वीधानी, नंद दादलानी, हीरो हिन्दू, कमल वीधानी, शेटटी चंदनानी, महेश खटवानी, कमल प्रेमचंदानी, मोहन लालवानी, राजेश बेलानी, मनोहर सतानी, अनिल टेकचंदानी, रूपचंद सोनी, रवि सतानी, नीलेश हिंगोरानी, भारती मूलचंदानी, सीमा लालवानी आदि उपस्थित थे।

## गूगल सर्च कर ई-कार्ट के हेल्पलाइन नंबर पर किया था कॉल, साइबर ठग से हुआ संपर्क

# पार्सल रिटर्न की प्रक्रिया पूरी करते हुए मोबाइल का स्क्रीन हुआ ब्लैक, खाते से निकले 82 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्टेशन बजरिया इलाके में रहने वाले एक बुजुर्ग को साइबर जालसाज ने 82 हजार रुपए का चूना लगा दिया। बुजुर्ग ने पार्सल रिटर्न करने के लिए गूगल से ई-कार्ट हेल्पलाइन का नंबर सर्च किया था। नंबर पर कॉल करते ही जालसाज का नंबर हाथ लग गया। इस बात से अंजान बुजुर्ग की कॉलर जालसाज है उन्होंने उसकी बातें मान ली। साइबर जालसाज ने पार्सल की प्रक्रिया के नाम पर उनका मोबाइल हैक कर लिया।





- साइबर जालसाज ने पार्सल की प्रक्रिया के नाम पर उनका मोबाइल हैक कर लिया

मोबाइल की स्क्रीन ब्लैक हो गई और साइबर जालसाज ने उनके मोबाइल का एक्सिस हासिल कर खाते से चार ट्रांजेक्शन में रकम निकाल ली। पुलिस के अनुसार इंडस स्टेट करारिया फार्म निवासी अनस्ता प्रसाद (59) ने शिकायत करते हुए बताया कि 9 अगस्त को उनके घर पर एक पार्सल आया। पार्सल लेने के लिए उन्होंने 399 रुपए फोन-पे के माध्यम से ऑनलाइन पैमेंट कर दिया। बाद में उन्होंने देखा कि पार्सल पर उनका नाम व पता नहीं है। तब पार्सल रिटर्न करने के लिए उन्होंने गूगल सर्च करके ई-कार्ट हेल्पलाइन पर फोन लगाया।

मोबाइल का एक्सिस हासिल कर खाते से चार ट्रांजेक्शन में रकम निकाल ली

पार्सल लेने के लिए उन्होंने 399 रुपए फोन-पे के माध्यम से ऑनलाइन पैमेंट कर दिया

◆ पार्सल में फरियादी का नाम व पता नहीं होने पर पार्सल रिटर्न करने के लिए गूगल सर्च कर ई-कार्ट हेल्पलाइन पर किया था फोन से संपर्क

### प्रोसीजर को किया फॉलो

*वहां से कहा गया कि आपका पैसा रिटर्न हो जाएगा। आप बताए प्रोसीजर को फॉलो करते जाओ। उसने जैसा बताया अनस्ता प्रसाद अपने मोबाइल पर वैसा ही क्लिक करते गए। कुछ ही देर में मोबाइल की स्क्रीन ब्लैक हो गई। मोबाइल ने काम करना बंद कर दिया। उसी दौरान फरियादी के खाते से 4 ट्रांजेक्शन में कुल 81 हजार 997 रुपए कट गए।*

### कॉलोनी का वाट्सएप ग्रुप हैक कर की ठगी

बागसेवनिया पुलिस ने बताया स्टर्लिंग कैसल्स होशंगाबाद रोड बाग सेवनियां निवासी सुरेन्द्र भारद्वाज (71) के वाट्सएप पर 6 जुलाई को परिचित प्रमोद पाटिल के मोबाइल नंबर से मैसेज आया और कहा कि मेरा यूपीआई काम नहीं कर रहा है। आपके यूपीआई में 42 हजार रुपए होंगे क्या। किसी को ट्रांसफर करना है। दो घंटे में लौटा दूंगा। सुरेन्द्र भारद्वाज ने प्रमोद पाटिल को कॉल किया। कॉल नहीं लगा और मैसेज आया कि मैं मीटिंग में हूं। उनके वाट्स पर उक्त नंबर से यूपीआई आईडी भेजी गई। सुरेन्द्र ने चार बार ट्रांजेक्शन कर यूपीआई आईडी में 42 हजार रुपए भेज दिए। इसके बाद उन्होंने कॉलोनी के वाट्सएप ग्रुप में देखा कि कॉलोनी की रहवासी अर्चना सिंह ने प्रमोद पाटिल के द्वारा 42 हजार रुपए की मांग का स्क्रीन शॉट डाला है। तब उन्हें समझ में आया कि प्रमोद पाटिल का मोबाइल हैक हो गया है और उनके साथ ऑनलाइन ठगी हुई है। प्रमोद पाटिल का फोन भी नहीं लग रहा था। शाम को सुरेन्द्र भारद्वाज की प्रमोद पाटिल से मोबाइल पर बात हुई।

### पिता का लोन स्वीकृत कराने के नाम बेटे से की साइबर ठगी

*बागसेवनिया पुलिस ने बताया कि मूलरूप से बुढ़ार थाना बुढ़ार जिला शहडोल निवासी सुप्रिया घोष (23) बीयू में फार्मेसी की छात्रा हैं और बीयू के गर्ल्स हॉस्टल में रहती हैं। विगत 21 मई 2024 की सुबह 11 बजे एक अंजान व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि आपके पिता ने लोन के लिए अप्लाई किया था। उसका पैसा हम आपके पास भेज रहे हैं। अज्ञात व्यक्ति ने पहले 10 हजार रुपए का मैसेज डाला और फिर 30 हजार रुपए का मैसेज भेजा। उसके बाद वह कहने लगा कि मैंने तीन हजार की जगह 30 हजार रुपए डाल दिए हैं।*

## टीटी नगर स्थित पंचशील नगर में हुई वारदात

# दोस्तों में विवाद, चाकू से किया जानलेवा हमला, गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पंचशील नगर में मंगलवार शाम दो दोस्तों के बीच तीसरे दोस्त से बातचीत करने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक दोस्त ने दूसरे दोस्त पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।

दोनों पैरों में गंभीर चोटें आने के कारण घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी के खिलाफ पहले से चार प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक पंचशील नगर निवासी चेतन कुमार (27) प्राइवेट काम करता है। मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे वह अपने दोस्त सईद उर्फ भूरा के साथ कहीं जा रहा था। उसी दौरान उनके बीच किसी तीसरे दोस्त से बात करने को लेकर विवाद होने लगा।

विवाद बढ़ने पर पर सईद उर्फ भूरा ने मारपीट शुरू कर दी और जेब से चाकू निकालकर चेतन पर हमला कर दिया। आरोपी सईद ने चेतन के दोनों पैरों में घुटने के पास चाकू से तीन-चार वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमला करने के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ पहले से प्रकरण दर्ज हैं। उसकी तलाश की जा रही है।

### बाइक टकराने पर विवाद, युवक पर चाकू से हमला

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित सुभाष नगर अंडर ब्रिज पर बुधवार सुबह बाइक टकराने की बात को लेकर दो आरोपियों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। यदि युवक चाकू का हमला हाथ से नहीं रोकता तो उसकी जान को खतरा हो सकता था। पुलिस ने युवक की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अरहम खान पिता अब्दुल खान (18) मुर्गी बाजार, जहांगीराबाद में रहता हैं और प्राइवेट काम करता है। अरहम ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि बुधवार सुबह वह बाइक से पुल बोगदा होता हुआ अंडरब्रिज से प्रभात चौराहा की तरफ जा रहा था। सुबह करीब सात बजे के आसपास अंडर ब्रिज पार करते ही उसकी बाइक सामने से आ रहे बाइक सवार युवकों से टकरा गई। इस बात को लेकर अरहम और दूसरी बाइक पर सवार युवकों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर बाइक सवार युवकों ने उसके साथ मारपीट की और अपने पास रखे चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों ने चाकू से गले पर वार किया था, लेकिन अरहम ने चाकू का वार हाथ से रोक लिया। वार हाथ से रोकने के कारण उसके हाथ की हथैली बुरी तरह से कटी है।

## कांग्रेस नेताओं ने बैठक आयोजित कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

# अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी नगर परिषद का घेराव करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद में अनियमितताओं, विकास कार्यों में देरी और सफाई व्यवस्था की बदहाल स्थिति को लेकर कांग्रेस नेताओं ने नगर परिषद के घेराव की चेतावनी दी है।

इस संबंध में प्रतिपक्ष नेता एवं पार्षद राजेश खटीक, पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर, राजू मेहरा, विनोद इरपाचे, कमलेश लोधी, दुर्गेश यादव सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने बैठक आयोजित कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

बैठक में नेताओं ने आरोप लगाया कि नगर परिषद में कई प्रकार की अनियमितताएं चल रही हैं तथा ठेकेदारों की गोपनीय बैठकों को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इसके अलावा नगर परिषद के बिजली उपकरणों की स्थिति, स्वच्छता अभियान की जमीनी हकीकत, स्टेशन रोड के निर्माण कार्य में हो रही देरी, खुदी पड़ी सड़कों से नागरिकों को परेशानी हो रही है, तथा ग्राम खिल्लीखेड़ा में विकास कार्यों के ठप होने जैसे मुद्दों पर भी चिंता व्यक्त की गई।



परेश नागर



राजेश खटीक

### नगर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई

*कांग्रेस नेताओं का कहना है कि नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नेताओं ने मांग की कि नगर परिषद इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करे। प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक ने कहा कि यदि नगर परिषद में हो रही धांधली और अव्यवस्थाओं पर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस धरना-प्रदर्शन करेगी तथा नगर परिषद कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस लगातार आवाज उठाती रहेगी और जरूरत पड़ने पर व्यापक आंदोलन भी करेगी।*

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह 18 को आएंगे, करेंगे कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद

**औबेदुल्लागंज।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह (राहुल भैया) का 18 जुलाई, शनिवार को औबेदुल्लागंज आगमन होगा। उनके स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



वरिष्ठ नेता संजय सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 10 बजे धाकड़ मैरिज गार्डन में आयोजित होगा। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, दुर्गेश यादव, हरजीत सिंह मंगू, बसंत साहू, राजेश खटीक, महेश जैन, विनोद इरपाचे, परेश नागर, जिला पंचायत सदस्य चंद चौहान तामोट, सेंकी मदान, श्याम सिंह तामोट, पंकज शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती, आगामी रणनीति और जनहित के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं एवं जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

## तीन जिलों के शासकीय अस्पताल में नौकरी कर रहा था डॉक्टर

# तीन जिलों में फर्जी दस्तावेज लगाकर वेतन ले रहे डॉक्टर पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

चूनाभट्टी पुलिस ने नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के डिप्टी डायरेक्टर की शिकायत पर तीन जिलों में एक साथ सेवाएं देने वाले डॉक्टर महेश चंद्र शर्मा पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। जांच में यह बात सामने आई कि डॉक्टर महेश चंद्र शर्मा शहडोल, श्योपुर और खरगौन में तीनों जगह एक साथ नौकरी कर रहे हैं। एनएचएम में यह बात उस समय पता चली जब शहडोल लोकायुक्त की टीम ने उन्हें पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद एक अखबार ने खुलासा किया था कि डॉक्टर महेश चंद्र तीन जिलों में एक साथ सेवाएं दे रहे हैं। पुलिस के अनुसार डॉ.राकेश बोहरे, एनएचएम में डिप्टी डायरेक्टर हैं।

### डॉ.राकेश बोहरे ने चूनाभट्टी पुलिस को दिया शिकायती आवेदन

डॉ.राकेश बोहरे ने चूनाभट्टी पुलिस को शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि डॉक्टर महेश चंद्र शर्मा ने अपनी पहचान छुपाते हुए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर तीन अलग-अलग समुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में धोखाधड़ी कर संविदा डॉक्टर की नौकरी प्राप्त कर ली। वह प्रतिमाह मानदेय लेकर शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे थे। आवेदन जांच जांच के बाद पुलिस ने डॉक्टर राकेश बोहरे और सलाहकर अमितेश मिश्रा से पूछताछ की। उन्होंने अपने कथन में बताया कि डॉक्टर महेश चंद्र शर्मा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहसराम, ब्लाक विजयपुर, जिला श्योपुर और शहडोल में साथ ही खरगोन जिले के पीएचसी केली गांव में भी अपनी पहचान छिपाकर फर्जी दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी कर मानदेय ले रहे थे।

## राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# छात्र समागम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में 430 विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भोजपुर जिले की मंडीदीप इकाई द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस एवं परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में छात्र समागम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडीदीप के विभिन्न विद्यालयों के 430 मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले, प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले, खेल, सामाजिक एवं विभिन्न सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र पटवा रहे, जबकि राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र मालवीय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया। परिषद के इकाई अध्यक्ष ने परिषद की भूमिका रखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के उद्देश्यों, छात्र हित में किए जा रहे कार्यों तथा राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका पर प्रकाश डाला।



विधायक सुरेंद्र पटवा का स्वागत करते हुए।





प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित विद्यार्थी, पटवा व अन्य।

### सकारात्मक सोच ही सफलता का आधारः पटवा

मुख्य अतिथि सुरेंद्र पटवा ने सम्मानित विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच ही सफलता का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन एवं राष्ट्रहित के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया।

### सक्रिय योगदान देने का किया आग्रह

विशिष्ट अतिथि महेंद्र मालवीय ने परिषद के स्थापना वर्ष 1949 से लेकर आज तक के गौरवशाली इतिहास, छात्र आंदोलनों, सेवा, संगठन एवं राष्ट्र निर्माण में परिषद की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से परिषद की रचनात्मक गतिविधियों से जुड़कर समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया।

### बड़ी संख्या में शामिल हुए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता

कार्यक्रम के अंत में नगर मंत्री ने सभी अतिथियों, सम्मानित विद्यार्थियों, अभिभावकों, विद्यालय परिवार एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नगर में गुरु-शिष्य मिलन को लेकर तैयारियां तेज

# आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज का मंगल आगमन कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में शुक्रवार 17 जुलाई को एक ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक आयोजन होने जा रहा है। जैन समाज के परम पूज्य आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज का औबेदुल्लागंज में भव्य मंगल आगमन होगा। इस अवसर पर गुरु-शिष्य मिलन का दिव्य आयोजन भी होगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के सुयोग्य पट्ट शिष्य एवं वर्तमान संघ नायक आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज का आगमन सुबह 6:30 बजे होगा। उनके साथ लगभग 20 मुनिराजों का संघ आगमन होगा। मुनिश्री 108 विमलसागर जी महाराज एवं मुनिश्री 108 अनंतसागर जी महाराज अपने आराध्य गुरुवर की अगवानी करेंगे।



जैन समाज अध्यक्ष सुनील तामोट एवं डॉ. मीना जैन, मुकेश जैन, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, विजय जैन, सुनील बर्धमान, तरुण जैन, नरेश जैन, दिनेश जैन, अनुराग जैन, विनय जैन, पवन जैन, रूपेश जैन ने बताया कि आचार्य श्री समयसागर महाराज जी दूसरी बार ओबैदुल्लागंज में पधार रहे हैं।

# भाव, रस और संगीत का अनुपम-नायाब संगम है 'ठुमरी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा में ठुमरी एक ऐसी गायन शैली है, जिसमें संगीत और भावों का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। इसे श्रृंगार रस प्रधान अभिनयात्मक संगीत कहा जाता है, क्योंकि इसमें केवल स्वर ही नहीं, बल्कि शब्दों के भावों को भी उतनी ही संवेदनशीलता और सौंदर्य के साथ अभिव्यक्त किया जाता है। 'अभिनय' शब्द में 'अभि' का अर्थ है की ओर तथा 'नय' का अर्थ है ले जाना। अर्थात मन में उत्पन्न भावों को स्वर, मुख-मुद्राओं और अभिव्यक्ति के माध्यम से श्रोताओं तक पहुंचाना ही अभिनय का मूल उद्देश्य है, और यही ठुमरी की आत्मा भी है.... यह कहना है कोलकाता की सुप्रसिद्ध गायिका विदुषी इंद्राणी मुखर्जी का, जो बुधवार को नूतन कॉलेज में आयोजित 'ठुमरी एवं दादरा गायन प्रशिक्षण' में ठुमरी की विशेषतओं से छात्राओं को अवगत करा रही थीं।

**कोलकाता की संगीत विदुषी इंद्राणी मुखर्जी आईं भोपाल**

**नूतन कॉलेज में चार दिवसीय 'ठुमरी एवं दादरा गायन प्रशिक्षण' का शुभारंभ**



नूतन कॉलेज में कार्यशाला के दौरान ठुमरी प्रस्तुत करती गायिका इंद्राणी मुखर्जी।

## मेघों की साज-सज्जा देख इंद्राणी ने सुनाई 'कजरी'

चार दिवसीय इस कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र बिहारी गोस्वामी, संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. नीना श्रीवास्तव सहित कॉलेज की करीब 90 छात्राओं ने शिरकत की और ठुमरी की बारीकियों को जाना। इस अवसर पर सभागार के मंच पर वर्षा ऋतु को दर्शाते मेघों की साज-सज्जा ने इंद्राणी के मन में ऐसा भाव जगाया कि उन्होंने नियोजित पाठ से पहले ही उत्तर भारत के लोकप्रिय वर्षा लोकगीत 'कजरी' की पंक्तियां गुनगुनानी शुरू कर दीं। उनके मुख से सहज ही फूट पड़ा बरसी कारी रे बदरिया, मोर चुनरिया भीगी जाए.....। उनकी मधुर प्रस्तुति ने पूरे सभागार को सावन के रस से सराबोर कर दिया और प्रतिभागी भाव-विभोर होकर सुनते रहे।



**25 जुलाई को सजेगी कराओके नाइट**

### जब बरसेंगे सुर, महकेगी मोहब्बत... किशोर कुमार के नाम होगी शाम

**भोपाल।** सावन की फुहारें, दिल को छू लेने वाले सदाबहार गीत और सुरों की महफिल... शहर के संगीत प्रेमियों के लिए 25 जुलाई की शाम कुछ ऐसी ही यादगार बनने जा रही है। गंधर्व- कल्चर एंड इवेंट्स, भोपाल द्वारा अक्षदा सोशल वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से अपनी लोकप्रिय मासिक संगीत श्रृंखला के अंतर्गत 'मानसून, मौसिकी, मोहब्बत' थीम पर कराओके म्यूजिकल नाइट का आयोजन किया जाएगा। यह संगीतमय आयोजन 25 जुलाई, शनिवार को अध्ययन भवन, शिवाजी नगर में शाम 7 बजे से शुरू होगा। इस विशेष संध्या को भारतीय सिनेमा के पार्श्वगायक किशोर कुमार को समर्पित किया गया है, जिनकी जयंती 4 अगस्त को मनाई जाती है। कार्यक्रम में प्रतिभागी और संगीत प्रेमी किशोर कुमार के उन सदाबहार गीतों को अपनी आवाज देंगे, जिनमें बारिश की रूमानी फुहार, संगीत की मिठास और मोहब्बत का एहसास एक साथ झलकता है। उनके गीत आज भी हर पीढ़ी के दिलों में उसी ताजगी और लोकप्रियता के साथ बसे हुए हैं।

रवींद्र भवन में देशभक्ति पर आधारित नाटक 'आजाद बुलंदी... भगत सिंह' का मंचन

# स्वतंत्रता, समानता तथा न्याय के मूल्यों का संदेश देता नाटक





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महाकवि कालिदास जयंती और 'वंदे मातरम' राष्ट्रगीत सार्धशती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव-2026 के अंतर्गत बुधवार को रवींद्र भवन में देशभक्ति पर आधारित नाटक 'आजाद बुलंदी... भगत सिंह' का मंचन किया गया।

नाटक में निर्देशन युवा रंगकर्मी अनुराग मिश्रा ने किया, जबकि नाटककार दिनेश नायर हैं। करीब 65 मिनट की इस हिंदी नाट्य प्रस्तुति में शहीद-ए-आजम भगत सिंह के विचारों, संघर्ष, देशभक्ति और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को मंच पर जीवंत किया गया।



### कथासार

यह नाटक केवल भगत सिंह के बलिदान की गाथा नहीं, बल्कि उनके वैचारिक व्यक्तित्व, स्वतंत्र भारत के सपनों और सामाजिक परिवर्तन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी मंच पर सजीव रूप से प्रस्तुत करता है। नाटक की कथा शिव वर्मा की स्मृतियों के माध्यम से आगे बढ़ती है, जो दर्शकों को भगत सिंह के जीवनसे परिचित कराते हैं। जलियांवाला बाग का नरसंहार बालक भगत के मन में अंग्रेजी शासन के विरुद्ध विद्रोह की पहली चिंगारी बनता है। संवादों, गीतों और सशक्त नाट्य प्रसंगों के माध्यम से यह नाटक दर्शकों को उस दौर की क्रांतिकारी चेतना से जोड़ता है और स्वतंत्रता, समानता तथा न्याय के मूल्यों का संदेश देता है।



नाटक के दौरान राष्ट्र गीत पढ़ती ऑडियंस।

### निर्देशकीय

'आजाद बुलंदी' केवल इतिहास का मंचन नहीं, बल्कि उन आदर्शों को स्मरण करने का एक सशक्त प्रयास है, जिनके लिए असंख्य वीरों ने अपना सर्वस्व राष्ट्र को समर्पित कर दिया। यह नाटक आज के समय में भी युवाओं को राष्ट्रप्रेम, साहस, सामाजिक उत्तरदायित्व और अपने सिद्धांतों के प्रति अडिग रहने की प्रेरणा देता है।

# शायनी द राइडर तीन हजार किलोमीटर की यात्रा पूरी कर पहुंची भोपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देश की प्रसिद्ध महिला बाइक राइडर शायनी द राइडर अपनी छठी भारत यात्रा के दौरान लगभग 3,000 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर भोपाल पहुंची। गांधी भवन में आयोजित एक राइडर से मुलाकात संवाद कार्यक्रम में उन्होंने अपने संघर्ष, साहस और प्रेरणादायी जीवन-प्रवास को श्रोताओं के साथ साझा किया।

### विपरीत परिस्थितियों में किया अपने बेटे का पालन-पोषण

शायनी ने बताया कि विवाह के कुछ ही महीनों बाद दहेज और संपत्ति संबंधी विवाद के कारण उन्हें घर से निकाल दिया गया। मायके लौटने पर उन्हें पता चला कि वे गर्भवती हैं। विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने अपने बेटे का पालन-पोषण करते हुए जीवन की नई शुरुआत की।

*दहेज के कारण निकाला घर से, बनी केरल की पहली महिला बाइक राइडर*



### अनेक महिलाओं को सिखाई बाइक चलाना



अपनी बड़ी बहन के पास आने के दौरान उनकी रुचि मोटरसाइकिल चलाने की ओर बढ़ी। धीरे-धीरे यह शौक उनका जुनून बन गया और वर्ष 2007 में वे केरल की पहली महिला बाइक राइडर बनीं। शायनी ने कहा कि उनके साहस से प्रेरित होकर अनेक महिलाओं ने भी बाइक चलाना सीखने की इच्छा जताई।

### महिलाओं का पहला राइडिंग क्लब खोला

इसके बाद उन्होंने महिलाओं का पहला राइडिंग क्लब शुरू किया। आज इस क्लब के माध्यम से लगभग 2,500 महिलाएं मोटरसाइकिल चलाना सीख चुकी हैं और अनेक अन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वे रॉयल एनफील्ड हिमालयन मोटरसाइकिल से कठिन पर्वतीय यात्राएं करने वाली पहली भारतीय महिला राइडर हैं।

# एक सामग्री से अनगिनत खेल: आंगनबाड़ी केंद्रों में सीखने का बदलेगा अंदाज, शिक्षा बनेगी उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जब सीखने का माध्यम खेल बन जाए, तो शिक्षा बच्चों के लिए बोझ नहीं बल्कि उत्सव बन जाती है। इसी सोच को साकार करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा पुराना शहर क्षेत्र की चार आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए 'सामग्री एक, खेल अनेक' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। नौ दिवसीय इस कार्यशाला का उद्देश्य प्री-स्कूल किट और सीमित स्थान में उपयोग की जा सकने वाली शिक्षण सामग्री के रचनात्मक उपयोग के माध्यम से बच्चों के लिए आनंददायी, खेल-आधारित और प्रभावी शिक्षण वातावरण तैयार करना था।

**751 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला खेल-आधारित शिक्षण का प्रशिक्षण**



**अनेक नवाचारपूर्ण खेलों का कराया अभ्यास**

कार्यशाला में प्रतिभागियों को केवल सैद्धांतिक जानकारी ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक गतिविधियों के जरिए यह भी सिखाया गया कि एक ही सामग्री का उपयोग कर कई तरह के खेल और शिक्षण गतिविधियां कैसे विकसित की जा सकती हैं। प्रशिक्षण के दौरान भाषा विकास, संज्ञानात्मक क्षमता, सामाजिक व्यवहार और शारीरिक विकास को बढ़ावा देने वाले अनेक नवाचारपूर्ण खेलों का अभ्यास कराया गया।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर क्रिस्प में कौशल परीक्षा, 17 प्रतिभागी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित सर्किट टेस्टिंग, ट्रबल शूटिंग का किया प्रदर्शन**

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर सेंटर फॉर रिसर्च एंड इंडस्ट्रियल स्टाफ परफॉर्मेंस में कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य सेस्किल टेस्ट एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

संस्थान की 14 प्रयोगशालाओं में आयोजित इस प्रतियोगिता में 90 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने व्यावहारिक कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न ट्रेडों में निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। किसी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स का प्रभावी उपयोग किया, तो किसी ने पावर इलेक्ट्रॉनिक्स में सर्किट टेस्टिंग और ट्रबल शूटिंग का प्रदर्शन किया। कंप्यूटर नेटवर्किंग में प्रतिभागियों ने लेन कनेक्टिविटी स्थापित कर अपनी दक्षता दिखाई, वहीं फोटोग्राफी एवं ग्राफिक डिजाइनिंग के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया।






### फैशन डिजाइनिंग प्रतियोगिता रही खास

वहीं फैशन डिजाइनिंग प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें प्रतिभागियों ने मात्र दो घंटे में सूट की कटिंग, डिजाइनिंग एवं सिलाई का कार्य पूर्ण किया। इसके अलावा मैकेनिकल ड्राइंग, लाइब्रेरी ऑटोमेशन, सीएनसी, ब्लॉक प्रिंटिंग, सिलाई मशीन ऑपरेटर सहित विभिन्न ट्रेडों में प्रतिभागियों ने अपने कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**संस्कृत विवि में संस्कृत रूपक निर्देशन कार्यशाला**

# संस्कृत नाट्य निर्देशन के सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक पक्ष पर विशेष सत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केन्द्रीय संस्कृत विवि परिसर के नाट्यशास्त्र अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्र द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संस्कृत रूपक निर्देशन कार्यशाला के आठवें दिवस के विशेष सत्र में डॉ. चन्नबसवस्वामि हिरेमठ ने संस्कृत नाटकों में निर्देशन के सैद्धान्तिक पक्ष पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने भरतमुनि के नाट्यशास्त्र के विभिन्न श्लोकों के आधार पर निर्देशन की अवधारणा, निर्देशक के गुण, कर्तव्य, अभिनय तथा मंच-योजना के सिद्धांतों का विस्तार से विवेचन किया।

उन्होंने कहा कि नाट्यशास्त्र में नाट्य, निर्देशन एवं अभिनय के जो नियम बताए गए हैं, उनका वास्तविक महत्व तभी है जब उन्हें मंचीय प्रयोग में सही ढंग से लागू किया जाए।



कार्यशाला के आठवें दिवस के विशेष सत्र को संबोधित करते डॉ. हिरेमठ।

### निर्देशन से जुड़े अनुभव किए साझा

डॉ. हिरेमठ ने शास्त्रीय सिद्धांतों को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट करते हुए बताया कि निर्देशक एवं अभिनेता इन नियमों का प्रभावी उपयोग किस प्रकार कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने अपने नाट्य-जीवन के अभिनय एवं निर्देशन से जुड़े अनुभव भी प्रतिभागियों के साथ साझा किए। सत्र के अंत में प्रतिभागियों ने निर्देशन एवं अभिनय से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. चन्नबसवस्वामि हिरेमठ ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया।

**एडवोकेट अनुराग दुबे ने शुरू की मुहिम**

# भोपाल जिला न्यायालय बना प्रदेश का पहला 'प्लास्टिक-मुक्त' परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों की दिशा में एक भोपाल जिला न्यायालय परिसर प्रदेश का पहला ऐसा न्यायालय बनने जा रहा है जिसने आधिकारिक तौर पर



प्लास्टिक-मुक्त कोर्ट परिसर पहल की शुरुआत की है। इस पहल की शुरुआत शहर प्रतिष्ठित अधिवक्ता अनुराग दुबे के सक्रिय योगदान से हुई है, जिन्होंने परिसर में व्यवस्थित कचरा प्रबंधन के लिए लोहे की जाली से बने पांच विशेष 'प्लास्टिक बोतल कलेक्टर' दान किए हैं। न्यायालय परिसर के विभिन्न हिस्सों में लगाए गए ये अनूठे डस्टबिन एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के कचरे को रोकने और रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने में मदद करेंगे।

# 'आखिरी बस' हास्य संवेदनाओं से भरपूर एक यादगार रंगमंचीय प्रस्तुति कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लिखनंदरा आर्ट सोसाइटी द्वारा 18 जुलाई को शाम 6 बजे रवींद्र भवन के अंजनी ऑडिटोरियम में प्रसिद्ध रूसी नाटककार अलेक्जेंडर वाम्पिलोव की कालजयी रचना 'आखिरी बस' का मंचन किया जाएगा। यह नाटक जीवन की छोटी-छोटी घटनाओं, रिश्तों और अप्रत्याशित मुलाकातों को हास्य और संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करता है। बस की एक यात्रा से दर्शकों को अनेक पात्रों की कहानियों से रूबर कराया जाएगा, जहां हंसी, भावनाएं और जीवन के रंग एक साथ देखने को मिलेंगे। नाटक का हिंदी अनुवाद अजय सिन्हा ने किया गया है तथा निर्देशन संतोष सुमन का है।

**रवींद्र भवन में स्व. राजेश प्रसाद मिश्रा स्मृति सम्मान समारोह का आयोजन**

# एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति ने किया भाव-विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**लायंस हरिओम जटिया ने किया आयोजन**

रवींद भवन के गौरांजनी सभागृह में बुधवार की शाम श्रद्धा, संगीत और संवेदनाओं का ऐसा भावपूर्ण संगम सजा, जिसने उपस्थित जनों को स्वर्गीय राजेश प्रसाद मिश्रा (सेवानिवृत्त आईएएस) के व्यक्तित्व और कृतित्व की स्मृतियों से भाव-विभोर कर दिया। उनकी 67वीं जयंती के अवसर पर आयोजित भजन संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन लायंस हरिओम जटिया एवं आरके क्रिएशन द्वारा किया गया।





### सांगीतिक प्रस्तुति ने किया मुग्ध

कार्यक्रम के दूसरे चरण में कलाकारों ने 'सुख के सब साथी, दुख में न कोई', 'एक राधा एक मीरा', 'सत्यम शिवम सुंदरम', 'ऐ मालिक तेरे बंदे हम', 'पायो जी मैंने राम रतन धन पायो' और 'ये चमक ये दमक' जैसे भजनों एवं आध्यात्मिक गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण निर्मित किया।





## मेरे लिए फिटनेस का मतलब है
# हेल्दी-एक्टिव-एनर्जेटिक रहना

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'हस्तिनापुर के वीर' में गुरु द्रोणाचार्य की भूमिका जितेन लालवानी निभा रहे हैं। शो में उनकी बॉडी बहुत फिट और टोंड दिख रही है। इसे मेंटेन करने के लिए वे किस तरह का डाइट प्लान और वर्कआउट रूटीन फॉलो करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।



**फिटनेस फंडा**

**जितेन लालवानी**

मेरे लिए फिटनेस का मतलब सिर्फ मसल्स बनाना नहीं है, बल्कि हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक रहना है, ताकि मैं स्क्रीन पर ही नहीं अपनी निजी जिंदगी में भी अपना बेस्ट दे सकूं।

**डाइट प्लान:** मैं आमतौर पर एक दिन में 2,000 से कम कैलोरी लेता हूं। हालांकि जब मेरा लक्ष्य मसल्स गेन करना था, तब मैंने अपनी कैलोरी बढ़ाकर लगभग 2,800-3,000 प्रतिदिन कर दी थी। मैं मोस्टली वेजीटेरियन हूं, इसलिए प्रोटीन के लिए मुख्य रूप से पनीर, दाल, सोया चंक्स और अंडों पर निर्भर रहता हूं। मैं दिन में तीन बार भोजन करता हूं और कोशिश करता हूं कि रात का खाना जल्दी खा लूं। अगर रात में 9 बजे से ज्यादा लेट हो जाता है तो मैं आमतौर पर डिनर छोड़ देता हूं।

**वर्कआउट रुटीन:** मैं सप्ताह में कम से कम 4-5 दिन वर्कआउट करता हूं। मेरा रुटीन इस प्रकार का होता है-

सोमवार को लेग्स स्ट्रेंथनिंग। मंगलवार को चेस्ट, शोल्डर्स और ट्राइसेप्स। बुधवार को बैक और बाइसेप्स। गुरुवार को एब्स और कार्डियो। शुक्रवार को फिर लेग्स स्ट्रेंथनिंग। शनिवार को फुल अपर बॉडी वर्कआउट। जिम के अलावा मैं हर शाम अपने शेड्यूल के अनुसार 5,000 से 10,000 स्टेप्स वॉक भी करता हूं।

मैं हमेशा अपने साथ एक रेजिस्टेंस बैंड भी रखता हूं। अगर किसी दिन जिम जाना संभव नहीं हो पाता, तो मैं अपने मेकअप रूम में ही कुछ सेट्स पुश-अप्स और रेजिस्टेंस बैंड की बेसिक एक्सरसाइज कर लेता हूं, ताकि मेरा वर्कआउट मिस न हो।

**मैनेज करता हूं टाइम:** अगर मैं सिर्फ एक शो को शूट कर रहा होता हूं, तो फिटनेस के लिए समय निकालना अपेक्षाकृत आसान होता है, क्योंकि आमतौर पर महीने में 15-20 दिन ही शूटिंग करनी होती है। लेकिन जब एक साथ दो शो कर रहा होता हूं, तब टाइम मैनेजमेंट करना थोड़ा चैलेंजिंग हो जाता है। दो शोज को साथ में मैनेज करना मुश्किल जरूर होता है, लेकिन मैं उसे भी पूरी पॉजिटिविटी के साथ निभाता हूं और जो भी जितना भी टाइम मिलता है, उसमें वर्कआउट करता हूं।

**मेंटल हेल्थ:** मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए मैं खुद को हमेशा एक्टिव और बिजी रखने की कोशिश करता हूं। नियमित वर्कआउट करता हूं, वॉक करता हूं और अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताता हूं। साथ ही, मैं हमेशा कुछ नया सीखने की कोशिश करता हूं, चाहे वह अभिनय से जुड़ा हो या जीवन से, क्योंकि नई चीजें सीखना मुझे प्रेरित करता है। बेशक हर किसी की जिंदगी में तनाव वाले दिन आते हैं, लेकिन मैंने यह सीख लिया है कि नकारात्मकता को ज्यादा देर तक अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए। मैं उन चीजों पर ध्यान देता हूं, जो मेरे नियंत्रण में हैं, हर दिन के लिए आभारी रहता हूं और एक-एक दिन करके आगे बढ़ता हूं। यही संतुलन मुझे मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखता है।

**फिटनेस आइडल:** ऐसे कई लोग हैं, जिनसे मैं इंस्पायर होता हूं। लेकिन अगर मुझे किसी एक का नाम लेना हो, तो मैं अनिल कपूर का नाम लूंगा। जिस तरह उन्होंने वर्षों से अपनी फिटनेस, एनर्जी और डिसिप्लीन को बनाए रखा है, वह वास्तव में इंस्पायरिंग है।

**रीडर्स को मैसेज:** मैं रीडर्स से यही कहना चाहूंगा कि सीखना और खुद पर काम करना कभी बंद मत कीजिए। सफलता रातों-रात नहीं मिलती, बल्कि हर दिन लगातार मेहनत करने से मिलती है, चाहे उस दिन आपका मन करे या नहीं। अपनी सेहत का भी पूरा ध्यान रखें, क्योंकि वही आपकी सबसे बड़ी पूंजी है। अनुशासित रहें और मेहनत करने से कभी न घबराएं। चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन अगर आप लगातार प्रयास करते रहेंगे और धैर्य बनाए रखेंगे, तो वही चुनौतियां आपको और मजबूत बनाएंगी। सबसे जरूरी बात, हमेशा विनम्र रहें, कृतज्ञ रहें और इस सफर का आनंद लें। मंजिल महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी ज्यादा अहम वह इंसान है, जो आप इस सफर के दौरान बनते हैं। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

अधिकतर लोग रोजाना कोई न कोई ऐसा सेल्फ केयर प्रोडक्ट यूज करते हैं, जिसमें केमिकल्स होते हैं। ऐसे प्रोडक्ट्स किस तरह से आपके लिए हार्मफुल हो सकते हैं, इनके साइड इफेक्ट्स से बचने के लिए आप क्या सावधानियां बरत सकते हैं और इनके क्या बेहतर ऑप्शंस हो सकते हैं, आपको जरूर जानना चाहिए।

# क्या आप भी अक्सर करते हैं यूज केमिकल बेस्ड सेल्फ-केयर प्रोडक्ट्स!



**अवेयरनेस**

**रजनी अरोड़ा**

आज के समय में शैंपू, साबुन, फेस वॉश, मॉयश्चराइजर, डिओडरेंट, परफ्यूम, हेयर डाई, शेविंग क्रीम, मेकअप, लिपस्टिक और इंटीमेट हाइजीन उत्पाद दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। पुरुष हों या महिलाएं, लगभग हर व्यक्ति किसी-न-किसी सेल्फ-केयर प्रोडक्ट का उपयोग करता है। लेकिन केमिकल बेस्ड ऐसे उत्पादों का लंबे समय तक, बार-बार या गलत तरीके से उपयोग स्वास्थ्य को प्रभावित भी कर सकता है।

कुछ शोधों से पता चला है कि सेल्फ-केयर उत्पादों के माध्यम से अनेक महिलाएं (करीब 168) और पुरुष (करीब 120) अलग-अलग रसायनों के संपर्क में रोजाना आते हैं। ये रसायन मानव रक्त, बाल, मूत्र और यहां तक कि मां के स्तन के दूध में भी पाए गए हैं। यानी ये केवल त्वचा पर नहीं रहते, वे शरीर के भीतर तक पहुंच जाते हैं और जमा होते रहते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि सेल्फ-केयर उत्पादों का उद्देश्य शरीर को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि उसे स्वस्थ, साफ और आरामदायक रखना है। लेकिन ये उत्पाद कितने सुरक्षित हैं. यह उसमें मौजूद विभिन्न घटकों की मात्रा, गुणवत्ता और नियामक मानकों के माध्यम से ही तय नहीं होता। उसके सही ढंग से उपयोग करने और उससे शरीर या त्वचा पर होने वाले नुकसान पर भी निर्भर करता है। इसलिए स्त्री-पुरुष दोनों के लिए जरूरी है कि उत्पादों को समझदारी से चुनें, अनावश्यक रसायनों के संपर्क को कम करें और अपनी त्वचा की वास्तविक जरूरतों को पहचानें।

**शैंपू-साबुन-बॉडी वॉश:** झाग बनाने के लिए अकसर इनमें सोडियम लॉरिल सल्फेट (एसएलएस) और सोडियम लॉरेथ सल्फेट (एसएलईएस) जैसे पदार्थ मिलाए जाते हैं। संवेदनशील त्वचा वालों में एक्जिमा, रूसी या सूखे बालों वाले लोगों में खुजली, रूखापन, जलन और बालों का खिंचाव बढ़ा सकते हैं। कुछ उत्पादों में पैराबेंस, कृत्रिम रंग और तेज कृत्रिम सुगंध भी होती है, जो एलर्जी या त्वचा पर चकत्ते पैदा कर सकते हैं। ऐसे में सल्फेट मुक्त, कम सुगंध वाले, पीएच संतुलित और डर्मेटोलॉजिकली टेस्टेड उत्पाद बेहतर विकल्प हो सकते हैं। रीठा, शिकाकाई, आंवला, एलोवेरा, ओटमील और ग्लिसरीन जैसे घटकों वाले हल्के उत्पाद भी उपयोगी हो सकते हैं। हालांकि नया उत्पाद लगाने से पहले त्वचा के छोटे हिस्से पर पैच टेस्ट करना उचित रहता है।

पानी एक यूनिवर्सल सॉल्वेंट है, जो नहाने पर गंदगी को आसानी से हटा देता है। केमिकलयुक्त साबुन के बजाय बेसन और हल्दी का उबटन, मुल्तानी मिट्टी, कच्चा दूध और हल्दी, मूंग दाल पावडर, चंदन पावडर इस्तेमाल कर सकते हैं। ये प्राकृतिक क्लींजर बिना नेचुरल ऑयल निकाले स्किन को साफ करते हैं।

**फेस वॉश, क्रीम और मॉयश्चराइजर:** चेहरे की त्वचा शरीर के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक नाजुक होती हैं। बहुत अधिक अल्कोहल, तेज सुगंध, कठोर क्लींजर या अनावश्यक स्क्रबिंग वाले फेस वॉश त्वचा की प्राकृतिक सुरक्षा परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इससे चेहरा सूखा, लाल, खिंचा हुआ या संवेदनशील महसूस हो सकता है।

फेस वॉश चुनते समय सोप-फ्री, फ्रेगनेंस-फ्री, जेंटल क्लींजर या आयुर्वेदिक क्रीम उपयोगी हो सकते हैं। मॉयश्चराइजर में ग्लिसरीन, सेरामाइड, हायलूरोनिक एसिड, शिया बटर, जोजोबा ऑयल या बादाम तेल जैसे तत्व त्वचा को नमी देने में मदद कर सकते हैं। तैलीय त्वचा वाले व्यक्ति हल्के, नॉन-कॉमेडोजेनिक मॉयश्चराइजर चुन सकते हैं, जबकि शुष्क त्वचा वालों को अधिक मॉयश्चराइजिंग क्रीम की आवश्यकता हो सकती है।

**फेयरनेस-स्किन व्हाइटनिंग क्रीम:** त्वचा को गोरा बनाने का दावा करने वाली कुछ नकली उत्पादों में हाइड्रोक्विनोन, कॉर्टिकोस्टेरॉइड और पारा यानी मरकरी जैसे रसायन पाए गए हैं। हाइड्रोक्विनोन त्वचा के मेलानिन पर असर डाल सकता है, जबकि कॉर्टिकोस्टेरॉइड का बिना चिकित्सकीय सलाह लंबे समय तक उपयोग त्वचा को पतला, लाल और संवेदनशील बना सकता है। मरकरी युक्त उत्पाद त्वचा के अलावा किडनी और तंत्रिका तंत्र के लिए भी गंभीर चिंता का विषय हो सकते हैं। ऐसी क्रीमों से तत्काल चमक या गोरेपन का अनुभव हो सकता है, लेकिन लंबे समय में दाग-धब्बे, मुंहासे, त्वचा की कमजोरी, असमान रंगत और सूर्य की रोशनी से अधिक नुकसान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सुरक्षित विकल्प के रूप में नियमित सनस्क्रीन, हल्का मॉयश्चराइजर, विटामिन-सी या नियासिनामाइड युक्त प्रमाणित उत्पाद, एलोवेरा जैल तथा त्वचा विशेषज्ञ की सलाह अधिक उचित है। आयुर्वेदिक या हर्बल बेस्ड क्रीम का यूज करना भी सुरक्षित विकल्प है।

**हेयर डाई-हेयर स्प्रे-स्ट्रेटनिंग प्रोडक्ट्स:** बालों को रंगने, सीधा करने या लंबे समय तक सेट रखने वाले उत्पादों में मौजूद कुछ रसायन स्वास्थ्य के लिए परेशानी पैदा कर सकते हैं। कुछ हेयर डाई में पैरा-फेनिलीनडायमीन यानी पीपीडी और अमोनिया हो सकते हैं, जिनसे सिर की त्वचा में खुजली, जलन, सूजन या एलर्जी हो सकती है। सुरक्षित विकल्प के रूप में अमोनिया-फ्री और पीपीडी-फ्री हेयर कलर, शुद्ध मेहंदी, नारियल तेल, आर्गन ऑयल, एलोवेरा हेयर मास्क और अलसी का तेल उपयोग किए जाते हैं।



**लिपस्टिक-नेल पॉलिश:** महिलाओं के द्वारा यूज किए जाने वाले मेकअप उत्पादों जैसे लिपस्टिक और नेल पॉलिश में प्रिजर्वेटिव, कृत्रिम रंग, सुगंध और अन्य रसायन हो सकते हैं। इसलिए लिपस्टिक, काजल, फाउंडेशन और अन्य मेकअप केवल विश्वसनीय ब्रांड वाले ही खरीदने चाहिए। एक्सपायरी डेट के बाद मेकअप का उपयोग नहीं करना चाहिए। नेल पॉलिश में नुकसानदायक तत्व हो सकते हैं। इनमें से कुछ रसायन त्वचा, आंखों और श्वसन तंत्र में जलन पैदा कर सकते हैं। नेल पॉलिश लगाते समय कमरे में हवा का अच्छा आवागमन होना चाहिए और पूरी सतर्कता के साथ इनका उपयोग किया जाना चाहिए।

**डिओडरेंट-परफ्यूम-बॉडी स्प्रे:** ये शरीर की दुर्गंध कम करने के लिए उपयोग किए जाते हैं, लेकिन इनमें कृत्रिम सुगंध, फ्थैलेट्स और कभी-कभी एल्यूमिनियम सॉल्ट्स जैसे घटक हो सकते हैं। कृत्रिम सुगंध कुछ लोगों में सिरदर्द, माइग्रेन, सांस की तकलीफ, त्वचा की खुजली या एलर्जी को बढ़ा सकती है। संवेदनशील त्वचा वाले लोग एल्यूमिनियम-फ्री या फ्रेगरेंस-फ्री डिओडरेंट इस्तेमाल कर सकते हैं। प्राकृतिक विकल्पों में कम सुगंध वाले मिनरल डिओडरेंट, फिटकरी का पानी, बेकिंग सोडा आधारित उत्पाद या केवल नियमित स्नान और साफ कपड़ों की आदत उपयोगी हो सकती है। नारियल तेल में एक-दो बूंद टी ट्री, लेवेंडर, रोज, जैस्मिन, सेंडल वुड, यूक्लिप्टस ऑयल मिलाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इन सावधानियों से आप हमेशा सुरक्षित रहेंगे। *

**(दिल्ली के डर्मेटोलॉजिस्ट, डॉ. गौरव नाकरा और जनरल फिजीशियन, डॉ. जे. रावत से बातचीत पर आधारित)**

### ऐसे करें सुरक्षित सेल्फ-केयर



- आवश्यकता से अधिक कॉस्मेटिक या रासायनिक उत्पादों का उपयोग न करें।
- सेल्फ-केयर उत्पाद चुनते समय सबसे पहले उसमें मौजूद तत्वों की डिटेल पढ़ें।
- बहुत अधिक सुगंध, चमकीले रंग, इंस्टेंट व्हाइटनिंग, केमिकल-फ्री या शत-प्रतिशत नेचुरल जैसे दावों पर बिना जांचे भरोसा न करें।
- कम केमिकल सामग्री वाले, फ्रेगरेंस-फ्री, प्रमाणित और विश्वसनीय उत्पाद अधिक अच्छे विकल्प हो सकते हैं।
- नए उत्पाद का उपयोग करने से पहले पैच टेस्ट करके जरूर देखें यानी हाथ की स्किन पर हल्का-सा लगाकर देखें। अगर कोई समस्या न हो, तभी वो उत्पाद इस्तेमाल करें।
- एक्सपायरी डेट का ध्यान रखें। क्योंकि इनमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं, जो ज्यादा नुकसानदायक हो सकते हैं।
- त्वचा में लगातार जलन, लालपन, खुजली या दाने हों। तो उपयोग बंद कर त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लें।

हमारा शरीर मुख्य तौर पर हमारे मस्तिष्क यानी ब्रेन से ही संचालित होता है। इसलिए इसकी सुरक्षा, इसका बेहतर स्वास्थ्य और इसका अच्छे ढंग से कार्य करना बहुत जरूरी है। **वर्ल्ड ब्रेन डे (22 जुलाई)** के अवसर पर यहां बता रहे हैं कि हमारा ब्रेन कैसे हेल्दी और हमारी मेमोरी कैसे शार्प बन सकती है?

## तब ब्रेन रहेगा हेल्दी
# मेमोरी होगी शार्प



**एडवाइस**

**शिखर चंद जैन**

मात्र तीन पौंड वजन का हमारा मस्तिष्क आकार में भले ही बहुत बड़ा नहीं होता, लेकिन यह एक शक्तिशाली अंग है। शरीर के इस छोटे से हिस्से में ही हमारा व्यक्तित्व और सभी यादें समाहित होती हैं। मस्तिष्क ही विचारों, भावनाओं और गतिविधियों का समन्वय करता है। जीवन को सुचारू रूप से चलाने, सफलता व सुकून के लिए इसका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है।

**न्यूरॉन्स का रोल:** मस्तिष्क में अरबों तंत्रिका कोशिकाएं न्यूरॉन्स होती हैं। ये ही शरीर के बाकी हिस्सों को जानकारी भेजती हैं। यदि ये ठीक से काम नहीं करेंगी तो शरीर के अंग और मांसपेशियों में संवेदना कम हो सकती है। सोचने और कार्य करने की क्षमता धीमी हो सकती है।

**क्यों जरूरी है बचाव:** मस्तिष्क, क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए न्यूरॉन्स की जगह नए न्यूरॉन्स नहीं बना पाता है। सिर में चोट लगना, नशीली दवाओं का सेवन, अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसी स्वास्थ्य समस्याएं मस्तिष्क कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं या उन्हें नष्ट कर सकती हैं। इसलिए ब्रेन की हिफाजत करना बेहद जरूरी है। साथ ही मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी आदतें विकसित करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए आपको अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव करने होंगे।

**पसीना बहाएं:** जो लोग शारीरिक रूप से सक्रिय रहते हैं, उनका दिमाग तेज रहने की संभावना अधिक होती है। नियमित शारीरिक गतिविधि संतुलन, लचीलापन, ताकत, ऊर्जा और मनोदशा में सुधार लाने में भी सहायक होती है। शोध से पता चलता है कि व्यायाम करने से अल्जाइमर रोग होने का खतरा कम हो सकता है।



**सिर की सुरक्षा जरूरी:** मस्तिष्क की चोट किसी व्यक्ति के जीवन पर दीर्घकालिक रूप से गहरा प्रभाव डाल सकती है। मस्तिष्क की चोटें सोचने-समझने की क्षमता, स्मृति, समन्वय, वाणी और भावनाओं को प्रभावित कर सकती हैं। अपने मस्तिष्क की सुरक्षा के लिए, सिर में चोट लगने के जोखिम वाली किसी भी गतिविधि को करते समय हमेशा हेलमेट पहनें। जैसे-साइकिल चलाना, स्कीइंग करना, घुड़सवारी करना या मोटरसाइकिल, स्नोमोबाइल या ऑल-टेरेन वाहन का उपयोग करते समय हेलमेट जरूर पहनें। सिर में चोट लगने के अन्य सामान्य कारणों में कार दुर्घटनाएं भी शामिल हैं। कार में सीट बेल्ट पहनकर सिर पर चोट लगने से बच सकते हैं। गिरने से बचने के लिए, सीढ़ियों पर, ऊबड़-खाबड़ जमीन पर या किसी अपरिचित जगह पर सावधानी से चलें। घर में सीढ़ियों और गलियारों से फालतू सामान हटाकर गिरने से बचाव करें। सीढ़ियों में पर्याप्त रोशनी रखें। सुनिश्चित करें कि सभी कालीन और गलीचे फर्श पर मजबूती से बिछे हों ताकि आप फिसलें नहीं।

**पर्याप्त सावधानी बरतें:** कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हमारी सोचने और याददाश्त संबंधी परेशानियों को बढ़ा सकती हैं। इनसे स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ सकता है, जिससे मस्तिष्क की रक्त वाहिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। इनमें से सबसे आम समस्याएं मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप हैं। यदि आपको इनमें से कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो अपने डॉक्टर के निर्देशों का पालन करें।

**सामाजिक दायरा बढ़ाएं:** सामाजिक मेलजोल अवसाद और तनाव को दूर करने में सहायक होता है। ये दोनों मानसिक रोग याददाश्त कमजोर होने की समस्या को बढ़ा सकते हैं। सामाजिक अलगाव और अकेलापन सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट और अल्जाइमर रोग के जोखिम से भी जुड़े हुए हैं। इसलिए अपना सामाजिक दायरा बढ़ाएं, लोगों से मेलजोल रखें।


**अच्छी नींद लें:** रोज अच्छी नींद लेना, ठीक वैसे ही है जैसे फोन को चार्ज करने के लिए प्लग लगाना। अच्छी नींद लेने से मस्तिष्क की कार्यक्षमता और याददाश्त बेहतर होती है, सतर्कता बढ़ती है और दैनिक कार्यों को करना आसान हो जाता है। आराम करने से तनाव और अवसाद भी कम होता है।

**ब्रेन फूड लें:** स्वस्थ खाद्य पदार्थों से भरपूर आहार मस्तिष्क को ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे मानसिक एकाग्रता में सुधार होता है और सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट धीमी होती है। माइंड डाइट यानी मेडिटरेनियन डैश इंटरवेंशन फॉर न्यूरो डिजेनरेटिव डिले एक विशेष खान-पान प्लान है, जो दिमाग की सेहत को सुधारने, याददाश्त तेज करने और अल्जाइमर या डिमेंशिया (मनोभ्रंश) के जोखिम को कम करने के लिए डिजाइन की गई है। यह 'मेडिटेरेनियन' और 'डैश' डाइट का मिश्रण है, जो मुख्य रूप से हरी पत्तेदार सब्जियों, बेरीज, नट्स और साबुत अनाज को अपने डाइट में शामिल करने पर जोर देती है। *


**(अपोलो हॉस्पिटल, कोलकाता के न्यूरोसर्जन डॉ. बिनोद कुमार सिंघानिया से बातचीत पर आधारित)**

### ब्रेन एक्सरसाइज करें

जिस प्रकार शारीरिक गतिविधि आपके शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखती है, उसी प्रकार दिमाग को सक्रिय रखने वाली गतिविधियां आपके मस्तिष्क को भी चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। ये गतिविधियां मस्तिष्क की कार्यक्षमता और स्मृति को बेहतर बनाने में सहायक हो सकती हैं। इसके लिए क्रॉसवर्ड पहेलियां हल करें, अलग-अलग विषय पढ़ें, खेल खेलें या कोई वाद्य यंत्र बजाना सीखें। साथ ही कोई नया शौक अपनाएं या किसी स्थानीय विद्यालय या सामुदायिक समूह में स्वयंसेवा करें।







# यश की टॉक्सिक से क्लैश बदलेगी ईठा की रिलीज डेट

**मुंबई।** यश की 'टॉक्सिक' और श्रद्धा कपूर की 'ईठा' का बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होने वाला है। दोनों ही फिल्मों को लेकर काफी बज है। हालांकि, अब खबरें हैं कि 'ईठा' की रिलीज पोस्टपोन की जा सकती है। साउथ सुपरस्टार यश फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर खबरों में हैं। ये फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी लेकिन फिल्म पोस्टपोन हुई और अब फिल्म 26 अगस्त को रिलीज हो रही है। यश की 'टॉक्सिक' को लेकर बज इतना ज्यादा है कि बाकी फिल्ममेकर अपनी फिल्में इस समय रिलीज करने से परहेज कर रहे हैं. हाल ही में सिद्धार्थ मल्होत्र और तमन्ना भाटिया की फिल्म वेवान की रिलीज डेट भी पोस्पोन हुई।

लाइफ Style



# शहनाज

## पर्सनल लाइफ पर बात करने से किया इंकार

हाल ही में शहनाज गिल और राघव जुयाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था, जिसके बाद दोनों के अफेयर की चर्चाएं तेज हो गईं थीं। अब शहनाज ने इन अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक इंटरव्यू के दौरान जब शहनाज से राघव जुयाल के साथ उनके रिश्ते को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने अपनी निजी जिंदगी पर बात करने से साफ मना कर दिया। उन्होंने कहा, 'प्लीज मुझसे पर्सनल सवाल मत पूछिए।' शहनाज ने राघव को अपना बेहद करीबी और अच्छा दोस्त बताया। उन्होंने अफेयर की खबरों पर ध्यान न देते हुए बातचीत का रुख राघव के काम की तरफ मोड़ दिया। शहनाज ने राघव की आने वाली फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' को सपोर्ट करने की अपील की है। उन्होंने राघव की तारीफ करते हुए कहा, राघव पहली बार किसी फिल्म में बतौर मुख्य अभिनेता नजर आने वाले हैं। उनका कोई फिल्मी बैकग्राउंड नहीं है, उन्होंने आज जो भी मुकाम हासिल किया है वह सिर्फ अपनी मेहनत और टैलेंट के दम पर किया है। इसलिए, सभी लोग सिनेमाघरों में जाकर उनकी फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' को जरूर देखें और उन्हें पूरा सपोर्ट करें। फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' दुनिया भर के सिनेमाघरों में 30 जुलाई को रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन विवेक बी. अग्रवाल ने किया है। यह एक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में राघव जुयाल मुख्य भूमिका (अजय सिंह) में नजर आएंगे।

## हॉलीवुड मसाला



# ऑब्सेशन के सीक्वल की कोई योजना नहीं

**लॉस एंजिल्स।** ऑब्सेशन फिल्म के मुख्य अभिनेता माइकल जॉनस्टन ने एक इंटरव्यू में यह साफ किया है कि इस फिल्म के सीक्वल की फिलहाल कोई योजना नहीं है। माइकल ने कहा कि हालांकि वे इस फिल्म के अगले भाग में काम करना पसंद करेंगे, लेकिन अभी ऐसा कोई प्लान नहीं है। माइकल ने मजाक में कहा कि फिल्म में उनके किरदार 'बेयर' को जो अंत मिला, दर्शक उसी के हकदार उसे मानते थे। इसलिए शायद ही लोग उसकी वापसी चाहें। हालांकि, उन्होंने फिल्म के निर्देशक करी बार्कर के उस आइडिया की तारीफ की, जिसमें इस फिल्म को एक अलग-अलग कहानियों वाली सीरीज में बदलने की बात कही गई है।



# एंजेलिना-ब्रैड की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

**लॉस एंजिल्स।** एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहारा की उम्र 21 साल है। हाल ही में जहारा ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने ब्रैड पिट का सरनेम अपने नाम से अलग कर लिया है। इससे पहले उनकी बहन शिलोह और भाई मैडॉक्स भी ऐसा कर चुके हैं। ब्रैड पिट का सरनेम अपने नाम से जहारा ने कानूनी प्रक्रिया के तहत हटाया है। टीएमजेड को मिले अदालती दस्तावेजों के मुताबिक जहारा ने कैलिफोर्निया के कानून के हिसाब से लगातार चार मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ब्रैड पिट का मानना है कि बच्चों के साथ उनके खराब रिश्ते के लिए एंजेलिना जोली जिम्मेदार हैं। साल 2016 में बैड पिट और एंजेलिना जोली ने तलाक लिया था। यह तलाक हॉलीवुड में सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। दरअसल, हॉलीवुड फैंस के बीच यह कपल आइडल माना जाता था, ऐसे में इनका अलग होना फैंस को दुखी कर गया।



# जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के पूरे हुए 15 साल

**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल की अदाकारी वाली फिल्म 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' की रिलीज को बुधवार को 15 साल हो चुके हैं। इस मौके पर फरहान अख्तर ने अपनी इस फिल्म को याद किया है। उन्होंने इस फिल्म की कई बीटीएस तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ एक नोट लिखा है। फरहान ने जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें फिल्म 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' के कलाकार नजर आ रहे हैं। बीटीएस तस्वीरों में फरहान, ऋतिक रोशन, अभय देओल, कटरीना कैफ और कल्कि कोचलिन भी नजर आ रही हैं। तस्वीरों के साथ अभिनेता ने कैप्शन में लिखा '15 साल, अब भी हर पल का भरपूर फायदा उठा रहा हूं। फिल्म के 15 साल पर जश्न मना रहा हूं।' फरहान अख्तर की पोस्ट पर विनीत कुमार सिंह ने लिखा 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा क्लासिक है।'



# मुसाफिर कैफे का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना की 'मुसाफिर कैफे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें तीन मुसाफिरों की अधूरी प्रेम कहानी की झलक देखने को मिली है। दर्शक इसे 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे। 'मुसाफिर कैफे' दिव्य प्रकाश दुबे के इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है। ट्रेलर की शुरुआत लाइब्रेरी के एक सीन से होती है, जहां चंदर (विक्रांत मैसी) और सुधा (वेदिका पिंटो) एक-दूसरे से बातें कर रहे हैं। वहीं, बैकग्राउंड में आवाज आ रही है, 'जिंदगी में हर मुसाफिर किसी वजह से मिलता है। कोई थोड़ी देर के लिए। कोई जिंदगी भर के लिए'। इसके बाद सुधार और चंदर के बीच करीबी बढ़ती है। दोनों साथ घूमते-फिरते हैं। प्यार होता है। वेदिका कहती हैं, 'तुम जैसे लोग थोड़ी देर से मिलते हैं'।

## स्थानीय खेल समाचार

# भोपाल जिले की 36 सदस्यीय टीम घोषित, अर्णव कप्तान

**भोपाल।** इंदौर में 16 से 18 जुलाई तक आयोजित होने वाली 54वीं राज्य तैराकी प्रतियोगिता के लिये भोपाल टीम घोषित की गई। आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलरानी ने बताया कि यह प्रतियोगिता 3 ग्रुप में खेली जायेगी एवं इस तीन दिवसीय तैराकी प्रतियोगिता के माध्यम से सब जूनियर नेशनल जयपुर के लिए मध्यप्रदेश की टीम का चयन किया जायेगा। तैराक खिलाड़ियों में मौली आहुजा , आन्या वाडिया, हिमांशी लीलानी, जाग्वी सबनानी, आराध्या मेहता, तृषा विश्वकर्मा, तीशा पंथी, साक्षी चतुर्वेदी, दानिका बाथम, तेजस्विनी कौशल, मिताली निकुंभ, यूमायरा दत्ता, अवनी कौशल, कनुप्रिया शर्मा, किमाया तिवारी, चहक उनियाल, अथर्व बाथम, अर्णव चौधरी, ईशान सिंह सेंगर, तेजस बाथम, अरीज़ ख़ान, वेंकटेश के, ऋषभ कौशिक, ध्रुव नेगी, अर्णव कुशवाह, धवित पाठक, द्युतित सिंह, शौर्य साहू, वेदांत गुप्ता, तनिष्क अग्रवाल , कोविद गुप्ता, रियांश खुराना, वेदांत पांडे, आद्यमान रघुवंशी, अक्षत ठाकुर , लक्ष्य उनियाल शामिल हैं। इस टीम के कोच पंकज बाथम होंगे । इस दल को भोपाल तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल (लिलि), उपाध्यक्ष ब्रजेश राजपूत, आशीष टोंक , गणेश कुण्टे एवं मुकेश मिश्रा ने बधाई देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है ।



# राज्य ट्रायथलॉन प्रतियोगिता नीमच में 23 से

**भोपाल।** 30वीं मध्य प्रदेश सब जूनियर, जूनियर एक्वाथलॉन एवं सीनियर ट्रायथलॉन प्रतियोगिता नीमच में 23 से 26 जुलाई तक आयोजित की जाएगी । प्रतियोगिता में मान्यता प्राप्त 24 जिले के बालक, बालिकाएं ,महिला तथा पुरुष 12 इवेंट में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त खिलाड़ियों को आवास, किट, भोजन एवं लोकल ट्रांसपोर्ट (तकनीकी अधिकारियों एवं खिलाड़ियों) की एंट्री फीस सहित समस्त सुविधा निशुल्क प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता को प्रदेश के 40 तकनीकी अधिकारी संपन्न करवाएंगे । मुख्य रूप से ओपी अवस्थी एवं जेपी सक्सेना तकनिकी व्यवस्था तथा संघ के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी तथा उमाशंकर व्यास सहित संघ के अन्य समस्त पदाधिकारी प्रतियोगिता में दी जाने वाली समस्त व्यवस्था देखेंगे । आयोजन सचिव नीमच के अध्यक्ष प्रभु मूलचंदानी को आयोजन सचिव बनाया गया है। संघ के चेयरमेन विधायक विजयपाल 26 जुलाई को पुरस्कार वितरण में उपस्थित रहेंगे ।

# 10000 गाने बनाने वाले संगीत के जादूगर, जिनकी धुनों पर सजती थी रफी और लता की आवाज...

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में कई दिग्गज संगीतकार हुए हैं, जिन्होंने एक से बढ़कर एक गीत और कंपोजिशन दिए हैं। आनंद बख्शी से लेकर- आर बर्मन और लक्ष्मीकांत प्यारेलाल की जोड़ी से लेकर खय्यम तक जैसे लीजेंडरी म्यूजिशियंस ऐसे थे जिन्होंने कई गानों की बेहदरीन कंपोजिशन दी और कई बेहतरीन गाने लिखे भी। इनके लिखे गीत सालों बाद भी सदाबहार हैं और कई तो कल्ट क्लासिक बनकर उभरे हैं। इन्हीं में से एक संगीतकार ऐसे थे जिन्होंने अपने पूरे करियर में 10 हजार से ज्यादा गीत लिखे और कंपोज किए। उन्होंने ना सिर्फ हिंदी बल्कि गुजराती सिनेमा में भी कई शानदार गीत दिए और उनके गाये गीतों को लीजेंडरी गायक मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर ने अपने आवाज में पिरोया है।*



*40 के दशक में मिली सफलता :* अविनाश व्यास 1912 में गुजरात में जन्मे थे और उन्होंने उस्ताद अलाउद्दीन खान से ट्रेनिंग ली थी। उन्होंने अपने करियर की पहली सफलता 1948 में रिलीज हुई फिल्म गुणसुंदरी से मिली थी जो गुजराती और हिंदी दोनों भाषाओं में बनी थी। उन्होंने फिल्मों के अलावा लोकगीत, भजन और गैर फिल्मी गीत भी लिखे। भारतीय कला और संगीत में उनके योगदान के लिए उन्हें 1070 में पद्म श्री से सम्मानित किया था।

### 190 गुजराती फिल्मों में भी दिया संगीत

भारतीय संगीत के वो महान जादूगर थे जिन्होंने अपने कॅरियर में 10 हजार गीत लिखे और उन्हें कंपोज किया, वे थे अविनाश व्यास, जिन्होंने गुजराती सिनेमा में लगभग 190 फिल्मों के लिए संगीत दिया और रफी साहब और लता दीदी से अपने सदाबहार गीतों को आवाज दिलवाई।

### अविनाश व्यास के वो गीत, जिन्हें रफी-लता ने गाया

मोहम्मद रफी ने फिल्म लक्ष्मी के लिए पोलम पोल गीत गाया था इसके अलावा लता मंगेशकर ने फिल्म मेहंदी रंग लग्यो के लिए मेहंदी ते ववी मालवे, फिल्म कैलाशपति के लिए जा रे बादल जा जैसे गीत गाए थे। इतना ही नहीं उस दौर के बेहतरीन सिंगर्स जैसे मुकेश, मन्ना डे, तलत महमूद, आशा भोंसले, गीता दत्त, किशोर कुमार ने भी उनके गीतों को अपनी आवाज दी थी।

# उड़ने की आशा में आएगा नया मोड़

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'उड़ने की आशा' इन दिनों चर्चा में है। हाल ही में शो से एक बड़ी अपडेट सामने आई है, जो दर्शकों को चौंका सकती हैं। प्रोड्यूसर राहुल कुमार तिवारी के इस शो का प्रोमो हाल ही में रिलीज हुआ, जिसमें दिखाया गया कि जल्द ही 7 साल का लीप आने वाला है। हालांकि, सालों बाद किरदारों के चेहरे भी बदलने वाले है। हाल ही में आए प्रोमो में 7 साल बाद सब कुछ बदलने वाला है। देशमुख परिवार टूट जाता है और सचिन-सायली भी अलग हो जाते है। इतना ही नहीं, सायली की सास रेणुका का किरदार भी बदलने वाला है, जिन्होंने अपने कठोर किरदार से अपनी पहचान बनाई थी।



# नास्तिक हूं, मगर किसी धर्म का अनादर नहीं करता : अन्नू कपूर

**नई दिल्ली।** अन्नू कपूर अपकमिंग कॉमेडी फिल्म 'उत्तर दा पुत्तर' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें वह फिजिक्स प्रोफेसर का रोल निभा रहे हैं। फिल्म में वह वास्तु में अटूट आस्था की कहानी को आगे बढ़ाते हैं। उनके मुताबिक यह उनकी अपनी सोच से बिल्कुल अलग है। उनका मानना है कि एक एक्टर की निजी सोच और उनके निभाए गए किरदारों के बीच फर्क होना चाहिए। अन्नू कपूर कहा कि 'मैं नास्तिक हूं लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं किसी धर्म या किसी की आस्था का अनादर करता हूं। जब प्रोड्यूसर संदीप कपूर मेरे पास एक ऐसे फिजिक्स प्रोफेसर का रोल लेकर आए जो वास्तु में विश्वास करता है, तो मैंने उसे स्वीकार कर लिया। एक एक्टर के तौर पर, मुझे ऐसे किरदार निभाने का मौका उत्साहित करता है जो असल जिंदगी में मेरी अपनी पर्सनैलिटी से बिल्कुल अलग हों।' उन्होंने आगे कहा 'मैंने उत्सुकता और जानकारी के लिए हस्तरेखा शास्त्र और ज्योतिष पर कई किताबें पढ़ी हैं। मगर ये मेरे निजी अनुभव और शौक हैं। इन्हें एक एक्टर के तौर पर मेरे प्रोफेशनल काम से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।' उन्होंने कहा 'कई बार मेरे बयानों को संदर्भ से हटकर पेश किया जाता है। मैंने कभी किसी की आस्था का मजाक नहीं उड़ाया और न ही कभी अपनी बातों से किसी को दुख पहुंचाने की कोशिश की है। मैं हर व्यक्ति की अपनी पसंद की चीजों में विश्वास रखने की आजादी का सम्मान करता हूं।' फिल्म से दर्शकों को क्या उम्मीद करनी चाहिए, इस पर कपूर का मानना है कि 'उत्तर दा पुत्तर' में मजाक-मस्ती के साथ-साथ एक अहम संदेश भी है। 'यह फिल्म मनोरंजन तो करती ही है, साथ ही दर्शकों को एक जरूरी संदेश भी देती है। मैं बस सबसे यही कहूंगा कि ट्रेलर को आखिर तक देखें। जब मेरे किरदार की पत्नी उससे कहती है 'इस वास्तु के चक्कर में तुम डरपोक हो गए हो,' तो यह एक डायलॉग ही फिल्म की असल बात को बयां कर देता है।'




**कार्यालय शा. सांदीपनि ठा. लाल सिंह उ.मा.वि. बैरसिया जिला भोपाल**

Dise Code-23320129258 Gmail: balakberasia6310@gmail.com Telephone No. 07565-299020

क्रमांक/कृषि भूमि/ रवि फसल 2026-27/351 बैरसिया, दिनांक 08/07/2026

खुली निविदा सूचना क्रमांक :- 01/2026-27

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि शासकीय सांदीपनि ठा. लालसिंह उ.मा. वि. बैरसिया जिला भोपाल अन्तर्गत कृषि फार्म विदिशा रोड बैरसिया पर स्थित है, जहाँ लगभग 35 एकड़ विद्यालय की कृषि योग्य भूमि है। खरीफ एवं रवि फसल 2026-27 हेतु 10 माह के लिए उक्त भूमि पर खेती करने वाले इच्छुक स्थानीय कृषको/संस्थानो / समूहों से सीलबंद निविदऐं आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | कार्य विवरण | कृषि योग्य भूमि | अनुमानित प्रति एकड़ राशि रू. | अनुमानित कुल राशि रू. | निविदा शुल्क रू. | अमानत राशि रू. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खरीफ एवं रवि फसल 2026-27 | 35 एकड़ | 10000/- रू. | 350000/- रू. | 500/- रू. | 50000/- रू. |

भरी हुई निविदाएँ दिनांक 14/07/2026 से 21/07/2026 अपरान्ह 01:00 बजे तक जमा करना अनिवार्य है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 21/07/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जावेगी, जिसमें संबंधित की उपस्थिति अनिवार्य है। बिना शुल्क राशि 500 रू. के तथा निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदाऐं मान्य नही की जावेगी। निविदा में चयन उपरान्त संबंधित को संस्था के खाते में निविदा दिनांक से 7 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि जमा करनी अनिवार्य है। अन्यथा संबंधित की निविदा निरस्त कर दी जावेगी एवं धरोहर राशि जप्त हो जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित का होगा।

प्राचार्य
शासकीय सांदीपनि ठाकुर लाल सिंह उच्च माध्य, विद्यालय, बैरसिया

G-15648/26

सड़क सुरक्षा के नियमों को जानो, सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता पहचानो



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एस.एल. 90 मण्डल द्वारा श्रीमती उमा वर्मा पत्नी श्री अचल सिंह के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 17/08/1999 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 11/05/2026 को पंजीकृत है। श्रीमती उमा वर्मा पत्नी श्री अचल सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री शाहिद खान आत्मज श्री नासिर खान को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 09/06/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री शाहिद खान आत्मज श्री नासिर खान के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

// आम सूचना //


हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, रूसल्ली, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रमांक एस.एल. 89 मण्डल द्वारा श्रीमती उमा वर्मा पत्नी श्री अचल सिंह के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 24/11/2010 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 11/05/2026 को पंजीकृत है। श्रीमती उमा वर्मा पत्नी श्री अचल सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री शाहिद खान आत्मज श्री नासिर खान को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 02/06/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री शाहिद खान आत्मज श्री नासिर खान के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल

स्पेन ने मौजूदा टूर्नामेंट के 7 मैचों में छठी बार विपक्षी टीम को गोल करने से रोका

# 16 साल बाद फाइनल में स्पेन एम्बाप्पे की स्टार ब्रिगेड फेल

## सेमीफाइनल में स्पेन ने फ्रांस को दी शिकस्त, रविवार को होगा फाइनल



एजेंसी ▶▶| अर्लिंगटन

स्पेन की मजबूत रक्षापंक्ति और आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन के आगे किलियन एम्बाप्पे की अगुआई वाली फ्रांस की स्टार आक्रमण पंक्ति पूरी तरह बेअसर साबित हुई और 2010 की विश्व चैंपियन स्पेन ने एक बार फिर फीफा विश्व कप के फाइनल में जगह बना ली। स्पेन ने सेमीफाइनल में मिकेल ओयारजाबाल और पेड्रो पोरो के गोल के दम पर फ्रांस को 2-0 से शिकस्त दी।

इसके साथ ही स्पेन ने मौजूदा टूर्नामेंट के 7 मैचों में छठी बार विपक्षी टीम को गोल करने से रोकते हुए अपनी शानदार रक्षात्मक क्षमता का एक और नमूना पेश किया। स्पेन अब रविवार को होने वाले फाइनल में गत चैंपियन अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से भिड़ेगा। फाइनल न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में खेला जाएगा।



### फ्रांस को स्पेन से डरना चाहिए : यामाल

मैच से पहले युवा स्टार लामिन यामाल ने कहा था कि फ्रांस को स्पेन से डरना चाहिए और मैदान पर उनका यह दावा सही साबित हुआ। फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज फ्रांस की अगुवाई विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ गोल स्कोररों में शामिल एम्बाप्पे कर रहे थे, जिन्होंने सेमीफाइनल से पहले विश्व कप के 20 मुकाबलों में 20 गोल किए थे। उनके साथ बैलन डी'ओर विजेता उस्मान डेम्बेले और इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक पांच गोल में मदद करने वाले माइकल ओलीसे भी थे, लेकिन यह तिकड़ी स्पेन की रक्षा पंक्ति के आगे प्रभावहीन रही।

### ओयारजाबाल ने पेनाल्टी को गोल में बदला

स्पेन को 22वें मिनट में बढ़त मिली, जब यामाल के शानदार मूव पर फ्रांस के डिफेंडर लुकास डिन्ये ने फाउल कर दिया। इस पेनाल्टी को ओयारजाबाल ने गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद 58वें मिनट में पोरो ने दानी ओल्मो के साथ बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए दूसरा गोल दागकर जीत लगभग सुनिश्चित कर दी। अपने 19वें जन्मदिन के एक दिन बाद खेल रहे यामाल ने बाद में एक गोल भी किया, लेकिन करीबी ऑफसाइड के कारण उसे नकार दिया गया। टीम को हालांकि शुरुआती बढ़त दिलाने में उनकी सूझबूझ भरी खेल शैली निर्णायक साबित हुई।

# 14 टीमों के साथ नए प्रारूप में खेला जाएगा वनडे विश्व कप

### आईसीसी ने बदला वनडे वर्ल्ड कप का फॉर्मेट

- वनडे विश्व कप में सुपर सीरीज और सुपर-7 चरण की एंट्री
- 2027 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होगा टूर्नामेंट



एजेंसी ▶▶| एडिनबर्ग

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2027 वनडे विश्व कप और 2028 टी20 विश्व कप के प्रारुप में कुछ बदलाव किए हैं, जिनका उद्देश्य दोनों टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा को और अधिक रोमांचक बनाना है। ये फैसले आईसीसी की सालाना बैठक में लिए गए। दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाले 2027 वनडे विश्व कप में पूर्व योजना के अनुसार 14 टीमें ही भाग लेंगी, जो पिछले चरण की 10 टीम से अधिक हैं। हालांकि टूर्नामेंट को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आईसीसी ने सुपर सीरीज और सुपर-7 चरण को शामिल किया है।

### सुपर सीरीज में तीन टीम के बीच होंगे मुकाबले

आईसीसी ने कहा, 'आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में 14 योग्य टीमें भाग लेंगी लेकिन संशोधित प्रारुप के तहत फाइनल तक पहुंचने के लिए तीन चरण की प्रतियोगिता होगी, जिससे टूर्नामेंट के हर मैच का महत्व बढ़ेगा और शुरुआत से लेकर फाइनल तक प्रतिस्पर्धा रोमांचक बनी रहेगी। 'सुपर सीरीज में तीन टीम के बीच मुकाबले होंगे, जिनमें से एक टीम दूसरे दौर में पहुंचेगी, जिसमें छह टीम को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष तीन टीम और दोनों समूहों में शेष टीम में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली एक टीम सुपर-7 (पहले प्रस्तावित सुपर-6 के स्थान पर) में पहुंचेगी। सुपर-7 चरण से शीर्ष चार टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### मुकाबले होंगे पहले से ज्यादा रोमांचक

आईसीसी ने कहा, 'इन बदलावों से हर मैच का महत्व बढ़ेगा और मुकाबले पहले से ज्यादा रोमांचक होंगे। इससे प्रशंसकों को बेहतर अनुभव मिलेगा, वहीं नई और उभरती टीम को भी क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता रहेगा।' ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 2028 में होने वाले टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण के बाद अब सुपर-8 की जगह सुपर-10 चरण होगा।टूर्नामेंट में चार-चार टीम के पांच ग्रुप बनाए जाएंगे। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीम सुपर-10 में पहुंचेंगी। पिछले चरण में सुपर-8 के प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सीधे सेमीफाइनल में पहुंचती थीं।

### हर ग्रुप की शीर्ष टीम सीधे पहुंचेगी अंतिम चार में

नए प्रारुप में अब प्रत्येक ग्रुप की केवल शीर्ष टीम ही सीधे अंतिम चार में पहुंचेगी। ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम विपरीत ग्रुप की तीसरे स्थान वाली टीम के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबला खेलेंगी, जिससे प्रतियोगिता में एक नया रोमांच जुड़ जाएगा। आईसीसी ने कहा, 'आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में उभरती हुई टीम के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए दूसरे चरण में भाग लेने वाली टीम की संख्या 8 से बढ़ाकर 10 करने का फैसला किया गया है।'

### स्कॉटलैंड को यूरोप क्षेत्रीय फाइनल में प्रवेश दिया जाएगा

आईसीसी ने यह भी बताया कि स्कॉटलैंड को 2026 टी20 विश्व कप में विशेष परिस्थितियों में अंतिम समय पर बांग्लादेश की जगह खेलने के कारण सीधे यूरोप क्षेत्रीय फाइनल में प्रवेश दिया जाएगा। वहीं 2026 टी20 विश्व कप में खेलने वाली लेकिन स्वतः क्वालीफाई नहीं कर पाने वाली बाकी टीम सीधे वैश्विक क्वालीफायर में पहुंचेंगी। वैश्विक क्वालीफायर के अन्य आठ स्थानों के लिए क्षेत्रीय क्वालीफिकेशन होगा। इनमें अफ्रीका, एशिया और यूरोप से दो-दो टीम जबकि अमेरिका और पूर्वी एशिया प्रशांत क्षेत्र से एक-एक टीम क्वालीफाई करेंगी। वैश्विक क्वालीफायर में प्रत्येक क्षेत्र की शीर्ष टीम और कुल मिलाकर अगली तीन सर्वश्रेष्ठ टीम 2028 टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## खबर संक्षेप



### असम में देर रात तक खुले रहेंगे रेस्टोरेंट

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने घोषणा की कि विश्व कप फुटबॉल के मैचों के दिन राज्य की राजधानी में रेस्टोरेंट (रेस्तरां) को सुबह 3 बजकर 30 मिनट तक खुला रखने की अनुमति दी जाएगी। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि फुटबॉल लोगों को जोड़ता है और राज्य सरकार चाहती है कि खेल प्रेमी बिना किसी असुविधा के सेमीफाइनल और फाइनल का आनंद लें। उन्होंने कहा, 'मैंने गुवाहाटी के जिला प्रशासन को 15, 16, 19 और 20 जुलाई को रेस्टोरेंट को सुबह 3 बजकर 30 मिनट तक खुला रखने की अनुमति देने के लिए कहा है ताकि फुटबॉल प्रेमियों को किसी तरह की परेशानी ना हो और वह मैचों का भरपूर आनंद ले सकें।'

### अलग-अलग चरणों में खेलना रोमांचक : वाशिंगटन

**बर्मिंघम।** भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने कहा कि वह बल्लेबाजी क्रम में किसी भी



स्थान पर उतरने के लिए तैयार हैं क्योंकि उन्हें बल्लेबाजी में अलग-अलग भूमिकाएं रोमांचित करती हैं। वाशिंगटन की खेल के विभिन्न प्रारुपों में भूमिकाएं बदलती रहती हैं। वाशिंगटन ने कहा, ' मुझे अलग-अलग भूमिकाएं निभाना रोमांचक लगता है। बहुत कम खिलाड़ियों को अलग-अलग भूमिकाएं निभाने का मौका मिलता है। इससे मुझे अलग-अलग परिस्थितियों में खेलने का मौका मिलता है।' उन्होंने कहा, 'मैं टीम को जीत दिलाने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास करता हूं।

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा भारत, इंग्लैंड से दूसरी भिड़ंत आज

## बदला दूसरे वनडे का समय, शाम 5.30 बजे होगा शुरू

एजेंसी ▶▶| कार्डिफ

पहले मैच में जीत से उत्साहित भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार को होने वाले दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने के लिए उतरेगी तो कप्तान शुभमन गिल की फिटनेस और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की फॉर्म पर सभी का ध्यान केंद्रित रहेगा। गिल ने बर्मिंघम में खेले गए पहले वनडे में भारत की छह विकेट से जीत में 80 रन बनाए थे, लेकिन मांसपेशियों में खिंचाव के कारण उन्हें 'रिटायर्ड हर्ट' होकर मैदान छोड़ना पड़ा था। भारत उनके जल्द से जल्द फिट होने की उम्मीद कर रहा होगा। पिछले कुछ समय में यह पहला अवसर नहीं है जबकि गिल को फिटनेस संबंधी समस्या के कारण मैदान छोड़ना पड़ा।



### रोहित को करना होगा बेहतर प्रदर्शन

रोहित ने कप्तानी गंवाने के बाद अपने आक्रामक रवैए पर अंकुश लगाया लेकिन उन्हें अभी तक इससे खास फायदा नहीं हुआ है। रोहित ने पिछले साल अक्टूबर से 13 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने एक शतक और चार अर्धशतकों की मदद से 46.91 के औसत से 563 रन बनाए हैं। यह कोई मामूली रिकॉर्ड नहीं है। लेकिन भारतीय ड्रेसिंग रूम के मौजूदा हालात ने रोहित के लिए लगभग हर मैच में अच्छा प्रदर्शन करना अनिवार्य बना दिया है। अभी यह सोचना कल्पना से परे होगा कि रोहित अगले कुछ मैचों में असफल रहने पर 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप की दौड़ से बाहर हो जाएंगे।

### पुरानी फॉर्म में वापस लौटे बुमराह

भारत के लिए एक बड़ी सकारात्मक बात यह है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 2023 विश्व कप फाइनल के बाद पहली बार 50 ओवर के प्रारुप में वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। इस साल आईपीएल के दौरान बुमराह को लय हासिल करने और विकेट लेने के लिए संघर्ष करना पड़ा था, लेकिन अब लगता है कि उन्होंने अपनी पुरानी फॉर्म वापस पा ली है। इसी तरह ऑलराउंडर अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर की फॉर्म में वापसी से भी टीम प्रबंधन बेहद खुश होगा।

**मैच का समय** : शाम 5:30 बजे

# अक्षर ने मारी लंबी छलांग, टॉप टेन में शामिल

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में शानदार प्रदर्शन से आईसीसी वनडे हरफनमौलाओं की रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। अक्षर में इस मैच में चार विकेट लेने के अलावा नाबाद 57 रन भी बनाए, जिससे वह आईसीसी रैंकिंग की नवीनतम सूची में तीन पायदान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत ने यह मैच छह विकेट से जीता था। अक्षर की बल्लेबाजी और गेंदबाजी रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। वह बल्लेबाजी रैंकिंग में 18 पायदान ऊपर 73वें जबकि गेंदबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### आईसीसी वनडे रैंकिंग



### गिल की रेटिंग में बढ़ोतरी

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने 'रिटायर्ड हर्ट' होने से पहले 80 रन की शानदार पारी खेली। इससे उनकी रेटिंग में 12 अंकों की बढ़ोतरी हुई है और अब वह वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज डैरिल मिचेल से केवल 11 अंक पीछे हैं। जसप्रीत बुमराह ने वापसी पर एक विकेट लिया, जिससे वह गेंदबाजी रैंकिंग में 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### आगे बढ़ने में सफल वॉशिंगटन

वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 52) ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। इससे वह बल्लेबाजी रैंकिंग में 24 पायदान (177वां स्थान) और ऑलराउंडर रैंकिंग में 16 पायदान (55वां स्थान) आगे बढ़ने में सफल रहे।

## जैकेट का शेष...

### उनका जवाब था ...

परिश्रम करने के बावजूद मेरा टिकट नरोत्तम मिश्रा ने छीन लिया। 2014 में शिवराज जी ने आश्वासन दिया पूरा नहीं हुआ। भाग्य का खेल है, भाग्य जहां ले जाएगा, जाएंगे, इसके अलावा क्या कर सकते हैं, क्या कह सकते हैं।

**प्रश्न: किस बात से आपको ज्यादा हैरत है कि आप कांग्रेस से चुनाव प्रत्याशी नहीं हैं या भाजपा से नरोत्तम मिश्रा प्रत्याशी नहीं हैं?**

**उत्तर:** मैं अकेला व्यक्ति हूं जो पिछले तीन महीने से यह कह रहा था कि नरोत्तम मिश्रा को निराशा हाथ लगेगी। स्वयं को टिकट नहीं मिलने से हैरान हूं। लेकिन इससे ज्यादा हैरानी की बात है कि दतिया विधानसभा क्षेत्र में से तीन दलों में से जिनने सबसे अच्छी परिश्रम करके तैयारी की उनमें मैं, नरोत्तम मिश्रा जी और राजेंद्र भारती जी हम तीनों चुनावी परिदृश्य से बाहर हो गए और जो लोग दतिया में कहीं से भी सक्रिय नहीं थे ऐसे तीनों लोग आज चुनाव लड़ रहे हैं। इसलिए हैरत की बात यह है कि जिन्होंने पसीना बहाया वे बाहर हो गए हैं और जिन्होंने कभी परिश्रम नहीं किया, दतिया की जनता के लिए किसी प्रकार की लड़ाई नहीं लड़ी वे खंब ठोककर चुनाव में खड़े हो गए हैं उनकी पार्टियों ने उन पर भरोसा किया हम पर नहीं किया ज्यादा हैरत की बात तो यह है।

**प्रश्न: आपको किस आधार पर ऐसी उम्मीद थी कि नरोत्तम मिश्रा को टिकट नहीं मिलेगा और आज इस बात का अफसोस नहीं है कि भाजपा में ही बने रहते तो आपको मौका मिल जाता?**

**उत्तर:** नरोत्तम मिश्रा का टिकट नहीं होगा यह मुझे इसलिए लग रहा था क्योंकि मैं लंबे समय से भाजपा में रहा हूं उसकी राजनीति समझता हूं जिस प्रकार से नरोत्तम मिश्रा ने जातीय सम्मेलन अपने स्तर पर प्रारंभ किए, जिस प्रकार से नरोत्तम मिश्रा ने भाजपा के विभिन्न स्तर के बड़े नेताओं, मंत्रियों, निगम अध्यक्षों को दतिया में बुलाने का काम किया और वे आए भी, भाजपा में इसको अनुशासनहीनता माना जाता है और यह सब उनकी माइनस मार्किंग हो रही थी यह उनकी समझ में नहीं आ रहा था। 2025 में शिवराज सिंह चौहान दतिया आए थे, नरोत्तम मिश्रा ने उनका बहिष्कार कर दिया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भांडेर और सेवढ़ा में आए नरोत्तम मिश्रा उनसे मिलने नहीं गए। यहां एक हवाई अड्डे के उद्घाटन में केंद्रीय मंत्री, केंद्रीय राज्यमंत्री और सांसद आए थे उस कार्यक्रम में उपद्रव हुआ था और पुलिस के अधिकारियों के ट्रांसफर हुए थे। सांसद तो लगातार इस बात से नाराज थीं कि उन्हें किसी कार्यक्रम में नहीं बुलाया जाता है। केंद्रीय मंत्रियों और मुख्यमंत्री का अपमान, सांसद की नाराजगी ये सारी बातें केंद्रीय नेतृत्व के पास पहुंच रही थीं। इसलिए, मुझे लग रहा था कि उन्हें टिकट नहीं मिलेगा।

**प्रश्न: नरोत्तम को भाजपा जैसी अनुशासित पार्टी ने टिकट नहीं दिया तो पूरा दतिया ठहर गया सड़कें जाम हो गईं, लोग भूखे-प्यासे सड़कों पर दिखने लगे। आपको कांग्रेस ने टिकिट नहीं दी, कहीं कुछ नहीं हुआ?**

**उत्तर:** मैंने कराया नहीं, होने को तो सब हो जाता। कांग्रेस ने कुंवर घनश्याम सिंह को टिकट दिया है उनसे मेरा कोई विरोध नहीं है। मुझे इस बात से दुख नहीं हुआ कि घनश्याम जी को टिकट क्यों दिया मुझे नहीं दिया इसकी पीड़ा है। जहां तक नरोत्तम मिश्रा के समर्थकों की बात है तो वे यह मानने को तैयार नहीं थे कि नरोत्तम को टिकट नहीं मिलेगा। खुद नरोत्तम भी इसके लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने नामांकन पत्र खरीद लिया था। जबकि भाजपा की राजनीति में इतना अनुशासन है कि जब तक भोपाल से दिल्ली से आपका नाम नहीं आता तब तक आप नामांकन पत्र खरीद नहीं सकते। दतिया में नरोत्तम मिश्रा की निजी सेना खड़ी हो गई थी। इस सेना में ऐसे प्रकार के लोग थे जिनके व्यवसायिक हित थे। बहुत से लोग डबरा से भी आए।

**प्रश्न: एक पार्टी में आपने 3 दशक लगा लिए और एक में 3 साल लगा दिया, क्या समझ में आया कौनसी पार्टी ठीक है?**

**उत्तर:** सबका एक ही उद्देश्य है सत्ता प्राप्त करना और विचार की राजनीति अब गौण हो गई है। जो लोग भाजपा के बारे में गलत शब्द का प्रयोग करते थे वे कभी भी भाजपा के सदस्य हो सकते हैं, उन्हें कभी भी भाजपा का लोकसभा का, राज्यसभा का सांसद और विधानसभा का सदस्य बनाया जा सकता है। और ऐसा ही कांग्रेस में है। किसी प्रकार का विचार अब शेष बचा नहीं है। सत्ता कैसे येन केन प्रकरण अब प्राप्त हो जाए यह सभी का उद्देश्य है उसमें भाजपा-कांग्रेस सब शामिल है।

**प्रश्न: भाजपा ने नरोत्तम मिश्रा की जगह आशुतोष तिवारी को टिकट दिया है कैसा निर्णय है ये?**

**उत्तर:** भाजपा ऐसे चौंकाने वाले निर्णय करती है। भाजपा में केंद्रीय स्तर के मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर थे, बहुत ऊंचाई पकड़ ली थी, आज भी उनकी ऊंचाई खूब है, लेकिन एकाएक उन्हें विधानसभा का टिकट पकड़ा दिया, प्रह्लाद पटेल को, कैलाश विजयवर्गीय, राकेश सिंह को पकड़ा दिया। और उनसे बहुत जूनियर मोहन यादव जी को सीएम बना दिया। राजस्थान में भजनलाल जी को सीएम बना दिया तो भाजपा ऐसे चौंकाने वाले निर्णय करती है भाजपा की राजनीति समझने वालों के लिए यह कोई बड़ी बात नहीं है।

**प्रश्न: आशुतोष तिवारी को टिकट देना क्या भाजपा का निर्णय बेहतर है या भाजपा ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है?**

**उत्तर:** यह तो आगे परिणाम बताएगा। आज इस पर कुछ नहीं कह सकते। दूसरी पार्टी के टिकट को लेकर मैं क्या कह सकता हूं। वो उनकी पार्टी का अंदरूनी मामला है। ये तो जनता है वो तय करेगी।

**प्रश्न: कांग्रेस में क्या होता है?**

**उत्तर:** कांग्रेस में तो नेतृत्व चलता रहता है। अस्सी साल के दिग्विजय सिंह जी हैं, उन्नासी साल के कमलनाथ जी हैं। कांग्रेस में तो यह चलता रहता है।

**प्रश्न: बड़ी उम्मीद के साथ आशुतोष तिवारी आपसे मिलने आए थे, क्या आशा लेकर आए थे?**

**उत्तर:** सौजन्य से मिलने आए थे। घनश्याम जी भी आए थे। जब मैंने चुनाव लड़ा था, मैं भी जाता था। हमारे दतिया में यह परंपरा है जिनको टिकट मिलता था वे लोगों से मिलने जाते हैं, सिवाए नरोत्तम मिश्रा के। बकायदा सारे लोग जाते हैं। एक दूसरे से मिलते हैं। सौजन्य भेंट होती है। इसलिए वो आए थे। मुझे क्या करना है ये मेरे समर्थक और शुभचिंतक तय करेंगे। अपने समर्थकों से चर्चा करने के पश्चात मैं अतिशीघ्र कोई निर्णय करूंगा।

**प्रश्न: इतनी उलझन और असमंजस क्या है?**

**उत्तर:** मेरे कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों का बड़ा समूह है जिन्होंने मेरे लिए सब कुछ किया। तो उनकी भावनाओं का सम्मान तो करना पड़ेगा। उनकी भावनाओं का अनादर कैसे कर सकते हैं। उनसे पूछना पड़ेगा। उनसे ही मैं हूं। और उनसे मैं हूं तब दतिया में बहुत कुछ हो रहा था। कोई भी जेल में जा सकता था, किसी पर भी प्रकरण दर्ज हो सकते थे। प्रताड़ना की कोई सीमा नहीं थी। उस समय भी वो मेरे साथ डटकर खड़े रहे। और इसलिए मैं कभी-कभी कहता हूं और यह सही भी है कि वो मेरी प्राणवायु हैं। उनसे तो पूछना पड़ेगा और जो वो कहेंगे, हम करेंगे। वो ही करना है जो वो कहेंगे।

**प्रश्न: भाजपा में नरोत्तम मिश्रा बने हुए हैं, भाजपा में क्या आप अपनी जगह देखते हैं?**

**उत्तर:** अभी तो ऐसा कोई विचार ही नहीं है। मैंने कहा ना कार्यकर्ता जैसा कहेंगे वैसा करेंगे। चुनाव परिणाम कुछ भी हो अब नरोत्तम मिश्रा डबरा चले जाएंगे, दतिया नहीं रहेंगे। क्योंकि आशुतोष भी कोई सामान्य कार्यकर्ता या नेता नहीं हैं। आशुतोष जी पूरे मध्यप्रदेश के लगभग हर जिले के संगठन मंत्री रहे हैं। आशुतोष जी बड़े संगठक भी हैं तो आशुतोषजी को किसी भी तरह से दबाने का काम कोई नहीं कर सकता।

**प्रश्न: राजेंद्र भारती करीब ढाई साल तक दतिया के विधायक रहे हैं क्या उन्होंने ऐसा कुछ किया है जिससे कांग्रेस को फायदा होगा?**

**उत्तर:** विपक्ष का विधायक कुछ कर नहीं सकता यह कहने में मुझे कुछ गुरेज नहीं है। और इसका उदाहरण खुद नरोत्तम मिश्रा है जो यहां के बड़े नेता हैं, विधायक, मंत्री रहे हैं। वो 1998 से 2003 तक डबरा के विधायक रहे, तब कांग्रेस की सरकार थी तो कौनसा काम कर पाए। कोई भी विपक्ष का विधायक काम नहीं कर पाता। बड़े से बड़ा विधायक को भी सत्तारूढ़ पार्टी काम नहीं करने देती है।

**प्रश्न: राजेंद्र भारती का कहना है कि नरोत्तम मिश्रा का मैनेजमेंट कमाल का है, जिसके चलते उन्होंने 2023 में कांग्रेस में आपको टिकट दिलवा दिया था, आप क्या कहना चाहेंगे?**

**उत्तर:** राजेंद्र भारती तो खुलेआम कहते थे कि मेरी सेटिंग उनसे (नरोत्तम मिश्रा) से है। हालांकि, मेरी किसी प्रकार की कोई सेटिंग नहीं थी। कमलनाथ जी ने मुझे बुलाया था बात करने के लिए। बात हुई। उन्होंने मुझे टिकट दिया। राजेंद्र भारती जी को लगता था कि उन्होंने बहुत संघर्ष किया है तो उन्हें टिकट मिलना चाहिए था। टिकट नहीं मिला तो उन्हें लगा कि अवधेश नायक का टिकट कटना चाहिए। उन्होंने ऐसे आरोप लगाए। अभी भी बहुत सारे लोग कह रहे हैं कि घनश्यामजी का टिकट भी उन्हीं का है। राजेंद्र भारती तो यह भी कहा करते थे कि 2013, 2018 और 2023 में घनश्यामजी ने उनका काम न करके नरोत्तम मिश्रा का काम किया।




### बारिश के दौरान कॉलोनियों की सड़कों पर खुदाई का विरोध

# सीवेज लाइन के लिए चार फीट गहरी नाली, कॉलोनियों में कीचड़ ही कीचड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में अमृत योजना के तहत सीवेज नेटवर्क खड़ा करने का काम बारिश में अचानक से शुरु कर दिया गया है, जबकि गर्मियों के दिनों में काम रुका हुआ था।

बारिश के दौरान कॉलोनियों की सड़कों में चल रहे सीवेज नेटवर्क के काम ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। एमपी नगर, रचना नगर, बैरागढ़, कोलार, राजीव कॉलोनी करोंद, ऐशबाग, बाग फरहत अफजा और होशंगाबाद रोड से लगी हुई कॉलोनियों में चार फीट गहरी नाली खुदाई कर सीवेज लाइन डाली जा रही है। ठेकेदार निकाली गई मिट्टी से नाली को पूर रहा है, जिससे आम लोगों को कीचड़ की वजह से परेशानी उठानी पड़ रही है। पुराने शहर और नए शहर के क्षेत्रों में अमृत योजना 2.0 के तहत चल रहे सीवेज और पाइपलाइन निर्माण कार्यों की वजह से आम लोगों को हो रही परेशानियां बढ़ गई हैं। मानसून के दौरान इस तरह की लापरवाही लोगों के लिए परेशानी बनी हुई है।

**ठेकेदार निकाली गई मिट्टी से नाली को भर रहा, लोग हो रहे परेशान**

**एमपी नगर जोन 2 में एक हफ्ते से सड़क से आवाजाही बंद**

### एमपी नगर में 40 करोड़ रुपए लागत वाली सीसी सड़कें खोदीं


कॉलोनियों में सड़क को खोदा जा रहा है।

शहर के व्यापारिक केंद्र एमपी नगर में करीब 40 करोड़ रुपए से बनीं सीसी सड़कें सीवेज लाइन और चैंबर बनाने के लिए खोदी जा रही हैं, लेकिन इससे लोगों की आवाजाही मुश्किल भरी हो गई है। एमपी नगर जोन—2 में तो एक हफ्ते से एक सड़क से आवाजाही बंद है। यहां लाइनें बिछाने और उसे चैंबर से कनेक्ट करने का काम चल रहा है। लोगों का कहना है कि लाइनें बिछाने के बाद सड़कों पर रेस्टोरेशन करवाया जाए, जिससे पहले जैसी बनी मजबूत सड़क खराब न हो।

### शहर के अलग अलग क्षेत्रों में बनेंगे 10 हजार चैंबर

इस योजना के तहत शहर में सीवेज, पानी सहित अन्य बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार होगा। करीब 155 करोड़ के इस प्रोजेक्ट के तहत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, ओवरहैड टैंक जैसे काम होना हैं। 2028 तक इस योजना को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए शहर भर में करीब दस हजार नए चैंबर बनाए जाएंगे।

### नगर निगम का अमला भी नहीं दे रहा ध्यान

शहर भर की कॉलोनियों में बारिश के दौरान चार फीट गहरी नाली खोदने की वजह से रहवासियों और वाहन चालकों को कीचड़ की वजह से परेशान होना पड़ रहा है। निगम के अफसर दावा कर रहे हैं कि ठेकेदार रेस्टोरेशन करेगा, लेकिन नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन की अफसरों पर पकड़ नहीं होने से नगर निगम का अमला इधर मुड़कर भी नहीं देख रहा है। कमिश्नर को भी लोग ढेरों शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कमिश्नर भी परेशानी पर ध्यान नहीं दे रही हैं।

### काम पूरा होते ही शुरू होगा रेस्टोरेशन

शहर के बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने की योजना पर काम चल रहा है। जैसे-जैसे काम पूरा होगा सड़कों का रेस्टोरेशन होगा। यह टेंडर की शर्तों में शामिल है। जोन स्तर पर इंजीनियर भी निर्माण कार्य पर नजर रखे हुए हैं।

**राजेंद्र त्रिवेदी, प्रभारी कार्यपालन यंत्री सीवेज**

## बालिका अपहरण केस में एफआईआर निरस्त करने से इनकार

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राजधानी भोपाल के बागसेवनिया थाना क्षेत्र में नौ वर्षीय बालिका के कथित अपहरण मामले की एफआईआर निरस्त करने की मांग नामंजूद कर दी। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच ने साफ किया कि एफआईआर और विवेचना में एकत्र साक्ष्यों से भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत प्रथमदृष्ट्या अपराध बनता है। इसलिए अंतर्निहित अधिकारों का प्रयोग कर एफआईआर निरस्त नहीं की जा सकती। याचिकाकर्ता बबलू सेन ने बीएनएसएस की धारा 528 के तहत याचिका दायर कर दावा किया था कि उसने बालिका का अपहरण नहीं किया, बल्कि केवल रास्ता पूछने के बाद उसे मंदिर के पास उतार दिया था। बबलू सेन ने दावा किया कि उसने पुरानी रंजिश में झूठा फंसाने का आरोप भी लगाया। इसके बाद सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और शिकायतकर्ता ने विरोध करते हुए बताया कि बालिका को बिना अभिभावक की अनुमति कार में ले जाया गया। धारा 161 व 164 के बयानों में भी आरोपों की पुष्टि हुई है। विवेचना पूरी होने के बाद चालान पेश हो चुका है, इसलिए मध्यप्रदेश कोर्ट ने याचिका निरस्त कर दी।

### आगर मालवा से खरीदी थी पिस्टल

## लोन दिलाकर फंसाता था शशिकांत फिर प्रॉपर्टी बेचने पर करता मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रिटायर्ड दंपती की हत्या करने वाला हत्यारा शशिकांत अपने भाई श्रीकांत के साथ आगर मालवा से पिस्टल खरीदकर लाया था। उसे अनुमान था कि बुजुर्ग दंपती जल्द ही जलबसेंगे और छलपूर्वक बनाया गए रजिस्टर्ड दानपत्र से डेढ़ करोड़ का मकान उसका हो जाएगा।

एक साल बीत गए, लेकिन दंपती को कुछ नहीं हुआ। इधर, पंद्रह लाख रुपए रजिस्टर्ड दानपत्र बनाने में लग गए थे। अपने पंद्रह लाख निकालने और मकान का अधिकार पाने की नियत से उसने अपने भाई को हत्याकांड में शामिल कर लिया। 40 साल का प्रॉपर्टी ब्रोकर श्रीकांत चिचलिया, बिडसर पाम कॉलोनी, कजलीखेड़ा में रहता है। वह शाहपुरा का निगरानी बदमाश है। सीसीटीवी कैमरे में वह अपने भाई शशिकांत चिचलिया (35) साथ घटनास्थल के आसपास नजर आया था। शशिकांत बिडसर पाम कॉलोनी, कजलीखेड़ा में रहता है ओर फिजियोथेरिपिस्ट की पढ़ाई कर रहा है। श्रीकांत से पूछताछ में पता चला कि वह शकुंतला फिलेमोन की भाभी शिवानी को लोन दिला चुका था। शिवानी के संपर्क में होने के कारण वह फिलेमोन दंपती के संपर्क में आ गया। आरोपी बुजुर्गों को निशाने पर रखता था और उन्हें जरूरत पढ़ने पर लोन दिलाकर प्रॉपर्टी बेचने के लिए मजबूर कर देता था।

### दंपती के छलपूर्वक कराए दानपत्र में हस्ताक्षर

फिलेमोन दंपती इटारसी वाले प्लॉट को बेचने के लिए श्रीकांत चिचलिया से मिले थे। इस कारण श्रीकांत का उनके घर आना जाना हो गया था। किसी पार्टी को उक्त प्लॉट बेचना था। इसके लिए श्रीकांत ने एग्रीमेंट करा लिया। इसी बीच श्रीकांत को पता चला कि दंपती की कोई संतान नहीं है। वह कहने लगा कि प्लॉट का एग्रीमेंट आईएसबीटी पर रजिस्टर्ड कराना है। लिहाजा वह दंपती को आईएसबीटी लेकर पहुंचा और छलपूर्वक दानपत्र पर हस्ताक्षर करा लिए। दानपत्र में श्रीकांत ने प्रॉपर्टी अपने नाम करा ली थी। फिलेमोन दंपती की मौत के बाद प्रॉपर्टी श्रीकांत की हो जाती। उसने दानपत्र बनाने में डेढ़ करोड़ की संपत्ती पर पंद्रह लाख रुपए खर्च कर दिए थे। उसे फिलेमोन दंपती के मरने का इंतजार था।

### 160 मतदान केंद्र पर 5 हजार 700 अधिवक्ता करेंगे मतदान

## जिला अभिभाषक संघ के चुनाव में आज होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला अभिभाषक संघ के द्विवार्षिक चुनाव का मतदान गुरुवार को जिला न्यायालय परिसर में बनाए गए मतदान केंद्रों पर प्रातः 800 बजे से शाम 5:30 बजे तक किया जाएगा। चुनाव निगरानी न्यायाधीश और बार कौंसिल के पर्यवेक्षकों करेंगें।



जिला अभिभाषक संघ के मीडिया प्रभारी खालिद हफीज ने बताया कि मतदान के लिए 160 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। बरसात के मौसम को देखते हुए मतदान के लिए 35 हजार स्क्वायर फिट का वाटर पुरूफ पंडाल लगाया गया है। चुनाव प्रक्रिया का सीधा प्रसारण किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वोटिंग के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। यातायात व्यवस्था के लिए यातायात पुलिस के कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी वासू वासवानी के नेतृत्व में लगभग डेढ़ सौ अतिरिक्त और सहायक चुनाव अधिकारी मतदान प्रक्रिया में तैनात किए गए हैं। मतदान के दौरान मतदाताओं को स्टेट बार काउंसिल जबलपुर या जिला अभिभषक संघ का परिचय पत्र दिखाना अनिवार्य किया गया है। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर संतोष शर्मा और देवेंद्र रावत के बीच कड़ा मुकाबला होगा।

### निगम व मलेरिया विभाग की संयुक्त टीम ने चलाया अभियान

## शहर में छह स्थानों पर मिला डेंगू लार्वा: होटल, रेस्टोरेंट, सर्विस स्टेशन और घरों में पानी की टंकियों, कूलरों की टीमों ने की जांच

**सर्विस सेंटर पर लार्वा मिलने पर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में डेंगू, चिकनगुनिया और अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर निगम ने बुधवार को विशेष अभियान चलाया। निगम के स्वास्थ्य विभाग और मलेरिया विभाग की संयुक्त टीम ने घरों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में डेंगू लार्वा की जांच की। अभियान के दौरान वार्ड-66 स्थित एक सर्विस स्टेशन सहित अन्य स्थानों पर डेंगू का लार्वा मिलने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2,500 रुपए का स्पॉट फाइन वसूला गया।

निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर जोन-15 के वार्ड-64 और 66 में जांच अभियान चलाया गया। टीम ने आवासीय परिसरों के साथ-साथ होटल, रेस्टोरेंट, सर्विस स्टेशन और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में पानी की टंकियों, कूलरों, गमलों और अन्य जलभराव वाले स्थानों की जांच की, ताकि मच्छरों के लार्वा का समय रहते पता लगाया जा सके। निरीक्षण के दौरान वार्ड-66 स्थित एक सर्विस स्टेशन में डेंगू का लार्वा मिलने पर संचालक से 2,000 रुपए का स्पॉट फाइन वसूला गया। इसके अलावा पांच अन्य स्थानों पर भी लार्वा मिलने पर 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी स्थानों पर तत्काल लार्वा का नष्टिकरण भी कराया और संबंधित लोगों को भविष्य में जलभराव नहीं होने देने तथा नियमित सफाई रखने की हिदायत दी।


डेंगू लार्वा के लिए जांच करता अमला।

### 19 प्रकरण में 7200 स्पॉट फाइन वसूला

नगर निगम के अनुसार अभियान के दौरान कुल 19 प्रकरणों में विभिन्न नियमों के उल्लंघन पर 7,200 रुपए का स्पॉट फाइन भी वसूला गया। निगम का कहना है कि बारिश के मौसम में डेंगू और चिकनगुनिया के खतरे को देखते हुए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### आरबीआई कॉलोनी के सामने हादसा

## मंत्रालय के उप सचिव की होंडा सिटी में कार ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित आरबीआई कॉलोनी के सामने तेज रफ्तार कार के चालक ने मंत्रालय के उप सचिव की होंडा सिटी कार में टक्कर मार दी। हादसे के बाद उप सचिव कार से उतरकर कार चालक के पास पहुंचे वह अत्यधिक शराब के नशे में था। उप सचिव उसे लेकर थाने पहुंचे और उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस के अनुसार नीरज कुमार मरावी (55) ई 101/7 शिवाजी नगर में रहते हैं और मंत्रालय में उप सचिव मध्य प्रदेश शासन वित्त विभाग वल्लभ भवन में पदस्थ हैं। मंगलवार रात करीब पौने दस बजे वह अपनी होंडा सिटी कार से युरोलोजी स्टपेशिलिस्ट अस्पताल के मेडिकल से दवाई लेकर घर लौट रहे थे। आरबीआई कॉलोनी के सामने मुख्य सड़क पर पहुंचते ही पीछे से आ रही कार के चालक ने अपनी कार को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी होंडा सिटी कार में पीछे से टक्कर मार दी। नीरज कुमार कार से उतर कर बाहर आए और कार आरोपी कार चालक से उसका नाम पूछा। उसने अपना नाम सुनील सराठे बताया है। नीरज मरावी का कहना है कि आरोपी कार चालक अत्यधिक शराब के नशे में था। वह अपनी कार से बाहर निकल आया और लड़खड़ा कर चल रहा था। नीरज मरावी की होंडा सिटी में टक्कर लगने से पीछ की डिग्गी, पीछला बंपर और टेल लाइट क्षतिग्रस्त हुआ है। गनीमत रही कि हादसे में उन्हें चोट नहीं आई।

### एनसीआईएसए ने जारी किया सर्कुलर पत्र

## अब 10 वर्षों में ही पूरी करनी होगी बीएएमएस आयुर्वेद डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुर्वेद कॉलेजों का पाठ्यक्रम तैयार करने से लेकर मान्यता पत्र जारी करने वाला भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली (एनसीआईएसएम) ने सभी भ्रांतियों को दूर करते हुए 10 वर्ष के भीतर ही बीएएमएस आयुर्वेद डिग्री पूरी करनी होगी। आयोग के सचिव सच्चिदानंद प्रसाद ने सर्कुलरपत्र जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि प्रथम, द्वितीय, तृतीय व्यावसायिक परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के प्रयासों की संख्या और समय सीमा में संबंधित प्रतिबंधों में ढील दी गई है।

फिर भी समग्र रूप से बीएएमएस पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए वर्ष 2022 के विनियमों के तहत अधिकतम दस वर्ष की अवधि लागू होगी। यानी छात्र को दस वर्ष की अवधि के भीतर स्नातक बीएएमएस की डिग्री पूरी करनी होगी। अनिवार्य इंटर्नशिप में शामिल होने के लिए प्रवेश तिथि से लेकर अधिकतम दस वर्षों के भीतर बीएएमएस की सभी व्यावसायिक परीक्षाओं को उत्तीर्ण करना होगा।

### नियम सभी शासकीय एवं निजी आयुर्वेद कॉलेजों पर लागू होगा

एनसीआईएसएम के सदस्य डॉ. अतुल बी वार्ष्णेय ने कहा कि संबंधित आदेश समस्त राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों के आयुर्वेद से जुड़े हेल्थ सचिवों, समस्त विश्वविद्यालय रजिस्टार्स को तथा देशभर के आयुर्वेद कॉलेजों के निदेशक, प्राचार्यों व डीन को भी भेज दिया गया है। यह नियम सभी शासकीय व निजी आयुर्वेद कॉलेजों पर लागू होगा। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने समस्त आशंकाओं को दूर करने पर आयोग के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही आयोग से मांग की है कि छात्र जिन्होंने 10 वर्षों में भी डिग्री उत्तीर्ण नहीं की है और केवल एक या दो विषयों में ही अनुत्तीर्ण हैं, उन्हें भी पास होने के लिए केवल एक अतिरिक्त अटेम्प्ट दिया जाए ताकि उनका भविष्य सुरक्षित रह सके।




### प्रदेश में तीसरा दिन भी रहा सूखा, तीखी धूप ने कराया गर्मी का अहसास

**कम बारिश का आंकड़ा बुधवार को बढ़कर 11% हुआ**

## जुलाई में मई जैसी तीखी धूप, सतना दतिया में पारा पहुंचा 36 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में पिछले तीन दिन से बारिश गायब है, जिसकी वजह से दिन और रात के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। हालात यह हैं कि जुलाई में लोगों को मई जैसी तीखी धूप का अहसास हो रहा है। बुधवार को भोपाल में सुबह से ही गर्मी सीजन जैसी धूप निकली। शहर में दिन के समय पारा बढ़कर 33.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जबकि दो दिन पहले यह 31 डिग्री के आसपास चल रहा था। इधर जबलपुर, रीवा और पचमढ़ी में हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन सतना में तापमान 36.5 डिग्री के साथ सबसे अधिक रिकऑर्ड किया गया। दतिया में भी पारा 36.4 डिग्री दर्ज किया गया।



### बारिश का औसत आंकड़ा गिरा

पूरे प्रदेश में यह लगातार तीसरा दिन है, जब कहीं भी अच्छी बारिश नहीं हुई है। मानसूनी सीजन में बारिश नहीं होने से औसत बारिश का ग्राफ तेजी से नीचे आ रहा है। मंगलवार को जो बारिश का आंकड़ा औसत से 7 प्रतिशत कम था, वह बुधवार को बढ़कर 11 प्रतिशत कम हो गया है।

### शनिवार से होगी कुछ जिलों में बारिश

मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा का 'हरिभूमि' से कहना है कि अगले तीन-चार दिनों में उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश पर ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा बना हुआ है, जिससे बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर सक्रिय है। इसके असर से 18 और 19 जुलाई को शहडोल, अनूपपुर, रीवा और सीधी जैसे पूर्वी इलाकों में बारिश हो सकती है, जबकि पश्चिमी प्रदेश में बारिश के लिए एक हफ्ते का इंतजार करना पड़ेगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930